* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

10 अक्टूबर, 2023
अश्विन, शुक्ल पक्ष, एकादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 350

सिफर मामले में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान दोषी करार, 17 अक्टूबर को सजा का एलान












मुख्यमंत्री ने सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का किया शिलान्यास

# गंगा नदी का पानी खेतों तक पहुंचेगा : हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि हर खेत को मिले पानी। इसी प्रतिबद्धता के साथ हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी का एक हिस्सा बनने जा रही है, सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना। इस सिंचाई योजना में भूमिगत पाइपलाइन के जरिये खेतों में पटवन का पानी पहुंचेगा और फसलें लहलहायेंगी। मुख्यमंत्री सोमवार को देवघर जिले के सारठ प्रखंड में सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना के शिलान्यास समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आनेवाले दिनों में किसान टांड़ में भी सालों भर खेती कर सकेंगे, क्योंकि सरकार यहां भी सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने की दिशा में काम कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमेशा यह बात सुनने को मिलती थी कि झारखंड के डैम, बराज और वॉटर रिजर्वॉयर के पानी का इस्तेमाल झारखंड के किसान नहीं बल्कि दूसरे राज्यों के द्वारा किया जा रहा है। ऐसे में यहां के पानी का इस्तेमाल यहां के लोग करें, इस दिशा में कार्य योजना बना कर उसके क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। आनेवाले दिनों में गंगा नदी का पानी भी पाइपलाइन के जरिये खेतों में पहुंचेगा। इस अवसर पर कृषि मंत्री बादल, पर्यटन, कला - संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री हफीजुल हसन, विधायक इरफान अंसारी के अलावा वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

(संबंधी खबर पेज 03)



### पानी का समुचित इस्तेमाल हो सकेगा

हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार सिंचाई परियोजनाओं के लिए नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल करने पर विशेष जोर दे रही है। मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना के तहत भूमिगत पाइपलाइन के जरिये नदी, डैम और बराज का पानी खेतों में पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे इस बात की खुशी है कि इसी स्थान पर वर्ष 2013-14 में मैंने अजय बराज का उद्घाटन किया था।

## विरोधी भेड़िए की तरह, एक साथ आते हैं हमला करने: सीएम

देवघर (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना के शिलान्यास मौके पर विपक्षी दलों पर जम कर बरसे। उन्होंने कहा कि विरोधी भेड़िए की तरह हैं। एक साथ आते हैं हमला करने। वे जानते हैं कि मुख्यमंत्री को अकेले पटकना आसान नहीं है। मुझे भ्रष्टाचारी बताया जाता है। कभी -कभी दुख होता है। हिंदू-मुस्लिम करने से पेट भरता है क्या? विपक्ष के पास जाति, धर्म के अलावा कुछ नहीं है।



विपक्ष के बहकावे को नजरअंदाज करके देखिए। ये लोगों को लड़ायेंगे, वहीं राजनीतिक रोटी सेकेंगे। झारखंड के लोग एक साथ रहे हैं, एकजुट रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में लगभग 70 फीसदी से अधिक लोग खेती से जुड़े हैं। मैं समझ नहीं पाता कि अब तक की सरकार ने इन लोगों को नजरअंदाज कैसे कर दिया, यह विचित्र है। अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनता से आपकी शिकायत नहीं आनी चाहिए। हमारा राज्य गुजरात और महाराष्ट्र से भी आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें विरोधी भ्रष्टाचारी बता रहे हैं। कोई अपने घर में चोरी करता है क्या। डबल इंजन की सरकार वालों ने डबल खाया। क्यों बुजुर्गों को पेंशन नहीं मिली। गरीब और विधवाओं की आंख का पानी पुरानी सरकार ने नहीं पोछा। विधवा के लिए भी पुरानी सरकार ने उम्र तय कर रखी थी। हमने उम्र सीमा हटायी। कौन तय करेगा कि कौन कब विधवा होती है। इसके लिए कोई उम्र होती है क्या। घटना कभी भी घट सकती है। हम प्रचार प्रसार में कमजोर लोग हैं। हम काम करने में, मेहनत करने में विश्वास रखते हैं। यही वजह है कि राज्य में बुजुर्ग और हर विधवा महिला को पेंशन मिल रही है। साल में हर गरीब को धोती, साड़ी और लूंगी मिल रहा है। बच्चियां बोझ नहीं हैं। उनकी हर जिम्मेदारी सरकार के कांधे पर है। लक्ष्मीबाई फूले योजाना का लाभ बच्चियों को मिल रहा है। अपने बाल बच्चों को पढ़ायें, ताकि इस राज्य के लोगों को कोई बेवकूफ ना समझे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने किसानों को समाप्त करने की साजिश रची है। आपने देखा होगा कि देश की राजधानी में किसानों ने एक साल तक विरोध प्रदर्शन किया। अगर आज वह कानून लागू हो जाता, तो इतने किसान हाथ खड़ा कर यह बताने की स्थिति नहीं होते कि वे खेती से जुड़े हैं।

# पांच राज्यों में बज गया चुनावी बिगुल

मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में होंगे चुनाव

7 से 30 नंवबर के बीच मतदान, नतीजे 3 दिसंबर को

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देश में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया। चुनाव आयोग ने सोमवार को मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया। इन राज्यों में चुनावी प्रक्रिया 27 दिन चलेगी। सबसे पहले मिजोरम में 7 नवंबर को मतदान होगा। इसके बाद मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को मतदान होगा। छत्तीसगढ़ में दो चरणों में 7 नवंबर और 17 नवंबर को वोटिंग होगी। फिर 23 नवंबर को राजस्थान और 30 नवंबर को तेलंगाना में वोट डाले जायेंगे। सभी पांच राज्यों में एक साथ 3 दिसंबर को रिजल्ट आयेंगे। मध्यप्रदेश में अभी भाजपा सत्ता में है, तो राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है। तेलंगाना में केसीआर की पार्टी बीआरएस की, तो वहीं मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट सत्ता में है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेस में बताया कि इन राज्यों में कुल 16.14 करोड़ मतदाता हैं। इनमें 8.2 करोड़ पुरुष, 7.8 करोड़ महिला मतदाता हैं। इस बार 60.2 लाख नये मतदाता है, जो पहली बार वोट डालेंगे। इनकी उम्र 18 से 19 साल के बीच है। 15.39 लाख मतदाता ऐसे हैं, जो 18 साल पूरे करने जा रहे हैं और जिनकी एडवांस एप्लिकेशन प्राप्त हो चुकी हैं।

### चुनाव में खास, एक नजर में

- पांच राज्यों की 679 विधानसभा सीटों के लिए 1.77 लाख पोलिंग स्टेशन बनाये गये हैं।
- 17734 मॉडल बूथ, 621 पोलिंग बूथों को दिव्यांग कर्मचारी मैनेज करेंगे।
- 8192 पोलिंग बूथों पर महिलाएं कमान संभालेंगी।
- 1.01 लाख पोलिंग बूथ पर वेबकास्टिंग होगी।
- आदिवासियों के स्पेशल बूथ होंगे। 2 किलोमीटर के अंदर पोलिंग बूथ होंगे।
- सी विजिल ऐप से चुनावी गतिविधियों पर नजर रखी जायेगी। लोग ऐप के जरिये शिकायत कर सकेंगे।

### मध्यप्रदेश : 230 सदस्यीय विधानसभा

मतदान 17 नवंबर
अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी होगी
नामांकन की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर
नामांकन पत्रों की जांच 31 अक्टूबर
नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 2 नवंबर
कुल 5.6 करोड़ मतदाता

### मिजोरम : 40 सदस्यीय विधानसभा

7 नवंबर को मतदान
13 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की होगी
20 अक्टूबर को नामांकन दाखिल किये जा सकेंगे
नामांकन पत्रों की जांच 21 अक्टूबर
23 अक्टूबर नामांकन पत्र वापसी
कुल 8.52 लाख मतदाता

### तेलंगाना : 119 सदस्यीय विधानसभा

3 नवंबर को अधिसूचना जारी होगी
10 नवंबर तक नामांकन दाखिल किये जा सकेंगे
नामांकन पत्रों की जांच 13 नवंबर को
15 नवंबर तक नामांकन वापसी
30 नवंबर को मतदान
कुल 3.17 करोड़ मतदाता

### राजस्थान: 200 सदस्यी विधानसभा

मतदान 23 नवंबर
चुनाव की अधिसूचना 30 अक्टूबर को जारी होगी
6 नवंबर तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे
7 नवंबर को नामांकन की जांच होगी
नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 9 नवंबर
कुल 5.25 करोड़ मतदाता

### छत्तीसगढ़ : 90 सदस्यी विधानसभा

मतदान 7 और 17 नवंबर
पहले चरण लिए 13 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी
20 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल किये जा सकेंगे
नामांकन पत्रों की जांच 21 अक्तूबर को की जायेगी।
23 अक्तूबर तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे।
दूसरे चरण के लिए 21 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी
30 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल किये जा सकेंगे
31 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी
2 नवंबर तक नामांकन पत्र वापस लिये जा सकेंगे
कुल 2.03 करोड़ मतदाता

# देश के भविष्य के लिए जातीय जनगणना जरूरी: राहुल

जाति आधारित गणना के बाद आर्थिक सर्वेक्षण भी

जहां जीतेंगे वहां भी हागी जातीय जनगणना

आजाद सिपाही संवाददाचा

**नयी दिल्ली।** पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की तारीखों के बीच कांग्रेस कार्यसमिति की भी बैठक हुई है। बैठक के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रेस को



संबोधित किया। कहा कि चार घंटे हमारी जातीय जनगणना पर चर्चा हुई। एक ऐतिहासिक निर्णय कांग्रेस कार्यसमिति ने लिया है और आम सहमति से लिया है। कमरे में कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं था, जिसने अपना पूरा समर्थन जातीय जनगणना की अवधारणा को न दिया हो। यह काफी खुशी की बात है। हमारे यहां मुख्यमंत्री बैठे हैं। हमारे मुख्यमंत्रियों ने भी फैसला लिया है कि वे भी राजस्थान, कर्नाटक, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश में जातीय जनगणना को आगे बढ़ायेंगे। राहुल गांधी ने आगे कहा, हिंदुस्तान के भविष्य के लिए जातिगत जनगणना जरूरी है। जातिगत जनगणना के बाद विकास का एक नया रास्ता खुलेगा। कांग्रेस पार्टी इस काम को पूरा करके ही छोड़ेगी। याद रखिए, जब जो हम वादा करते हैं, उसे तोड़ते नहीं हैं। राहुल ने कहा कि आज दो हिंदुस्तान बन रहे हैं। एक अडाणी वाला, दूसरा सबका। इसलिए हम जाति आधारित गणना के बाद आर्थिक सर्वेक्षण' भी करायेंगे।

# राज्य में अपराध पीड़ित महिलाओं को नहीं मिल रहा है मुआवजा

जानकारी के अभाव और प्रक्रियागत जटिलताओं के कारण नहीं मिल पाता है लाभ

अजय शर्मा

**रांची।** झारखंड सरकार ने अपराध पीड़ित महिलाओं के लिए मुआवजे का प्रावधान कर रखा है, लेकिन इसे विडंबना ही कहा जा सकता है कि अब तक इसका लाभ किसी को नहीं मिला है। दरअसल, लोगों को न तो इस प्रावधान के बारे में विस्तार से पता है और न ही इसका समुचित प्रचार-प्रसार किया गया है। इसके अलावा मुआवजा पाने की प्रक्रिया को इतना जटिल बनाया गया है कि लोग इसमें उलझना नहीं चाहते हैं।

**क्या है पूरा मामला :** झारखंड सरकार के गृह विभाग ने पहली बार तीन अगस्त, 2012 को झारखंड पीड़ित मुआवजा योजना के नाम से एक नियम बनाया। इसमें विभिन्न अपराधों के पीड़ितों के लिए मुआवजे की राशि निर्धारित की गयी थी। उसके बाद 29 सितंबर, 2016 को इसे संशोधित किया गया और इसका नाम झारखंड पीड़ित प्रतिकर (संशोधन) स्कीम रखा गया। इसके बाद 30 जुलाई, 2019 को इसे सुप्रीम कोर्ट द्वारा निपुण सक्सेना बनाम भारत सरकार और अन्य के मामले में 11 मई और 25 जुलाई, 2018 को पारित आदेश के आलोक में एक बार फिर संशोधित किया गया।

### काफी जटिल है मुआवजा पाने की प्रक्रिया

इस प्रावधान में मुआवजा पाने की जो प्रक्रिया तय की गयी है, वह बेहद जटिल है। पहली शर्त यह है कि घटना के 48 घंटे के भीतर इसकी सूचना पीड़ित द्वारा संबंधित थाने या मजिस्ट्रेट को दी जानी चाहिए। वहां से दो महीने के भीतर जांच पूरी तक उसे संबंधित जिला विधिक सहायता प्राधिकार को भेजा जाना चाहिए, जिसकी रिपोर्ट मिलने पर ही पीड़ित को मुआवजा राशि का भुगतान किया जायेगा। इतना ही नहीं, एक शर्त यह भी है कि मामले का अंतिम निष्पादन होने तक पीड़ित हमेशा पुलिस और सरकार का सहयोग करेगी।

### किस अपराध में पीड़िता को कितना मुआवजा

| अपराध | न्यूनतम राशि | अधिकतम राशि |
|---|---|---|
| मौत | 05 लाख | 10 लाख |
| गैंगरेप | 05 लाख | 10 लाख |
| रेप | 04 लाख | 07 लाख |
| अप्राकृतिक यौनाचार | 04 लाख | 07 लाख |
| शरीर के किसी अंग का नुकसान | 01 लाख | 04 लाख |
| पुनर्वास के लायक शारीरिक या मानसिक नुकसान | 01 लाख | 02 लाख |
| यौनाचार के कारण भ्रूण या प्रजनन क्षमता का नुकसान | 02 लाख | 03 लाख |
| रेप के कारण गर्भाधान | 03 लाख | 04 लाख |
| जलाये जाने के कारण चेहरे को नुकसान | 07 लाख | 08 लाख |
| जलाये जाने के कारण स्थायी विकलांगता | 02 लाख | 08 लाख |
| एसिड हमले के कारण चेहरे का नुकसान | 07 लाख | 08 लाख |
| एसिड हमले के कारण स्थायी विकलांगता | 02 लाख | 08 लाख |

## न्यूज रील्स

### 11 को मिशनरी स्कूलों में अवकाश

रांची । कार्डिनल तेलेस्फोर टोप्पो का पार्थिव शरीर 11 अक्टूबर को संत मरिया महागिरजा घर में दफनाया जायेगा। इसको लेकर झारखंड के सभी मिशनरी स्कूलों में 11 अक्टूबर को छुट्टी की घोषणा की गयी है।

### गठबंधन मजबूत है : येचुरी


पटना। सोमवार को पटना माकपा के राष्ट्रीय महासचिव सीताराम येचुरी ने केंद्र सरकार में जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन मजबूत है। देखने वाले देखते रहेंगे। हमें देश के लोगों की चिंता है।

### शाहरुख को मिली सुरक्षा

मुंबई। बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान को मुंबई पुलिस ने वाई+ सिक्योरिटी दी है। शाहरुख को जान से मारने की धमकी मिली है।

### क्लॉडिया को नोबेल

नयी दिल्ली। अमेरिका की क्लॉडिया गोल्डिन को इकोनॉमिक्स का नोबेल प्राइज मिला है। उन्हें मार्केट में महिलाओं के कामकाज और उनके योगदान को बेहतर तरह से समझाने के लिए ये सम्मान दिया गया है। कमेटी ने लेबर मार्केट में गोल्डिन के रिसर्च को बेहतरीन माना है। भारत में यह सम्मान अमर्त्य सेन को मिल चुका है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 54,500 रु./10 ग्राम
चांदी 73,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 10 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in


# बज गया सत्ता संग्राम के सेमीफाइनल का बिगुल

## ■ पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के एलान के साथ सियासी माहौल गरमाया

## ■ भाजपा-कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा का मुकाबला है विधानसभा चुनाव का यह दौर

**आजाद सिपाही विशेष**

**देश के पांच राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनावों का एलान कर दिया गया है। इसके साथ ही देश का सियासी माहौल अचानक गरमा गया है। पांच राज्यों में होनेवाले विधानसभा चुनावों का यह दौर अगले साल होनेवाले आम चुनाव का सेमीफाइनल है। इन पांच राज्यों में 16 करोड़ से अधिक वोटर हैं और विधानसभा की कुल सीटें 679 हैं। लेकिन इससे जरूरी जानकारी यह है कि इन चुनावों में भाजपा और कांग्रेस के नेतृत्व में संयुक्त विपक्ष, दोनों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। जहां तक इन पांच राज्यों की वर्तमान स्थिति का सवाल है, तो इनमें से केवल मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार है, जबकि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सत्ता में है। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति और मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट की सरकार है। इस तरह देखा जाये, तो विधानसभा चुनावों का यह दौर भाजपा से अधिक कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा बचानेवाला है। लेकिन हकीकत यही है कि इन चुनावों का परिणाम ही अगले लोकसभा चुनाव के लिए मुकाबले का मैदान और संभावित परिणाम तय करेगा। इसलिए इस चुनाव को सत्ता के संग्राम का सेमीफाइनल कहा जा रहा है। इन पांच राज्यों में अब से 55 दिन बाद नयी सरकार सत्ता संभाल लेगी, लेकिन इसका असर अगले छह महीने तक रहेगा। क्या है इन पांच राज्यों का चुनावी परिदृश्य और सियासी माहौल, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

हिंदी पट्टी के तीन राज्यों समेत पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम चुनाव आयोग ने घोषित कर दिया है। मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में कुल 16.14 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे।

इनमें 8.32 करोड़ पुरुष और 7.82 करोड़ महिलाएं होंगी। इस बार 60.2 लाख नये मतदाता पहली बार वोट डालेंगे। इन पांचों राज्यों में कुल 679 विधानसभा सीटें हैं। मध्यप्रदेश में इस वक्त भाजपा की सरकार है। वहीं, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस शासन में है। तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव की भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस की सरकार है। मिजोरम में जोरमथंगा की मिजो नेशनल फ्रंट सत्ताधारी पार्टी है।

### मध्यप्रदेश में भाजपा की प्रतिष्ठा दांव पर

मध्यप्रदेश में विधानसभा की 230 सीटें हैं। वहां पिछला विधानसभा चुनाव 28 नवंबर 2018 को हुआ था। उस समय कुल 2899 उम्मीदवार मैदान में थे। राज्य में करीब 5.38 करोड़ मतदाता थे। करीब 74 प्रतिशत मतदान हुआ था। चुनाव नतीजे 11 दिसंबर को आये थे। 230 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस को बहुमत से दो कम 114 सीटें मिली थीं। वहीं, भाजपा 109 सीटों पर आ गयी। यह भी दिलचस्प था कि भाजपा को 41 फीसदी वोट मिले, जबकि कांग्रेस को 40.9 प्रतिशत वोट मिला था। बसपा को दो, जबकि अन्य को पांच सीटें मिलीं। नतीजों के बाद कांग्रेस ने बसपा, सपा और अन्य के साथ मिल कर सरकार बनायी। इस तरह से राज्य में 15 साल बाद कांग्रेस के नेतृत्व में सरकार बनी और कमलनाथ मुख्यमंत्री बने। करीब 15 महीने बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने बगावत कर दी। इसके बाद कमलनाथ की सरकार गिर गयी और शिवराज सिंह चौहान एक बार फिर सीएम बने। यदि इस बार मध्यप्रदेश विधानसभा की बात करें, तो इसकी तैयारियां जोरों पर हैं। राज्य में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। इसमें करीब 17 लाख मतदाता बढ़े हैं। प्रदेश में सामान्य मतदाताओं की संख्या पांच करोड़ 60 लाख 60 हजार 925 हो गयी है। इस बार चुनाव में एक हजार पुरुषों पर 945 महिला मतदाता हैं। विधानसभा चुनाव के लिए सत्ताधारी पार्टी भाजपा ने अब तक 79 उम्मीदवार घोषित कर दिये हैं। वहीं अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप ने भी अपने 39 प्रत्याशी घोषित किये हैं। कांग्रेस ने अब तक कोई सूची नहीं जारी की है।




| राज्य | मतदान | मतदाता | सीटें | बहुमत |
|---|---|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | 17 नवंबर | 5.6 करोड़ | 230 | 116 |
| राजस्थान | 23 नवंबर | 5.25 करोड़ | 200 | 101 |
| छत्तीसगढ़ | 7, 17 नवंबर | 2.03 करोड़ | 90 | 46 |
| मिजोरम | 7 नवंबर | 8.52 लाख | 40 | 21 |
| तेलंगाना | 30 नवंबर | 3.17 करोड़ | 119 | 60 |

नतीजे : 3 दिसंबर

### राजस्थान में कांटे की टक्कर के आसार

राजस्थान की दो सौ सदस्यीय विधानसभा के लिए पिछला चुनाव 28 नवंबर 2018 को संपन्न हुआ था। उस चुनाव के लिए कुल 2294 उम्मीदवार मैदान में थे। राज्य में प्रति निर्वाचन क्षेत्र में औसतन 11 प्रत्याशी मैदान में थे। मतदान करनेवाले मतदाताओं की संख्या 3.54 करोड़ के करीब थी। कुल मतदान 74.06 फीसदी हुआ था। चुनाव नतीजे 11 दिसंबर को घोषित किये गये थे। अलवर की रामगढ़ सीट छोड़ कर बाकी 199 सीटों पर मतदान हुआ। रामगढ़ सीट पर बसपा के प्रत्याशी लक्ष्मण सिंह के निधन के कारण चुनाव स्थगित हो गया था। इस चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा को पटखनी देते हुए 99 सीटें जीतीं। इसके साथ ही प्रदेश में हर पांच साल में सत्ता परिवर्तन का रिवाज कायम रहा। भाजपा को 73, मायावती की पार्टी बसपा को छह तो अन्य को 20 सीटें मिलीं। कांग्रेस को बहुमत के लिए 101 विधायकों की जरूरत थी। कांग्रेस ने निर्दलीयों और अन्य की मदद से जरूरी आंकड़ा जुटा लिया। इसके साथ ही राज्य की सत्ता में वापसी की और अशोक गहलोत मुख्यमंत्री बने।

अब 2023 में चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो चुकी हैं। राज्य में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। इस बार 5.27 करोड़ मतदाता हैं। राज्य में 601 मतदान केंद्र नये बनाये गये हैं और 32 मतदान केंद्रों का समायोजन किया गया है। 569 मतदान केंद्र बढ़ाये गये हैं। मतदान केंद्र की संख्या 51 हजार 187 से बढ़ कर 51 हजार 756 हो गयी है। यहां इस बार कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है, क्योंकि राज्य में हर पांच साल बाद नयी पार्टी सत्ता में आती है।

### छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर

छत्तीसगढ़ की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए पिछला विधानसभा चुनाव दो चरणों में कराया गया था। उस चुनाव के लिए कुल 1269 उम्मीदवार मैदान में थे। राज्य में प्रति निर्वाचन क्षेत्र में औसतन 14 प्रत्याशी मैदान में थे। मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 1.42 करोड़ थी। कुल मतदान 76.45 फीसदी रहा था। 2018 में राज्य में दो चरणों मतदान कराये गये थे। पहले चरण का मतदान 12 नवंबर 2018 को और दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर 2018 को संपन्न हुआ था। छत्तीसगढ़ के चुनाव नतीजे 11 दिसंबर को आये थे। 90 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस को 68 और भाजपा को 15 सीटें मिलीं। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने पांच सीटें जीती थीं और दो सीटें बसपा के खाते में गयी थीं।

कांग्रेस के भीतर काफी जद्दोजहद के बाद भूपेश बघेल ने सीएम पद की शपथ ली थी। अब 2023 में छत्तीसगढ़ में कांटे का मुकाबला देखने को मिल सकता है। चुनावी तैयारियां तेज हो चुकी हैं। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। राज्य में कुल 2.03 करोड़ मतदाता हैं। राज्य में किसी भी दल ने अब तक उम्मीदवार घोषित नहीं किये हैं।

### तेलंगाना में कांग्रेस की अग्निपरीक्षा

तेलंगाना की 119 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव 7 दिसंबर 2018 को हुए थे। उस चुनाव के लिए कुल 1821 उम्मीदवार मैदान में थे। मतदाताओं की संख्या 2.05 करोड़ थी।

कुल मतदान 73.37 फीसदी रहा था। मतदान केंद्रों की संख्या 32 हजार 814 थी। 2018 में राज्य में सात दिसंबर 2018 को चुनाव संपन्न हुआ था। तेलंगाना के चुनाव नतीजे 11 दिसंबर को आये थे।

इस चुनाव में 119 सदस्यीय विधानसभा में बीआरएस को 88, कांग्रेस को 19, एआइएमआइएम को सात, टीडीपी को दो, भाजपा को एक और एआइएफबी को एक सीट मिली थी। इसके अलावा एक सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी को जीत मिली थी। राज्य में के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व में सरकार बनी थी। इस बार उनका मुकाबला कांग्रेस से है, हालांकि भाजपा भी खुद को रेस में बनाये रखा है। इस बार चुनाव आयोग द्वारा राज्य के लिए अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गयी है। यहां 3.17 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। राज्य में इस बार कांटे का मुकाबला होनेवाला है।

### मिजोरम में जोरमथंगा की प्रतिष्ठा दांव पर


पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम की 40 सदस्यीय विधानसभा के लिए पिछला चुनाव 28 नवंबर 2018 को हुआ था। उस चुनाव के लिए कुल 209 उम्मीदवार मैदान में थे। मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 6.20 लाख थी। कुल मतदान 80.03 फीसदी रहा। मतदान केंद्रों की संख्या 1170 थी। उस चुनाव में 40 सदस्यीय विधानसभा में एमएनएफ को 27 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस ने चार सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा को एक सीट पर विजय मिली थी।

इसके अलावा आठ सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों को जीत मिली थी। इसके साथ ही राज्य में मुख्यमंत्री जोरमथंगा के नेतृत्व में एमएनएफ की सरकार बनी थी। इस बार चुनाव आयोग द्वारा राज्य के लिए अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गयी है। यहां 8.51 मतदाता हैं। मिजोरम में इस बार 1276 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। जहां तक मुकाबले का सवाल है, तो सीएम जोरमथंगा की प्रतिष्ठा एक बार फिर दांव पर है, क्योंकि हाल के वर्षों में भाजपा ने पूर्वोत्तर राज्यों में अपनी पैठ बढ़ायी है।

## राजनीतिक हलचल

# शिवराज बुधनी से लड़ेंगे चुनाव, बार-बार पूछ रहे थे, लड़ूं की नहीं

**मध्यप्रदेश** में आगामी चुनाव के लिए बीजेपी ने 57 उम्मीदवारों की सूची जारी की। सीएम शिवराज सिंह चौहान बुधनी से चुनाव लड़ेंगे, प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा दतिया से, गोपाल भार्गव रेहली से, विश्वास सारंग नरेला से और तुलसीराम सिलावट सांवेर से चुनाव लड़ेंगे। इससे पहले मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 39 उम्मीदवारों की दूसरी सूची की घोषणा 25 सितंबर को की थी। भाजपा की दूसरी सूची में तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत कई सांसदों को टिकट दिया गया था। इसमें नरेंद्र सिंह तोमर, फग्गन सिंह



कुलस्ते और प्रह्लाद सिंह पटेल के भी नाम थे। भाजपा ने हारी हुई 39 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान 17 अगस्त को ही कर दिया था। इस दौरान मध्यप्रदेश के अलावा छत्तीसगढ़ के लिए भी उम्मीदवारों का एलान किया गया था। भाजपा ने मध्यप्रदेश में 39 और छत्तीसगढ़ के लिए 21 नामों की घोषणा कर दी थी। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने समर्थकों को टिकट दिलाने में सफल रहे हैं। इसमें सांवेर से तुलसीराम सिलावट, बदनावर से राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, ग्वालियर ग्रामीण से भरत सिंह कुशवाह, ग्वालियर से प्रद्युमन सिंह तोमर, सुरखी से गोविंद सिंह राजपूत और सांची से प्रभुराम चौधरी शामिल हैं।

# राजस्थान: राज्यवर्धन और दीया कुमारी समेत सात सांसदों को टिकट, भाजपा की पहली सूची में 41 नाम

**राजस्थान** में चुनाव की तारीखों का एलान होने के साथ ही भाजपा ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इसमें कुल 41 उम्मीदवारों के नाम के एलान हैं। राजस्थान में भाजपा ने सात सांसदों को विधानसभा चुनाव के लिए टिकट दिया है। भाजपा ने सांसद राज्यवर्धन राठौड़ को झोटवारा से प्रत्याशी बनाया है। वहीं, मांडवा से सांसद नरेंद्र कुमार को चुनाव में प्रत्याशी बनाया गया है। इसके अलावा विद्याधरनगर से दीया कुमारी, सवाई माधोपुर से किरोड़ी लाल मीणा, तिजारा से बाबा बालकनाथ, किशनगढ़ से भागीरथ चौधरी और सांचोर से देवजी पटेल को टिकट दिया गया है।

# छत्तीसगढ़: भाजपा की 64 उम्मीदवारों की सूची जारी पूर्व सीएम रमन सिंह को राजनांदगांव से टिकट मिला

**छत्तीसगढ़** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने सोमवार दोपहर 64 उम्मीदवारों की सूची जारी की। यह भाजपा उम्मीदवारों की दूसरी सूची है। पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह को राजनांद गांव से उम्मीदवार बनाया है। सूची में तीन सांसदों को टिकट दिया गया है, जबकि दो पूर्व आइएएस और नौ महिलाएं शामिल हैं। दूसरी सूची में भाजपा ने 19 अनुसूचित जनजाति और नौ अनुसूचित जाति पर भी भरोसा जताया है। इससे पहले भाजपा ने 21 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी, जिसमें कांकेर से आशाराम नेताम, प्रेमनगर से भूलन सिंह मरावी और कोरबा से लखनलाल देवांगन को उम्मीदवार बनाया गया था। पहली सूची में भाजपा ने 10 अनुसूचित जनजाति और एक एससी के अलावा सांसद विजय बघेल के नाम पर मुहर लगायी थी। सूत्रों के अनुसार, भाजपा जिन सीटों पर कमजोर है, वहां पर अपने प्रत्याशियों का एलान पहले कर चुकी है। वहीं, इस बार के चुनाव में जाति समीकरण को भी प्राथमिकता देकर लिस्ट जारी करने की रणनीति बनायी गयी है।

**सॉरी उल्टा बोल दिया: राहुल गांधी की फिसली जुबान, कहा**

# राजस्थान और छत्तीसगढ़ में उनकी सरकार जा रही है

**जातीय जनगणना** को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रेस वार्ता के दौरान एक बार फिर जुबान फिसलती हुई नजर आयी है। अभी-अभी राजस्थान चुनाव की तारीखों का एलान किया गया। राहुल गांधी ने प्रेस वार्ता के दौरान बीजेपी पर हमला करते हुए कहा कि राजस्थान में उनकी सरकार जा रही है। इतना ही नहीं उन्होंने छत्तीसगढ़ का भी नाम लिया, जबकि दोनों राज्यों में कांग्रेस की सरकार फिलहाल मौजूद है। राहुल ने जैसे ही प्रेस वार्ता में यह कहा, उसके तुरंत बाद अपनी बात को सही किया और माफी मांगी। कांग्रेस की ओर से की गयी प्रेस



वार्ता के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, और तेलंगाना में उनकी सरकार जा रही है, जबकि मध्यप्रदेश में तो बीजेपी की सरकार है और राजस्थान-छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है। इसके तुरंत बाद राहुल ने अपने शब्दों को सही करते हुए माफी मांगी और कहा सॉरी उल्टा बोल दिया।

# पिछले 40 दिनों में शिवराज ने बना दिये 3 नये जिले

## वहीं गहलोत सरकार ने सिर्फ 5 साल में 20 नये जिले बना दिये

**शिवराज सिंह चौहान** को 18 साल के मुख्यमंत्रित्व काल में देश में दूसरे सबसे ज्यादा नये जिले बनाने वाले सीएम के रूप में भी याद किया जायेगा। अभी जिला बनाने में नंबर एक का सेहरा अशोक गहलोत के नाम है। राजस्थान में कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार ने सिर्फ पांच साल में 20 नये जिले बना दिये हैं। 2018 तक राजस्थान में सिर्फ 33 जिले थे, जो अब 2023 में 53 हो चुके हैं। जिलों की संख्या के लिहाज में राजस्थान का नंबर देश में तीसरा है। मध्यप्रदेश के पड़ोसी छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी पिछले पांच सालों में राज्य में पांच नये जिले बनाये हैं। इस कारण छत्तीसगढ़ जैसे छोटे से राज्य में 33 जिले हो चुके हैं। अगर आपसे कोई सवाल करे कि मध्य प्रदेश में कितने जिले हो गये हैं तो 52 मत बोलियेगा। अपना सामान्य ज्ञान दुरुस्त करके ही जवाब दीजियेगा। विधानसभा चुनाव के मुंहाने पर खड़े मध्यप्रदेश में अब 55 जिले हो चुके हैं। चुनावी सीजन में सरकार ने महज 40 दिनों के भीतर ही तीन नये जिले रीवा से अलग करके मऊगंज, छिंदवाड़ा से अलग पांढुर्णा, सतना से अलग मैहर गठित कर दिये। इन सभी जिलों में कलेक्टर, एसपी भी तैनात किये जा चुके हैं। इस बीच, नागदा और पिछोर जिला बनने की दौड़ में पिछड़ गये। अब राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो जायेगी, अब जो भी नया जिला बनेगा, वह नवगठित सरकार ही बनायेगी। आपको बता दें कि इसके पहले मुख्यमंत्री ने उज्जैन से अलग नागदा और शिवपुरी से अलग पिछोर को नया जिला बनाने की घोषणा की थी। 55 जिलों के साथ मध्यप्रदेश देश के सबसे ज्यादा जिलों वाले प्रदेश में दूसरे नंबर पर आ गया है। देश में सबसे ज्यादा 72 जिले उत्तरप्रदेश में हैं, जबकि सबसे कम दो जिलों वाला राज्य गोवा है। नया जिला बनाने से सरकार को चुनावी फायदा मिलता है। उस जिले के लोगों में जिला गठित करनेवाली सरकार के प्रति सहानुभूति पैदा हो जाती है, जिसका चुनाव में अनकूल लाभ मिल सकता है। एंटी इंम्कंबेंसी कम होती है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.6 °c | 20.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.30 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.44 बजे |



## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा।

**वृष** कारोबार में उन्नति होने की संभावना,नवीन कार्य की योजना सफल होगी।

**मिथुन** कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, अ मित्रों से सहायता मिलेगी व किसी विशेष इच्छा पूरी होगी।

**कर्क** शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे, खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है।

**सिंह** राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है।

**कन्या** प्रयास व उत्साह से सभी कार्य पूरे होंगे, आप उनकी आवभगत में व्यस्त रहेंगे।

**तुला** सम्पति सम्बन्धी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा, कहीं से शुभ समाचार मिलेगा।

**वृश्चिक** नये-नये लोगों से सम्पर्क बनेगा, यश, कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी।

**धनु** आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे,नौकर-चाकर, वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी।

**मकर** अकस्मात धन लाभ होने की संभावना, आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ** सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, गृह-भूमि-वाहन का सुख।

**मीन** लम्बित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकता है।

# हेमंत सोरेन के राज में खनिज संपदाओं की लूट मची है: बाबूलाल मरांडी

## जमीन खरीद बिक्री के मामले में जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हेमंत सोरेन

**भाजपा सरकार गांव, गरीब, किसान, आदिवासी, दलित पिछड़े, महिला सभी के विकास को समर्पित**

**शहीदों की भूमि खरसावां को किया नमन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खरसावां।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को संकल्प यात्रा का 9वां चरण शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रारंभ किया। डाक बंगला मैदान, खरसावां में खरसावां विधानसभा क्षेत्र की संकल्प सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री को फिर कटघरे में खड़ा किया। श्री मरांडी ने कहा कि भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज इडी की पूछताछ से भागते फिर रहे हैं। हाइकोर्ट, सुप्रीमकोर्ट की दौड़ लगा रहे, महंगे वकील पर करोड़ों रुपये खर्च कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लेकिन मुख्यमंत्रीजी कब तक भागेंगे। उनके लिए होटवार जेल का कमरा सबसे सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि जमीन खरीद बिक्री मामले में हेमंत सोरेन मीडिया को और राज्य की जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। यदि जमीन नहीं बिकती, तो खजुरिया में उन्होंने इतना बड़ा बंगला कैसे बनाया है। 108 संपत्ति की तो हेमंत सोरेन ने कोर्ट में एफिडेविट कर बताया है। उन्हें बताना चाहिए कि रांची सहित पूरे झारखंड में उनके पास सबसे अधिक जमीन कहां से और कैसे आयी।

उन्होंने कहा कि झारखंड में खनिज संपदा कोयला, लोहा, पत्थर, बालू सबकी लूट मची है। राज्य के लोगों को बालू मिल नहीं रहा और मुंबई, कोलकाता, दिल्ली के व्यापारी ट्रकों में भर कर बालू लेकर जा रहे हैं। हेमंत सोरेन ने बालू की नीलामी नहीं की, क्योंकि उन्हें राज्य के खजाने में पैसा आये, इसकी चिंता नहीं है। वे बालू लूट कर भी अपनी तिजोरी भरना चाहते हैं। कहा कि आज गरीबों का अनाज भी हेमंत सरकार लूट रही। मोदी सरकार द्वारा भेजे गये अनाज भी आज गरीबों तक नहीं पहुंच रहे। लोग भूख से मरने को विवश हैं।

उन्होंने कहा कि किसी भी ऑफिस में बिना पैसे का काम नही होता। ब्लॉक थाना, जिला कही भी जायें, कोई प्रमाणपत्र बनाना हो, राशन कार्ड में नाम जुड़वाना हो, पैसे देने ही पड़ते हैं।

उन्होंने कहा कि अधिकारी डंके की चोट पर घूस मांगते हैं। उन्होंने राज्य की विधि व्यवस्था पर बोलते हुए कहा कि राज्य में हत्या, लूट, चोरी, डकैती, अपहरण, की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है। रोज बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं। कहा कि पुलिस अपराधियों को पकड़ने की जगह, वसूली में लगी हुई है। राज्य में 23 व्यापारियों की हत्या पिछले 6 महीनों में हुई है, जिसमें नौ ने तो लिखित आवेदन देकर पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगायी थी।

उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार अपने चहेते दलालों, बिचौलियों को एके 47की सुरक्षा देती है, लेकिन आम आदमी को मरने के लिए छोड़ देती है। उन्होंने कहा कि राज्य के विकास में योगदान देने वाले व्यापारी आज दहशत में जी रहे हैं।

उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य भाजपा की देन है। श्रद्धेय अटलजी ने झारखंड का सपना साकार किया। कांग्रेस झामुमो तो आंदोलन को बेचने-खरीदने में लगे रहे। कहा कि झारखंड में जो भी विकास दिखता है, वह भाजपा की देन है। अटलजी की सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना प्रारंभ की। गांव तक सड़क बनी। नदी नालों पर पुल-पुलियों का जाल बिछा। सर्व शिक्षा अभियान शुरू हुआ।

आज मोदी सरकार गांव, गरीब किसान, मजदूर, महिला, युवा सभी वर्गों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ रही है। 2014 से मोदी सरकार गांव, गरीब किसान को समर्पित है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार बनते ही ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय का निर्माण हुआ। प्रधानमंत्री आवास योजना में पक्के मकान बन रहे। उज्ज्वला गैस योजना में गैस सिलेंडर, चूल्हा मिले। मोदी सरकार अब देश में और 75 लाख महिलाओं को उज्ज्वला योजना से जोड़ने जा रही। उन्होंने कहा कि पहली बार जन धन खाता के माध्यम से गरीबों को बैंक से जोड़ा गया। आज योजनाओं के शत प्रतिशत पैसे गरीबों के खाते में पहुंच रहे हैं। कहा कि आयुष्मान योजना से 5 लाख तक प्रति वर्ष मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध करायी गयी। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में गरीबों के खाते में पैसे भेजे गये। 80करोड़ लोगों को 5 किलो प्रति माह मुफ्त अनाज की व्यवस्था की गयी। कहा कि मोदी सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित है। रक्षा बंधन के अवसर पर गैस सिलेंडर पर सब्सिडी दी गयी और अब 33% लोकसभा विधानसभा चुनावों में सुनिश्चित किया गया। कहा कि विश्वकर्मा जयंती पर 13 हजार करोड़ की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रारंभ की गयी है, जिसमें गांव के पारंपरिक कारीगर जो लोहा, मिट्टी, सोना चांदी लकड़ी, कपड़ा, चमड़ा की कारीगरी करते हैं, उन्हें तकनीक से जोड़ते हुए प्रशिक्षण एवम ऋण उपलब्ध कराने की योजना बनायी गयी है। भाजपा सरकार भ्रष्टाचारमुक्त देश और प्रदेश बनाने का प्रयास कर रही है, इसलिए सारे भ्रष्टाचारी आज मोदी को हटाने केलिए गठबंधन बना रहे। उन्होंने कहा कि जनता मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना चाहती है। उन्होंने जनता से 2024 में तीसरी बार मोदी सरकार तथा विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व में झारखंड में सरकार बनाने का आह्वान किया।

## दीपिका के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट ने कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक को 29 नवंबर तक बरकरार रखा है। न्यायाधीश गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने सोमवार को विधायक दीपिका पांडे द्वारा दायर क्वैशिंग याचिका पर सुनवाई के लिए 29 नवंबर की तिथि निर्धारित की है। दीपिका पांडे ने वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा कार्यकर्ता के साथ मारपीट करने और जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हुए गाली गलौज करने के मामले में की गयी प्राथमिकी को निरस्त करने को लेकर याचिका दायर की है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. : टीआरडी-आरएनसी-23-24-20, दिनांक 06.10.2023,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सूचना सं. टीआरडी-आरएनसी-23-24-20, दिनांक 06.10.2023 के तहत ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** रामगढ़ टाउन रेलवे स्टेशन के पास विकास नगर में 3.05 मीटर चौड़े एफओबी के प्रावधान के कारण ओएचई का रूपांतरण। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु. 5,56,063.63, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 11,100/-, **अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 31.10.2023 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात निविदाकार द्वारा निविदा कागजात के साथ अपलोड किए जाएं। (PR-681)

# रिसालदार शाह बाबा के मजार पर सीएम हेमंत ने की चादरपोशी





**राज्य की उन्नति और सलामती की मांगी दुआ**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उर्स मुबारक के अवसर पर राजधानी रांची के डोरंडा स्थित हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा के दरगाह पर अकीदत के साथ चादरपोशी कर राज्य के सर्वांगीण विकास, सलामती, सुख -समृद्धि और अमन-चैन की दुआ मांगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिसालदार बाबा का दरगाह सामाजिक सद्भाव और सौहार्द का प्रतीक है । यह शांति, एकता, भाईचारा और प्रेम का पैगाम देता है। यह दरगाह वर्षों से हर धर्म और समुदाय के आस्था एवं श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। इससे पूर्व दरगाह कमेटी की ओर से मुख्यमंत्री का परंपरानुसार स्वागत किया गया। इस मौके पर दरगाह कमेटी के अध्यक्ष अयूब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर, कोषाध्यक्ष जैनुल आबेदीन, उपाध्यक्ष रिजवान अहमद, बेलाल, संयुक्त सचिव सादिक मौजूद थे।

# पचंबा में चल रहा था साइबर अपराधियों का कॉल सेंटर

## पुलिस ने किया भंडाफोड़, नौ गिरफ्तार

**पकड़े गये सबी बीएससी के छात्र**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने पचंबा थाना इलाके के बोड़ो में चल रहे साइबर अपराधियों के एक मिनी कॉल सेंटर का खुलासा किया है, जहां से नौ शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार किये गये हैं। पकड़े गये सभी बीएससी के छात्र हैं। अपराधियों के पास से 16 मोबाइल फोन, 25 सिमकार्ड, चार एटीएम कार्ड, छह बैंक पासबुक, दो चेकबुक, तीन फोन पे का क्यूआर कोड और दो बाइक जब्त किया गया है।

### गिरफ्तार अपराधियों में शामिल लोग

जिन साइबर क्राइम अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें जमुआ थाना इलाके के बेहराडीह निवासी निलेश कुमार मंडल, मुफस्सिल थाना इलाके के केरिहारी निवासी मोहन कुमार मंडल, मुफस्सिल थाना इलाके के सिहोडीह निवासी रुद्र कुमार उर्फ रॉकी, बेंगाबाद थाना इलाके के बनहत्ती निवासी महेंद्र सिंह, बेंगाबाद थाना इलाके के नैयाडाबर निवासी मोतीलाल किस्कू, बेंगाबाद थाना इलाके के सोनबाद निवासी नीरज कुमार तुरी, जामताड़ा जिले के नारायणपुर निवासी अशोक कुमार, मुफस्सिल थाना इलाके के गांधीनगर निवासी नागेश्वर दास और बेंगाबाद थाना इलाके के सोनबाद निवासी महेंद्र मंडल शामिल हैं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

**डी.ए.भी. आलोक पब्लिक स्कूल**
पुनदाग, गढ़गांव रांची, संपर्क - 7033073440
**आवश्यकता :** इंचार्ज (योग्यता :-स्नातक एवं कंप्यूटर), स्वीपर, गार्ड, स्कूल बस/ विंगर हेतु ड्राइवर एवं खलासी की आवश्यकता। पीएफ, मेडिकल, ग्रेच्युटी, पेंशन, रहने की सुविधा एवं एक बच्चे की मुफ्त शिक्षा।

# हाइकोर्ट में 17 को हेमंत की क्रिमिनल रिट पर सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की क्रिमिनल रिट पर हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार को आंशिक सुनवाई के बाद अदालत ने आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े मामले में अगली सुनवाई के लिए 17 अक्टूबर की डेट तय की है। अगली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार और प्रार्थी की ओर से बहस की जायेगी। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। हेमंत सोरेन की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने बहस की।

दरअसल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाइकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल की है, जिसमें उन्होंने अदालत से यह गुहार लगायी है कि पश्चिमी सिंहभूम जिले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द किया जाये। प्राथमिकी में हेमंत सोरेन को आइपीसी की धारा 188, 506 और आरपी एक्ट (रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपल एक्ट) की धाराओं में आरोपी बनाया गया है।

# 24 पुलिस पदाधिकारियों का बनाया गया क्लोज कैडर

**झारखंड की खुफिया रिपोर्ट जुटायेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यभर की खुफिया जानकारी जुटाने के लिए राज्य खुफिया शाखा (एसआइबी) में विशेष रूप से सब इंस्पेक्टर रैंक के 24 पुलिस पदाधिकारियों का क्लोज कैडर बनाया गया है। गौरतलब है कि एसआइबी की स्थापना साल 2018 में नक्सली खुफिया जानकारी एकत्र करने के लिए की गयी। इसमें डीआइजी और एसपी रैंक के अधिकारियों का पद सृजित किया गया है। एसआइबी के प्रभावी कामकाज के लिए शामिल अधिकारियों के माध्यम से एसपीओ का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया गया है।

### एसआइबी की मदद से नक्सलियों पर कसा जा रहा है शिकंजा

एसआइबी की मदद से नक्सलियों पर शिकंजा कसा जा रहा है। इस साल जनवरी से अगस्त 2023 तक सीपीआइ माओवादी और स्प्लिंटर समूहों के 19 नक्सलियों का एनकाउंटर किया गया। साथ ही 37 उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया और 55 बड़े नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया।

# पहले योजनाएं बनती थीं, पूरा होने में कई वर्ष लगते थे : हेमंत

**सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का शिलान्यास**

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले भी सिंचाई के लिए कई योजनाएं बनीं। उसका क्रियान्वयन भी हुआ। उसके पूर्ण होने में 30 से 40 साल लग गये। कई योजनाएं तो आज भी अधूरी हैं। योजनाओं के पूरा होने में ज्यादा समय लगने से उसकी लागत बढ़ जाती थी। सबसे बड़ी बात है कि जिन लोगों की जमीन, खेत - खलिहान इन परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित किये गये थे, उनका लाभ लेने के लिए वे लंबे समय तक इंतजार करते रहे, पर उन्हें निराशा हाथ लगी। हमारी सरकार सिंचाई समेत तमाम परियोजनाओं को समय पर पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रही है, ताकि लोगों को उसका ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके।

**लोगों की जरूरत के अनुसार कार्य योजना :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोगों की भावनाओं को समझते हैं। उनकी जरूरत को जानते हैं और उनकी समस्याओं से भी वाकिफ हैं। ऐसे में हमारी सरकार लोगों की उम्मीदों और आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य योजना बना कर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 में जैसे ही हमारी सरकार बनी, तो चुनौतियों से सामना शुरू हो गया। कोरोना, सुखाड़ जैसी चुनौतियों के बीच सरकार विकास की गति को रफ्तार दे रही।

**कृषि मंत्री ने कहा-बगैर जमीन दिये योजना का लाभ :** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के लोगों के विकास की जिम्मेदारी ली है। सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का लाभ कई लोगों को मिलेगा। सिंचाई विभाग के ऊर्जावान सचिव प्रशांत जी ने ऐसा रास्ता निकाला कि बगैर किसी परिवार को विस्थापित किये हुए सिंचाई मिलेगी।

**काम करते हैं तो एजेंसियां परेशान करती हैं :** मंत्री हफिजुल हसन ने कहा 1980 से यह क्षेत्र दिशोम गुरु शिबू सोरेन का रहा है। झारखंड राज्य बनने के बाद ही आपको ये योजना देखने को मिल रही है। अगर झारखंड अलग होने का श्रेय किसी को जाता है तो वह दिशोम गुरु शिबू सोरेन हैं।

**मैं ना जाति की बात करूंगा, ना धर्म की बात करूंगा कैसे हो मेरे क्षेत्र का विकार उस रणनीति की बात करूंगा :** विधायक इरफान अंसारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के काम की सराहना करते हुए कहा, इस योजना से जामताड़ा को भी लाभ होगा। मैं पांच साल तक भाजपा की सरकार से मांगता रहा, लेकिन नहीं मिला। मुख्यमंत्री ने बरबेंदिया पुल दे दिया। इरफान अंसारी ने एक शेर कहते हुए अपनी बात का समापन किया-मैं ना जाति की बात करूंगा, ना धर्म की बात करूंगा कैसे हो मेरे क्षेत्र का विकार उस रणनीति की बात करूंगा।

**विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 10 अक्टूबर, 2023**

भारत सरकार
**केन्द्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान**
कांके, राँची,–834006, झारखण्ड, भारत
दूरभाष: 0651–2450822, 2451115, 2450448
सत्यमेव जयते
RANCHI

**24 घंटे आकस्मिक सेवा उपलब्ध**

**सी.आई.पी. में उपलब्ध सेवाओं/सुविधाओं का विवरण**
**निदेशक, सी.आई.पी. द्वारा जनहित में जारी**

**बाह्यरोगी सुविधाएं/सेवाएं**
- प्रतिदिन निःशुल्क बाह्यरोगी सेवाएं
- निरीक्षण/आकस्मिक सेवा वार्ड
- अलग व्यस्क एवं बाल बाह्य रोग विभाग
- साइकोसोशल विभाग
- कैन्टीन एवं जनउपयोगी सेवाएं
- ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन (ओ.आर.एस.)
- टेली परामर्श व्हाट्सअप नं: 9334915057, कृपया व्हाट्सअप पर डॉक्टर के पर्चे की फोटो भेजें (कृपया वेबसाइट पर अधिक विवरण देखें)
  हेल्पलाइन नं.: 9334915046, 9334915047, 9334915048, 9334915049, 9334915050, 9334915051, 9334915052, 9334915053, 9334915054, 9334915056, 9334915058, 9334915060, 9334915062, 9334915063
  दूरभाष सख्या: 0651-2451115, 0651-2451116, 0651-2451119
- विडियो परामर्श: अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट देखें।
- टेली–मानस सेवा: निःशुल्क 24x7 मानसिक स्वास्थ्य परामर्श/काउंसलिंग। टोल फ्री नम्बर: 14416 या 1800–89–14416
- साइको सोशल परामर्श सेवा: मरीजों एवं उनकी देखरेख करने वालों के लिए।

**विशेष क्लीनिक**
- सोमवार : मूड डिसऑडर्स क्लिनिक, न्यूरोलॉजिकल डिसऑडर्स क्लिनिक, पोस्ट–कोविड क्लिनिक
  मंगलवार : निद्रा डिसऑडर्स क्लिनिक, मेमोरी डिसऑडर्स क्लिनिक
  बुधवार : क्रोनिक सिजोफ्रेनिया क्लिनिक, साइकोडर्माटोलॉजिकल डिसऑर्डर क्लिनिक, धूम्रपान निरोधक क्लिनिक, नशाविमुक्ति क्लिनिक, मेटाबोलिक डिसऑर्डर क्लिनिक, बिहेवियर एडिक्शन क्लिनिक और साइकोसेक्सुअल डिसऑर्डर क्लिनिक
  गुरूवार : मिर्गी क्लिनिक, मूवमेंट डिसऑडर्स क्लिनिक एवं क्रोनिकल पेन क्लिनिक
  शुक्रवार : वृद्धावस्था मानसिक स्वास्थ्य क्लिनिक
  शनिवार : सिरदर्द डिसऑडर्स क्लिनिक, व्यक्तित्व डिसऑडर्स क्लिनिक, तंबाकू समाप्ति क्लिनिक, ड्रग डी–एडिक्शन क्लिनिक, मेटाबोलिक डिसऑर्डर क्लिनिक, बिहेवियर एडिक्शन क्लिनिक
  प्रतिदिन : बाल मनोचिकित्सा, ओ.सी.डी.

**अंर्तवासीय रोगीयों के लिए सुविधाएं**
- सभी बेड शुल्क के साथ
- उच्च वर्ग के लिए विशेष वार्ड
- महिलाओं के लिए अलग वार्ड
- परिवार के लिए कॉटेज की सुविधा

**बाल एवं किशोरावस्था संबंधित मानसिक रोग**
- मरीज परिजनों के साथ भरती किए जाते हैं।

**नशाविमुक्ति केन्द्र व विभाग**
- डीटोक्सीफिकेशन एवं पुर्नवास
- शराब व नशाविमुक्ति के लिए उच्चतकनीकी इकाई

**व्यावसायिक चिकित्सा विभाग**
- पुर्नवास/शेल्टर्ड कार्यशाला
- पुनर्निवेशन मनश्चिकित्सा
- शारीरिक पुर्नवास
- टोकन इकोनोमी

**सामुदायिक पहुँच कार्यक्रम**
- बेस्ट बोकारो (घाटो)
- हजारीबाग
- चन्दनक्यारी, बोकारो
- दीपशिखा, आईसी.डी. एवं एम.एच.
- विद्यालय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम
- आस्था सेल दीपाटोली कैंट एवं सैनिक अस्पताल–नामकुम

**सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम**
- राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक अखबारों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी विवरण
- कार्यशालाओं का आयोजन
- सी.आई.पी. वेबसाइट पर मानसिक बिमारियों संबंधित लेख

**स्नातकोत्तर शिक्षण**
- एम.डी. (मनोचिकित्सा)
- पी.एच.डी. एवं एम.फिल. (नैदानिक मनोविज्ञान)
- एम.फिल. (साईक्याट्रिक सोशल वर्क)
- साईक्याट्रिक नर्सिंग में डिप्लोमा

**पैथोलॉजी एवं बॉयोकेमिस्ट्री विभाग**
- हीमेटोलॉजी व बायोकेमिस्ट्री ऑटो एनालाइजर
- एच.पी.एल.सी. एवं थिन लेअर क्रोमैटोग्राफी
- मल्टीफन्कशनल एलिजा रीडर एवं आइन–स्पेफिक ऐसे सिस्टम
- बेक्टेक यूनिक
- केमी ल्यूमिसेंस ऐसे
- –80 डिग्री फ्रीजर

**कार्डियोफिजियोलॉजी विभाग**
- कम्प्यूटीकृत ई.सी.जी.
- ट्रेडमिल टेस्ट

**सेन्टर फॉर कोग्निटिव न्यूरोसाइंसेज**
- नैदानिक एवं विडियो ई.ई.जी. (32–64 चैनल) एवं ई.सी.जी.
- कम्प्यूटीकृत उच्च वर्गीय ई.ई.जी (64–, 128–, 192–, 256– चैनल)
- कोगनेटिव इवेंट रिलेटेड/इवोक्ड पोटेंशियल (40–, 128– चैनल)
- देश की सबसे विकसित ट्रांसक्रेनियल मैग्नेटिक और डाईरेक्ट करंट स्टिमुलेशन लैब
- निद्रा प्रयोगशाला
- टी.एम.एस. – ई.ई.जी. सुविधा
- क्वाड्री पल्स स्टीमूलेशन
- फंक्शनल नियर–इंफ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कॉपी (एफएनआईआरएस)

**सेन्टर फॉर न्यूरोईमेजिंग एवं रेडियोलॉजिकल साइंसेज**
- नैदानिक एक्सरे एवं अल्ट्रासाउंड
- क्रेनियल एवं कलर डॉप्लर
- मल्टीस्लाइस सी.टी. स्कैन (पूरे शरीर का)
- 3टी–फंक्शनल एम.आर.आई. स्कैन
- एम.आर.आई. ब्रेन (रू. 2000/–लगभग) एवं एम.आर.आई. होल बॉडी स्क्रीनिंग (रू. 3000/– लगभग)

**उच्च तकनीकी कम्प्यूटर विभाग**
- सम्पूर्ण संस्थान का कम्प्यूटरीकरण एवं वाई–फाई की सुविधा
- वेबसाइट
- 100 Mbps एन.के.एन. 200 Mbps बी.एस.एन.एल. एवं रेलटेल लीज लाइन
- कलर फोटोकापीयर एवं प्रिंटर, स्लाइड मेकर, डिजीटल फोटोग्राफी
- उच्च तकनीकी, डूअल प्रोसेसर, 64 बिट, 24 GHz ऑपट्रान सर्वर

**पुस्तकालय**
- मेडिकल लाईब्रेरी एवं मरीजों के लिए वाचनालय एवं पुस्तकालय
- रेप्रोग्राफी एवं माइक्रोफिल्मिंग
- आनलाईन लिट्रेचर सर्च/RFID आधारित तकनीक
- स्वचालित पुस्तक सर्कुलेशन सिस्टम
- एस.ए.एन. स्टोरेज सिस्टम (40 TB)

**स्वचालित रसोई एवं मिनरल वार्टर सप्लाई**
- स्वचालित गैस एवं वाष्पचालित चूल्हा
- स्वचालित आटा गूंथने एवं रोटी बनाने की मशीन
- पल्वराइजर

**40 Kg इन्सिनरेटर (जैविक कचरा प्रबंधन हेतु)**

**बाहर के मरीजों के लिए भी सरकारी दर पर जाँच की सुविधा उपलब्ध है।**

क्या आप किसी मनोवैज्ञानिक समस्या से ग्रस्त हैं ?
यदि हाँ, तो मदद के लिए कृप्या सी.आई.पी. हेल्पलाइन पर संपर्क करें।
TOLL-FREE NO. 1800-345-1849 (24X7), सी.आई.पी. हेल्पलाईन नं. : 0651-2451116 (24X7)
ई–मेल : director@cipranchi.nic.in, वेबसाईट : www.cipranchi.nic.in

## डीएवी स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरीतिलैया में पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसके अंतर्गत कक्षा एलकेजी से दूसरी तक के बच्चों ने क्ले के द्वारा विभिन्न आकृतियां बना कर सभी को आकर्षित किया। वहीं पर तीसरी से पाँचवीं कक्षा के बच्चों के बीच अंग्रेजी कहानी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें चारों सदनों के चार-चार प्रतिभागियों ने एक से एक प्रेरणा दायक कहानियां सुनाकर अपनी साहित्यिक पकड़ का परिचय दिया। कक्षा छठीं से आठवीं के बच्चों के बीच समूह कलश डेकोरेशन प्रतियोगिता और कक्षा नवीं के बच्चों के बीच थर्मोकोल कटिंग प्रतियोगता हुई। कक्षा एलकेजी से द्वितीय तक क्ले मेकिंग प्रतियोगिता मेंप्रथम स्थान पर युवान, उज्ज्वल भारती व सृष्टि, द्वितीय स्थान मायरा वर्मा, तृषा सोनकर और तीसरे स्थान पर अर्पिता शाह और भीन कुमार रहे। कक्षा तृतीय से पंचम तक इंगलिश स्टोरी टेलिंग में प्रथम स्थान पर राजाराम मोहन राय सदन की आरोही गुप्ता व रामा कृष्णा सदन की खुशी कुमारी रही तो दूसरे स्थान पर दयानंद सदन की शाम्भवी सिंह व अनाराध्या कश्यप रही। तीसरा स्थान रामा कृष्णा सदन के नमीत गर्ग और राजाराम मोहन राय सदन की प्रत्युशा कुमारी ने प्राप्त किया। कक्षा छठी से आठवीं तक कलश डेकोरेशन में प्रथम स्थान पर राजा राम मोहन राय सदन द्वितीय स्थान पर रामा कृष्णा व दयानंद सदन और तीसरे स्थान पर विवेकानंद सदन रहा। कक्षा नवीं में थर्मोकोल कटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राजाराम मोहनराय सदन द्वितीय स्थान पर दयानंद व विवेकानंद सदन और तृतीय स्थान पर रामाकृष्णा सदन रहा। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों ने बहुत ही सुंदर ढंग से अपनी बौद्धिक व तार्किक प्रतिभा का परिचय देते हुए अपनी अपनी क्रियाशीलता दिखाई। मंच संचालन रूही राज और सोनम कुमारी ने किया तथा निर्णायक के रुप में चांदनी दुबे, महजबीं प्रवीण, लक्की पाठक, कृति कुमारी ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लक्की पाठक, शिल्पी गुप्ता, संध्या कुमारी, कृति कुमारी, वंदना दुबे, लक्ष्मी कुमारी तथा सीसीए इंचार्ज श्वेता सिंह तथा महजबीं ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन आज

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में कन्द्रपड़ी पंचायत अन्तर्गत ग्राम सिंगारडीह में उज्जवल यंग क्लब के द्वारा नॉक आउट फुटबॉल टूर्नामेंट उद्घाटन मैच महिला टीम कोडरमा बनाम हजारीबाग के बीच 10 अक्टूबर दिन 1 बजे भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश यादव करेंगे। इस आशय की जानकारी उज्जवल यंग क्लब सिंगारडीह गुरु यादव, सोनू, भुनेश्वर, धनेश्वर, रंजीत, सूरज, दिनेश, सूरज, अमित, सीपी यादव, लालू, विनय, चुनु, रविंद्र, अरुण, नीतीश, मलिंगा, सौरभ ने दी।

## अच्छे कार्य करने वाले सेविका और कर्मी हुए सम्मानित




**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में आकांक्षी प्रखंड के निमित्त संकल्प सप्ताह के समापन कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख अंजू देवी, निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुणा कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, उप प्रमुख राज नारायण सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। न्यू वर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुणा कुमारी ने बताई कि नीति आयोग भारत सरकार के द्वारा पूरे भारत में पांच सौ आकांक्षी प्रखंड का चयन किया है। बीडीओ ने कहा कि जिस तरह से जयनगर प्रखंड के सभी विभाग और जन प्रतिनिधियों के सहयोग से कार्य किया जा रहा है, हमारी शुभकामनाएं हैं कि जयनगर प्रखंड पूरे भारत में नंबर वन बने। आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत अच्छे कार्य करने वाले सेविका व कर्मी को सम्मानित किया गया। मौके पर 20 सुत्री अध्यक्ष इस्लाम अंसारी, मिसवा उद्दीन, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, पूर्व प्रमुख वीरेंद्र यादव, मुखिया इरफान अंसारी, राजकुमार यादव, पंचायत समिति सदस्य अशोक सिंह, इरशाद आलम, सुरेश यादव, राजेंद्र दास सहित कई प्रखंड और अंचल कर्मी जनप्रतिनिधि मौजूद थे।


## संकल्प शपथ सप्ताह का समापन कार्यक्रम



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में 9 अक्टूबर को बीडीओ पप्पु रज्जक की अध्यक्षता में आकांक्षी प्रखंड अंतर्गत संकल्प शपथ सप्ताह का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, कोडरमा डीपीओ अनुप कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मियों के द्वारा अपने अपने पंचायत में अच्छा प्रदर्शन किया गया, जिन्हें लेकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमे जामु पंचायत की मुखिया नीता कुमारी, मध्य पंचायत मरकच्चो मुखिया रानी सिंह, नावाडीह पंचायत मुखिया बैजन्ती देवी, बीपीएम नंदकिशोर प्रसाद, भीएलडब्लू रविरंजन कुमार, किसान मित्र उमाशंकर यादव, राजेंद्र प्रसाद, चंदन पांडेय, जेएसएलपीएस वसुधा देवी, पूजा देवी, सेविका अंजू देवी, ममता वर्मा को प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, डीपीओ अनुप कुमार एवम बीडीओ पप्पू रजक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष रवि शंकर सिंह उर्फ रिंकू सिंह, महिला पर्यवेक्षिका माधुरी कुमारी, मुखिया बेदू साव, सुनील यादव, बसंत साव, रविंद्र गुप्ता, विजय यादव, सुभाष चन्द्र यादव, दशरथ यादव उर्फ संजू समेत विभिन्न विभागों के कर्मी मौजूद थे।

## प्राथमिक विद्यालय के दो विद्यार्थियों का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन





**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** जवाहर नवोदय विद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा 2023 में राजकीय प्राथमिक विद्यालय के 10 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसका परिणाम कुछ दिन पूर्व आया था, लेकिन जब इसका फाइनल रिजल्ट आया तो उसमें राजकीय प्राथमिक विद्यालय के दो बच्चों सिमरन कुमारी, पिता संजय शर्मा एवं रितिक कुमार पिता रौशन कुमार शर्मा का चयन हुआ है। बताते चले की यह दोनों बच्चे का चयन उनके परीक्षा परिणाम के आधार पर हुआ है। यह दोनों बच्चे विद्यालय के नियमित छात्र रहे हैं और इन्होंने अपनी कड़ी लग्न और परिश्रम से इस सफलता को पाया है। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आलोक कुमार सिन्हा ने बताया कि चयनित बच्चों के मेहनत और शिक्षकों के प्रयास का सफल परिणाम है। विद्यालय में जो व्यवस्था बनी है उस व्यवस्था के आधार पर शिक्षण ग्रहण कर यह बच्चे इस मुकाम को हासिल किए हैं। बच्चों के अभिभावक से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि बच्चों के परिश्रम और विद्यालय के शिक्षकों के प्रयास ने बच्चों को सफलता दिलाई है। हम सभी को खुशी है कि इस छोटे से विद्यालय से बच्चे मेहनत करके सफलता पाकर इस मुकाम पर पहुंचे हैं। इनके चयन पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका इंदु कुमारी, सहायक शिक्षिका सीता कुमारी, सहायक अध्यापिका कुमारी मिता, सहायक अध्यापक रविंद्र कुमार यादव, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों सहित शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर की है।

## बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** नवलशाही थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने सोमवार की सुबह करीब 7 बजे नवलशाही थाना क्षेत्र के बच्छेडीह नीमाडीह मुख्य मार्ग से अवैध रूप से बालू लदा दो ट्रैक्टर को जब्त किया है। जानकारी अनुसार दोनों ट्रैक्टर नीमाडीह स्थित केशो नदी बालु घाट से ट्रैक्टर के द्वारा बालु लोड कर परिवाहन कर नवलशाही बाजार में कहीं बेचने आ रहा था। इसी दौरान उक्त मार्ग में गस्ती पर निकले थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने कार्रवाई करते हुए दोनों ट्रैक्टर को जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा है।

# बस पर पथराव मामले में 200 अज्ञात और 80 लोगों पर नामजद प्राथमिकी

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** बस पर पथराव के मामले में हेडक्वार्टर डीएसपी राजीव कुमार ने जानकारी दी है कि इस घटना पर प्रशासन ने लगभग 200 अज्ञात और 80 से अधिक नामजद लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की है। पूरी घटना पर विशेष रूप से नजर रखी जा रही है, अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस निगरानी कर रही है। **प्रशासन की सतर्कता और सूझबूझ के कारण बिगड़ने से बच गया सौहार्द :** प्रशासन की सतर्कता और सूझबूझ के कारण हजारीबाग में सौहार्द बिगड़ने से बच गया। राजधानी रांची की शौर्य जागरण यात्रा से लौट रहे बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ताओं से भरी बस पर हजारीबाग कटकमसांडी रोड के पेलावल में हमला हो गया था। भारी संख्या में एक समुदाय के लोगों ने गाड़ी पर पथराव कर दिया इसमें एक दर्जन से अधिक महिला पुरुष घायल हो गये। वनवासी बस भी इसमें क्षतिग्रस्त हो गई घायलों को देर रात मेडिकल कॉलेज अस्पताल इलाज के लिए लाया गया। इसमें कई लोगों के माथे भी फट गये थे। घायल सभी लोग पेलावल, छड़वा, रोमी और आसपास के इलाके के हैं। सूचना मिलने के बाद भारी संख्या में घटनास्थल पर पुलिस बल की तैनाती की गयी है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है घटनास्थल से पेलावल थाना महज 200 मीटर की दूरी पर है यह क्षेत्र अति संवेदनशील माना जाता है।

**बस की सीट के नीचे छिपकर बचाई जान**

देर रात इलाज करा रही घायल महिला ने बताया कि बस के पास एक दर्जन से अधिक लोग अचानक इकट्ठा हो गये उन लोगों ने गाड़ी पर पथराव करना शुरू कर दिया। गाड़ी में बैठे लोगों ने सीट के नीचे छुपकर अपनी जान बचाई अगर समय पर भीड़ नहीं हटाई जाती, तो जान भी जा सकती थी। घटना के बाद बड़ी संख्या में बजरंग दल कार्यकर्ता भी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे और घायलों को इलाज के बाद उनके घरों तक पहुंचाया।

**घटना को पहले से प्लान कर दिया गया अंजाम : दीपक बजरंग**

बजरंग दल के प्रांत संयोजक दीपक बजरंग ने बताया कि इस घटना को अंजाम पहले से प्लान कर दिया गया था। महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की भी घटना हुई है।

### असामाजिक तत्वों की हुई पहचान, की जा रही कार्रवाई : एसपी

पथराव मामले पर हजारीबाग एसपी मनोज रतन चौथे ने जानकारी दी कि कुछ असामाजिक लोगों ने हजारीबाग की शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश की थी। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से स्थिति नियंत्रण में है। जिन लोगों ने घटना को अंजाम दिया है, सभी लोगों की पहचान हो गई है उन लोगों पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। उन्होंने बताया कि पेलावल थाना के समीप गाड़ी से ही कुछ लोगों ने भड़काऊ नारेबाजी की और इसके बाद स्थिति और बिगड़ गयी। लेकिन घटनास्थल पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई से बड़ी दुर्घटना नहीं घटी उन्होंने आश्वस्त किया कि हजारीबाग में स्थिति सामान्य है जिन लोगों ने शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश की है उस पर कार्रवाई की जायेगी।

### स्व राजेश राम मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन

# खेल को सिर्फ मनोरंजन के लिए नहीं बल्कि कैरियर बनाने के लिए खेलें: उमेश मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचाक।** प्रखंड के केएन हाई स्कूल ग्राउंड में स्व राजेश राम मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन सोमवार को हुआ। मुख्य अतिथि जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता उपस्थित हुए। उपस्थित अतिथियों ने बारी बारी से स्व राजेश राम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। टूर्नामेंट में 25 टीमों ने भाग लिया है। उद्घाटन मैच धरमू और चरही की टीम के बीच खेला गया। जिसमे धरमू की टीम ने चरही की टीम को पलेंटी शूट में हराया। मुख्य अतिथि जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता ने कहा की आज जिस प्रकार से ग्रामीण क्षेत्रों में खेल को बढ़ावा देने के लिए टूर्नामेंट आयोजित किए जा रहे है आने वाले दिनों में इन्ही ग्रामीण क्षेत्रों से पेले और माराडोना जैसे खिलाड़ी निकल देश का नाम रोशन करेंगे। साथ ही कहा की आज स्व राजेश राम के याद में टूर्नामेंट का आयोजन कर उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि दी गयी है। खिलाड़ी खेल को सिर्फ मनोरंजन के लिए नही बल्कि कैरियर बनाने के लिए खेले। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, विधायक प्रतिनिधि सचिदानंद अग्रवाल, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष सोनी, मुखिया अशोक कपरदार, पूर्व उप प्रमुख चंद्रदेव मेहता, पूर्व मुखिया राधा देवी, पंसस रेनू देवी, पूर्व मुखिया डेगनारायण मेहता, प्रकाश यादव, तालो यादव, गोपाल राम आदि उपस्थित थे। वही दूसरी ओर प्रखंड के देवकुली हाई स्कूल मैदान में भी फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता के द्वारा फीता काट कर ओर फुटबॉल में किक मार कर किया गया। देवकुली में आयोजित टूर्नामेंट में 32 टीमो ने भाग लिया है। मौके पर समाजसेवी अशोक मेहता, उमेश गिरी, पूर्व मुखिया परमेश्वर रविदास, डेगनारायण मेहता, रंजीत मेहता, आशीष मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रसव केंद्र बना अवैध वसूली का अड्डा

**प्रत्येक प्रसुति के घरवालों से वसूली जाती है एक से दो हजार रूपये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा का प्रसव केंद्र अवैध वसूली का केंद्र बन गया है। इस बाबत सहिया शायरा खातून ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रसव केंद्र में जीएनएम संजु कुमारी और सुशाना केरकेट्टा काम करती है। यहां पर प्रसव कराने के नाम पर दोनों जीएनएम के द्वारा प्रसुति के गार्जियन से 1000 रूपये से लेकर 2000 रूपये लेती है। दो दिनों पूर्व बरकट्ठा निवासी संतोषी देवी पति मुकेश यादव से इन दोनों जीएनएम के द्वारा 1100 रूपये ली है। इस बात की जानकारी उसके गार्जियन के द्वारा दी गयी। जानकारी हो कि बरकट्ठा के सभी सबसेंटरों पर प्रसव कराने के नाम मोटा पैसा की वसूली की जाती है। जो प्रेगनेंट महिला के गार्जियन पैसा नहीं दे पाते उसे इन दोनों जीएनएम के द्वारा प्रसव नहीं कराती है।

इस बाबत जीएनएम संजु कुमारी और सुशाना केरकेट्टा ने कहा कि हमलोग किसी से जबरन पैसा नहीं लेते हैं बल्कि गार्जियन खुशी से जो देते हैं वह रख लेते हैं।

इस बात की जानकारी मिलने पर पूर्व मुखिया बसंत साव स्वास्थ्य केंद्र पहूंचे और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रत्नारानी से भेंट कर इस घटना को बताया। डॉ रत्नारानी ने कहा कि किसी भी परिस्थिति में किसी को इस अस्पताल में पैसा नहीं लेना है और अगर इन लोगों ने पैसा लिया है तो वह गलत है। पूर्व मुखिया ने लोगों से किसी तरह का पैसा लेने पर इसकी शिकायत उच्च पदाधिकारियों से की जायेगी। मौके पर दर्शन सोनी, संतोष कुमार देव, भवेश सिंह, रंजीत कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के अमनारी में संचालित इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल का वन और पर्यावरण मेला दुधमटिया के कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने पर सोमवार को विद्यालय के बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम नाटक में प्रथम, डांस में तृतीय, प्रदर्शनी में तृतीय, झांकी में द्वितीय, क्विज में प्रथम अनुज कुमार शर्मा और भाषण में द्वितीय स्थान लाया है। विद्यालय परिवार की ओर से सोमवार को कार्यक्रम रखकर बच्चों का प्रोत्साहित किया गया एवं जो पुरस्कार जो मेला में मिला था उसे बच्चों को दिया गया। पुरस्कार वितरण मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, उपमुखिया कौलेश्वर कुमार, उमेश कुमार, जितेंद्र पासवन, अवधेश आनंद, शशि शर्मा, शंभु प्रसाद, अशोक महतो, मिथलेश मोदी ने किया। विद्यालय के शिक्षक भोलेनाथ यादव, धानेश्वर शर्मा, भीम साव, प्रशांत सिंह, राजेंद्र यादव, पुजा कुमारी उपस्थित थे।

## वन अधिकार अधिनियम 2023 पर बैठक



**चरही (आजाद सिपाही)।** सोमवार को इंद्रा पंचायत भवन में अंचल अधिकारी कार्यालय चुरचू के आदेशानुसार इंद्रा पंचायत मुखिया राधिका देवी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। वनाधिकार अधिनियम 2023 समिति के अध्यक्ष के रूप में उमाशंकर ठाकुर सचिव मो.एहतासामुल हसन एवम तेरह सदस्यों का चुनाव किया गया जिनमे निम्न हैं: फागू सोरेन, होपेन सोरेन, सन्नी कुमार मांझी, प्रभा देवी, फूलकुमारी देवी, गुलाचो देवी, सावित्री कुमारी, मीना देवी, रविन्द्र कुमार महतो, जमाल अंसारी, ऐनुल अंसारी, सुखदेव महतो, कामेश्वर भुइंया आदि। वन अधिकार अधिनियम के इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से चुरचू प्रखंड के 20 सूत्रीय अध्यक्ष बालकुमार महतो इंदिरा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य वीरेंद्र कुमार भुइंया, उप मुखिया कुमार महतो और पूर्व मुखिया दशरथ महतो शामिल थे और सैकड़ों ग्रामीण वन अधिकार अधिनियम के बैठक में शामिल हुए। ये लोग शामिल हुए। संगीता देवी, शीतल टुड्डू, शिव शंकर महतो, योगेश्वर महतो, छोटन कुमार महतो, झारीलाल मांझी, मुख्तार अंसारी, देवचरण महतो, अर्जुन राम, संजय महतो, बबिता देवी, महेश सोरेन, पंकज पटेल, विश्वनाथ सोरेन, शोधन सोरेन, नीलम देवी इत्यादि लोग शामिल हुए।

## अग्रवाल युवा मंच ने लगाया रक्तदान शिविर

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** अग्रसेन जयंती के अवसर पर चल रहे कार्यक्रमों में 9 अक्टूबर को अग्रवाल युवा मंच द्वारा अग्रसेन भवन में वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मारवाड़ी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, त्रिलोक मुनका, मनोज अग्रवाल, कुशल, पवन खेतान, अभिषेक अग्रवाल, अभिनव चौधरी, वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन, मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर नीरज कुमार ने संयुक्त रूप से किया। शिविर का शुभारंभ रवि राम राइका एवं संदीप अग्रवाल ने रक्तदान करके किया तत्पश्चात हर्ष गोयल, तशु अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, शुभम राम रायका विनीत अग्रवाल, नमृता अग्रवाल, यश महेश्वरी ,सुरुचि कुमारी ,रिया बुबना, युवा पत्रकार प्रमोद खंडेलवाल, पंकज मुनका, सोनाली बंसल, पूजा जैन, सावन अग्रवाल, यश सिन्हा आदि 53 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर के मानवता का परिचय दिया। रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन द्वारा रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। अग्रवाल युवा मंच के मीडिया प्रभारी ऋषभ अग्रवाल ने बताया कि इस बार के रक्तदान शिविर में महिलाओं की अच्छी भागीदारी रही। युवा मंच के सदस्यों द्वारा समय-समय पर अनेक सामाजिक कार्य भी किए जा रहे हैं। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में युवा मंच के अमित खेतान ,विवेक मुंनका, कशिश अग्रवाल, शुभम राम राय का, नितिन अग्रवाल वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन, मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर नीरज कुमार, टेक्नीशियन आर खैरी, मोकीम अख्तर, शमशाद, गोपाल कुमार, अजीत कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

## विधायक अंबा प्रसाद ने 200 केबीए का दिया ट्रांसफार्मर



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव मुख्य चौक 200 केबीए ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण पिछले तीन दिनों से बिजली की समस्या बनी हुई थी। जिसको लेकर चौक के ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद को सूचना दी गयी। उन्होंने तुरंत गाड़ी भिजवा कर जला ट्रांसफार्मर हजारीबाग बिजली विभाग को सौंपा कर 200 केबीए का नया ट्रांसफार्मर मंगवाया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन विधायक के इंटक प्रदेश सचिव अंकित राज उर्फ सुमित ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि बिजली से संबंधित कोई भी समस्या हो तुरंत ग्रामीण हमें जानकारी दें उसका समाधान जल्द से जल्द किया जायेगा। मौके पर अंकित राज उर्फ सुमित, उप प्रमुख वचन देव कुमार, गीरेंद्र मेहता, पंकज गुप्ता, आजसू पुर्व प्रखंड अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, रोहित सिंह, दीपक गुप्ता, अभिषेक कुमार, रवि जायसवाल, गौतम वर्मा, लेखराज जायसवाल, रौशन गुप्ता, पंकज खंडेलवाल भोला विश्वकर्मा, सहित और ग्रामीण मौजूद थे।

# बड़कागांव में संचालित हैं दर्जनों अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर

**स्वास्थ्य विभाग का सिर्फ दो पर कार्रवाई बाकी पर क्यों नहीं बना चर्चा का विषय**

**अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरो की वजह से बड़कागांव का लिंग अनुपात घटा**

**क्यों चुप्पी साधे हुई है स्वास्थ विभाग की टीम**

पिंटू कुशवाहा दिनकर

**बड़कागांव।** अधिकारियों की सुस्ती की वजह से बड़कागांव प्रखंड में खुलेआम अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहे हैं। प्रखंड में लगाभग दर्जन भर अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित हो रहे हैं। इन सभी में से कोई भी अल्ट्रासाउंड पंजीकृत नहीं हुआ है और ना ही अल्ट्रासाउंड चलाने वाले प्रशिक्षित डॉक्टर डॉक्टर भी उपलब्ध नहीं है। लेकिन फिर भी स्वास्थ्य महकमा के अधिकारियों की मिलीभगत से यह सारे अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर सिर्फ और सिर्फ एक मोटी रकम कमाने के लिए झोलाछाप डॉक्टरों केसहारे ऑपरेट किया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि इन सभी फर्जी सेंट्रो के खिलाफ शिकायत नहीं की गयी है शिकायत तो होती है परंतु उसके बाद कार्रवाई के नाम पर सिर्फ और सिर्फ कागजी घोड़े दौरे जाते हैं। बस दिखावे के लिए एक दो सेंट्रो में जांच पड़ताल की जाती है। और एक-दो दिन के लिए यह सेंटर बंद होती है इसके तुरंत बाद फिर से यह सेंटर अपने मनमाने ढंग से शुरू कर दिया जाता है खास बात यह है कि इन तारों में प्रशिक्षित डॉक्टर नहीं होने के कारण कई बार मरीज के रिपोर्ट भी गलत दे दिए जाते हैं, और इसके बाद ग्रामीण व परिजनों के द्वारा हंगामा होता है ऐसे में मरीज से मनमानी ढंग से पैसे वसूले जाते हैं यानी यह सभी अवैध अल्ट्रासाउंड जो सिर्फ और सिर्फ बड़कागांव प्रखंड के लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं और अपनी जेब गर्म कर रहे हैं।

वही सूत्रों की माने तो अल्ट्रासाउंड के संचालकों के द्वारा प्रखंड से लेकर जिला तक के स्वास्थ्य अधिकारियों को महीना में एक मोटी रकम नजराना के तौर पर पेश किया जाता है तब जाकर उनकी अवैध धंधा संचालित होते हैं।

**इन अवैध सेंटरो में होता है लिंग जांच:** हम सभी जानते हैं कि गर्भ में बच्चों की लिंग जांच करना कानूनी जुर्म है जिसके लिए भारत में इसकी सजा भी दी जाती है। बावजूद इसके इन अवैध अल्ट्रासाउंड में एक मोटी रकम लेकर लिंग जांच भी किया जाता है। जिसका परिणाम आज यह है कि बड़कागांव प्रखंड में लड़कों के जनसंख्या के मुकाबले लड़कियों की जनसंख्या काफी कम हो गई है।

**कार्रवाई के नाम पर सिर्फ दो जगह पर जांच बना चर्चा का विषय:** पिछले दिनों स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा बड़कागांव में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरो में जांच की गयी थी परंतु क्षेत्र में चर्चा का विषय यह बना हुआ है कि बड़कागांव के सिर्फ दो सेंटरो पर जाकर जांच किया जाना और बाकी सेंटरो पे नहीं जाना यह ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

**आखिर किसके इशारे पर किया जा रहा है अवैध धंधा:** प्रखंड में चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर किसके इशारे पर हो रहा है यह अवैध अल्ट्रासाउंड का कारोबार। स्वास्थ्य विभाग की इतनी लापरवाही क्यों है कि बड़कागांव में इन दिनों लगातार अवैध अल्ट्रासाउंड संचालकों की संख्या दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। **बड़कागांव चिकित्सा प्रभारी के नाक के नीचे हो रहा है अवैध धंधा:** बताते चले कि बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार के नाक के नीचे यह गोरख धंधा संचालित हो रहा है कई अवैध अल्ट्रासाउंड ऐसे हैं की बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और थाना के बगल में चलाए जाते हैं मौजूद इसके कुछ कार्रवाई नहीं होता।

**कहां-कहां संचालित हो रहे हैं अवैध अल्ट्रासाउंड:** सूत्र बताते हैं कि बड़कागांव प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बगल में, बड़कागांव थाना के बगल में, बड़कागांव ब्लाक के बगल में, एक्सिस बैंक बड़कागांव के पास बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, एचपी पेट्रोल पंप के पास, बरिया मोहल्ला के पास, महटिकरा चौक के पास, एनटीपीसी साइट कार्यालय के पास सहित अन्य जगहों पर अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालित हो रहे हैं।

**क्या कहना है चिकित्सा प्रभारी का:** इस संबंध में प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ अविनाश कुमार से पूछे जाने उन्होंने बताया कि मैं अभी ही चिकित्सा प्रभारी बना हूं और मुझे भी इसकी गुप्त सूचना मिल रही है और मैं इस पर जांच पड़ताल कर रहा हूं जल्द ही छापामारी कर अवैध अल्ट्रासाउंड चलाने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई किया जायेगा।

## बीडीओ ने लोगों को दिया प्रशिक्षित पत्र



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड परिसर के सभागार में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के संकल्प सप्ताह के तहत समावेश सप्ताह के अवसर पर दर्जनों लोगों को प्रशस्ति पत्र बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता के हाथों सोंपा गया। ज्ञात होगी केंद्र सरकार के आकांक्षी प्रखंड के अंतर्गत चयनित 5 सौ प्रखंडों में पतरातू भी शामिल है। आकांक्षी प्रखंड के तहत शिक्षा स्वास्थ्य सहित कई विषयों पर विशेष ध्यान देकर कार्य करने के लिए सरकारी अधिकारियों कर्मचारियों और आम जनमानस को प्रेरित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतिम दिन सोमवार को इस कार्यक्रम में बेहतर काम करने वाले शिक्षा क्षेत्र के 14 शिक्षकों को, 11 स्वास्थ्य कर्मियों को, पोषण से जुड़ी पांच सहिया और आंगनबाड़ी सेविकाओं को, आजीविका क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले पांच लोगों को, कृषि के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले पांच किसानों को, 15 पंचायत सचिवों को और प्रखंड के सभी 42 मुखियाओं को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस मौके पर मुखिया पानो देवी शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मनोरंजन पांडे, चितरंजन कुमार, सहित दर्जनों अन्य लोग शामिल थे।

### जमीन के विवाद में एक बार फिर रामगढ़ महाविद्यालय बना रणक्षेत्र

# ग्रामीण और छात्र संगठन हुए आमने-सामने, पूरे दिन मुस्तैद रही पुलिस





आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जमीन विवाद को लेकर रामगढ़ महाविद्यालय एक बार फिर रणक्षेत्र बन गया। यहां एक तरफ छात्र संगठन भू माफियाओं के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे थे, तो दूसरी तरफ सैकड़ों ग्रामीण अपने रास्ते की मांग को लेकर अड़े हुए थे। सोमवार को सुबह से शाम तक यहां तनाव की स्थिति बनी रही। दर्जनों पुलिस और दंडाधिकारी छात्रों और ग्रामीणों की बात सुनते रहे। हालांकि शाम तक भी अधिकारी किसी स्पष्ट निर्णय पर नहीं पहुंच पाये।

**छात्रों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से खुला हुआ रास्ता उचित नहीं: राजेश**

रामगढ़ महाविद्यालय की बाउंड्री एक तरफ से खुली हुई है। जिस रास्ते का उपयोग लगभग ढाई हजार घर के लोग करते हैं। छात्र संगठन के नेता राजेश ठाकुर का कहना है कि रामगढ़ कॉलेज की अपनी जमीन है। यहां के छात्रों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से वह खुला हुआ रास्ता उचित नहीं है। रामगढ़ महाविद्यालय को 17 एकड़ जमीन आवंटित है। कॉलेज अभी भी 13 एकड़ भूमि पर ही सिमटा हुआ है। लगभग चार एकड़ जमीन का अतिक्रमण भू माफियाओं के द्वारा किया जा चुका है। एक तरफ की बाउंड्री को तोड़कर भूमाफियाओं ने उसे रास्ता बनाने की साजिश रची है। जिला प्रशासन से छात्र संगठन ने यह मांग की है कि उस रास्ते को बंद किया जाये, ताकि कॉलेज के छात्र-छात्राओं की सुरक्षा से खिलवाड़ बंद हो सके। साथ ही कॉलेज की जमीन की एक बार फिर मापी होनी चाहिए ताकि 17 एकड़ जमीन पर कॉलेज प्रबंधन का कब्जा हो सके।

**जिस रास्ते का उपयोग वर्षों से ग्रामीण करते आ रहे हैं, वह रास्ता आम है: ग्रामीण**

इसके ठीक विपरीत ग्रामीणों का कहना है कि रामगढ़ महाविद्यालय अपनी पूरी जमीन पर कायम है। जिस रास्ते का उपयोग वर्षों से ग्रामीण करते आ रहे हैं, वह रास्ता आम है। ग्रामीणों का कहना है कि उस रास्ते पर लगभग ढाई हजार घरों की आबादी आश्रित है। अगर वह रास्ता बंद हो जायेगा तो विकट समस्या उत्पन्न हो जायेगी। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि कॉलेज से सटे सैकड़ों घर इस बात का प्रमाण है कि उस आम रास्ते का उपयोग वर्षों से होता आ रहा है।

**छात्रों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ नागरिकों के हितों को ध्यान में रखा जायेगा: सीओ**

मामले में रामगढ़ अंचल अधिकारी सत्येंद्र पासवान ने कहा कि वह कॉलेज की जमीन और ग्रामीणों के जमीन के विवाद को लेकर जांच करायेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही जांच रिपोर्ट आयेगी। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जायेगा। इसके अलावा आम नागरिकों के हितों की रक्षा का भी ध्यान रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल छात्र संगठन और ग्रामीणों से शांति बनाये रखने की अपील की गयी है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

### अंचलाधिकारी ने जांच का दिया आश्वासन

**इस पूरे प्रकरण का पटाक्षेप रामगढ़ अंचल अधिकारी सत्येंद्र पासवान ने जांच का आश्वासन देकर किया है। हालांकि यह आश्वासन भी चंद दिनों के लिए ही है। अगर जल्द ही अधिकारी किसी ठोस निर्णय पर नहीं सुनाते हैं तो ग्रामीण और छात्रों के बीच की तनावपूर्ण स्थिति कभी भी खूनी संघर्ष का रूप ले सकती है।**

## संरक्षिका महिला समूह ने योग शिविर का किया आयोजन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** सीआइएसफ यूनिट पीवीयूएन के संरक्षिका महिला समूह द्वारा महिलाओं को योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर पीटीपीएस जनता नगर शिव मंदिर प्रांगण में सोमवार को योग शिविर लगाकर लोगों को योग का अभ्यास कराया गया। इस मौके पर संरक्षिका महिला समूह की अध्यक्ष प्रणिता, ट्रेनर सेकंड रिजर्व बटालियन रांची हेड कांस्टेबल आरती कुमारी, अर्चना, रीना सिंह, बबली चौधरी, अंजू लता, सीमा सिंह, प्रियंका, मंजू, कनकलाता, सिनु, अलका, सुशीला देवी, मल्लिका सत्यापति, समेत कई सीआइएफ परिवार की महिलाएं उपस्थित थी।

## सीसीएलकर्मियों के हित में हुआ है बोनस भुगतान का निर्णय: संतोष यादव



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कोयला कामगारों के बीच परफॉर्मेंस लिंक्ड रिवार्ड के तहत बोनस भुगतान को लेकर केंद्रीय ट्रेड यूनियन और कोल इंडिया प्रबंधन के बीच रविवार को नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित स्कोप कॉम्पलेक्स में बैठक हुई। बैठक में कोयला कामगारों को 85 हजार रूपया बोनस देने पर सहमति बनी है। इससे कोयला कामगारों में हर्ष का माहौल है। इस निर्णय से सीसीएल के 16 क्षेत्रों के कीहब 32 हजार 462 कामगारों से इसका लाभ मिलेगा। जबकि रामगढ़ जिला में कार्यरत 13 हजार 148 कोयला कामगारों के बीच बोनस का भुगतान होगा। जिससे सीसीएल कर्मियों का दशहरा खुब मजे से बितेगा। 20 अक्टूबर तक कोयला कामगारों को बोनस का भुगतान होने की संभावना है। बैठक में प्रबंधन की ओर से कोल इंडिया के अध्यक्ष, सीएमडी निदेशक सहित कार्मिक प्रबंधक आहुति स्वाई व अन्य अधिकारी शामिल थें। वहीं ट्रेड यूनियन की ओर से बीएमएस के सुधीर एच घुरडे, मजरुल हक अंसारी, एचएमएस के शिवाकांत पांडेय, एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार, सीटू के डीडी रामनंदन शामिल हुए। इधर कोल फिल्ड मजदूर यूनियन के केंद्रीय सदस्य संतोष कुमार यादव ने कोयला कर्मियों को 85 हजार रूपया बोनस तय होने पर खुशी का इजहार करते हुए सीसीएल कर्मियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ट्रेड यूनियनों ने कोल इंडिया प्रबंधन को मजदूरों को बोनस देने के लिए मजबूर कर दिया। यह जीत मजदूरों की जीत हुई। मैं बोनस के इस समझौते का स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा कि यह किसी भी पब्लिक सेक्टर में अभी तक का सबसे बड़ा रकम है। यादव ने कहा कि बोनस भुगतान की बात मजदूरों के हित में हुआ है। इसके लिए ट्रेड यूनियन के लोग भी बधाई के पात्र हैं। उन्हीं के वजह से यह तय हो पाया है।

## चोरी मामले पर अंकुश लगाने को लेकर बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा ओपी परिसर में सोमवार को भुरकुंडा प्रशासन व व्यवसायियों के बीच बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में आये दिन हो रही चोरियों पर विराम लगाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। मौके पर व्यवसायियों ने कहा कि दुकान व मकान में लगातार हो रही चोरी से हमसभी काफी चिंतित हैं। इसपर अंकुश लगाना अति आवश्यक है। मौके पर ओपी प्रभारी मयंक प्रसाद ने कहा कि प्रत्येक दुकान के सामने में बिजली बल्ब की व्यवस्था करें। साथ ही बाजार की सुचारू व्यवस्था व समस्याओं के समाधान के लिए आपसभी व्यापारिक संघ का समिति बनायें। उन्होंने कहा कि चोरो के धर-पकड़ के लिए पुलिस गशती तेज की जायेगी। किसी भी हाल में अपराधी व चोरो को बख्सा नहीं जायेगा। क्षेत्र को अपराधमुक्त व चोरों से मुक्त करने के लिए पुलिस हर सार्थक कदम उठायेगी। मौके पर ओपी प्रभारी मयंक प्रसाद, एसआई कुंदन राव, एसआई आरपी शर्मा, एसआई सामंत दास, मुखिया अजय पासवान, योगेश दांगी, मुकेश राउत, डब्लू पांडेय, नरेश प्रसाद, पुरेन्द्र सिंह, उदय सोनी, सिकंदर महतो, संजय अग्रवाल, अरुण गुप्ता, मुस्लिम, नंदलाल रजक सहित कई व्यवसायी मौजूद थें।

## समाजसेवी मंगल श्रीवास्तव का हृदय गति रुक जाने से निधन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** समाजसेवी हरवंश प्रसाद श्रीवास्तव उर्फ मंगल श्रीवास्तव का निधन हृदय गति रुक जाने से रविवार की देर शाम हो गई। उनके निधन की खबर से फैलते ही शहर में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता हैं कि रविवार की सुबह करीब 11 बजे उनके सीने में दर्द की शिकायत होने पर उन्हें रांची रोड स्थित हॉप हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार के बाद मेडिका हॉस्पिटल रांची रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। बताते चले कि वे विभिन्न हिंदू संगठन और समाज के क्षेत्र में लगातार कार्य करते आ रहे थे। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ चले गये। उनका अंकित संस्कार दामोदर नदी स्थित गांधी घाट में छोटे पुत्र शिवशेखर श्रीवास्तव ने मुखाग्नि देकर किया।

**शोक व्यक्त करने वालों में:** सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार, नारायणचंद्र भौमिक, धनंजय माणिक, सरदार अनमोल सिंह, महेंद्र मोदी, विजय मेवाड़, रंजीत सिन्हा, मनमोहन सिंह लांबा, मनोज जायसवाल, प्रवीण मेहता, मनोज सिन्हा, अमित सिन्हा, दीपक सिन्हा, आनंद सिन्हा, अशोक छाबड़ा, महेश कुमार, प्रदीप कुमार सिंह, अनूप कुमार सिंह, बंटी बाबू, राजेश कुमार श्रीवास्तव, रमिंदर सिंह गांधी, राजेश ठाकुर, नमेंद्र चंचल, राजीव रंजन प्रसाद, रोबिन गुप्ता, सुशांत कुमार पांडे, शिवकुमार महतो, राजेश नागी, छोटू वर्मा, विजय जायसवाल, सुरेंद्र सिन्हा, वसुध तिवारी, शशि पांडे सहित शहर के कई गण्यमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# मिशन जीरो हंगर के तहत एक करोड़ पौष्टिक भोजन उपलब्ध करायेगी जेएसपी फाउंडेशन

**उद्योगपति नवीन जिंदल के संकल्प से प्रेरित हो प्रतिवर्ष 50 लाख पौष्टिक आहार उपलब्ध करा रहा है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के चेयरमैन नवीन जिन्दल ने भूख-मुक्त भारत का जो संकल्प लिया है, उससे प्रेरित होकर जेएसपी फाउंडेशन ने एक व्यापक योजना बनाई है। पूरे देश में फिलहाल प्रतिवर्ष 50 लाख पौष्टिक आहार उपलब्ध करा रहे फाउंडेशन ने प्रतिवर्ष 1 करोड़ भोजन और राशन पहुंचाने की तैयारी की है। ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड के अनेक जिलों में इस योजना के विस्तार की रूपरेखा तैयार कर ली गयी है। ज्ञात हो की हरियाणा के कुरुक्षेत्र से सांसद रहते हुए नवीन जिन्दल ने 2006 में भूख-मुक्त भारत के लिए लोकसभा में एक निजी विधेयक पेश किया था। जिसकी परिणति खाद्य सुरक्षा कानून के रूप में हुई थी। जिंदल के उन प्रयासों से प्रेरित जेएसपी फाउंडेशन निरंतर मिशन जीरो हंगर कार्यक्रम चला रहा है और कोविड-19 के प्रकोप के समय उसके इस अभियान की राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक सराहना भी हुई थी। जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिंदल के नेतृत्व में इस मिशन के तहत विशेष रूप से निर्धनों, सामाजिक रूप से वंचित समुदायों, कुपोषण से पीड़ित बच्चों, गर्भवती माताओं और एनीमिया ग्रस्त महिलाओं-किशोरियों और प्रवासी श्रमिकों को प्राथमिकता दी जायेगी। उन्हें पका-पकाया भोजन और सूखा राशन उपलब्ध कराया जायेगा। शालू जिन्दल ने पहले चरण में ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड से इस अभियान की शुरूआत कर धीरे-धीरे पूरे भारत में भूख और कुपोषण समाप्त करने के लिए मिशन जीरो हंगर लागू करने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। ओडिशा के अलावा इसे छत्तीसगढ़ के रायपुर, राजनंदगांव, दुर्ग और झारखंड के रामगढ़ और रांची जिले में लागू किया जायेगा। जेएसपी फाउंडेशन यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सीएसआर कार्यक्रम में पात्रता संबंधी केंद्रीय कंपनी मामलों के मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप समान विचारधारा वाले उन गैर-सरकारी व नागरिक संगठनों और प्रोफेशनल एजेंसियों के साथ तालमेल करेगा, जो पंक्ति के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचकर भूख और कुपोषण उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध हैं। जेएसपी फाउंडेशन अपेक्षा करता है कि इस पवित्र मिशन में भागीदारी के इच्छुक संगठन क्षमतावान होंगे और उनके पास प्रशिक्षित कार्यबल होगा ही लेकिन इनसे भी बढ़कर उनकी भावना जरूरतमंदों के प्रति करुणा और उनके कल्याण की होगी। भूख और कुपोषण उन्मूलन की प्रतिबद्धता वाले ऐसे संगठन जेएसपी फाउंडेशन की वेबसाइट डब्लूडब्लूडब्लू डॉट जेएसपी फाउंडेशन डॉट को डॉट इन के माध्यम से जुड़ सकते हैं। वेबसाइट पर योजना का विवरण और आवेदन उपलब्ध है। जेएसपी फाउंडेशन का मानना है कि मिशन जीरो हंगर के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामूहिक और परस्पर सहयोग आवश्यक है। समाजसेवा के लिए दृढ़संकल्पित भागीदारों के साथ मिलकर फाउंडेशन का उद्देश्य देश भर में वंचित और कमजोर समुदायों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है।

## विधायक अंबा की उपस्थिति में कई महिला- पुरुषों ने थामा कांग्रेस का दामन

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** विधायक अंबा प्रसाद ने पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में प्रत्येक सोमवार को लगने वाली जनता दरबार के दौरान दर्जनों गांव से आये लोगों की समस्याएं की जानकारी लेते हुए कई समस्याओं का समाधान किया। इस दौरान कई क्षेत्र से आए महिला पुरुष ने कांग्रेस के नीति सिद्धांत से प्रभावित होकर जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। विधायक अंबा प्रसाद ने सभी को पार्टी का पट्टा पहनाकर भ फूल गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल अंजन प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एटीएम मशीन में हेराफेरी करने के मामले में ग्रामीणों ने एक युवक को पकड़ा

**21 एटीएम कार्ड जब्त, किया पुलिस को सुपुर्द, पुलिस जांच में जुटी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** कुजू चौक स्थित एसबीआइ शाखा के एटीएम मशीन में हेराफेरी करने के मामले में ग्रामीणों ने एक युवक को पकड़कर कुजू पुलिस को सुपुर्द कर दिया। जबकि युवक का एक साथी मौके से फरार हो गया। कुजू पुलिस ने मौके से 21 एटीएम कार्ड, पल्सर बाइक, स्क्रू ड्राइवर समेत गम (गोंद) को जब्त किया है। इधर, पुलिस मामले को लेकर गहन जांच पड़ताल में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार, कुजू चौक स्थित एसबीआइ शाखा के एटीएम के अंदर एक युवक घुसा। जबकि युवक का एक साथी बाहर खड़ा होकर आने जाने में लोगों की निगरानी कर रहा था। एटीएम मशीन के लिए तैनात सुरक्षा गार्ड राजेश कुमार को घुसे युवक पर संदेह हुआ। जिसके बाद उक्त युवक से पूछताछ के दौरान दोनों युवक भागने लगा। स्थानीय लोगों व सुरक्षा गार्ड की मदद से भाग रहे एक युवक को पकड़ लिया गया। जबकि दूसरा युवक भाग निकला। पूछताछ के दौरान पकड़े गये युवक ने अपना नाम उत्तम सिंह साड़म, इचाक हजारीबाग निवासी बताया है। पकड़े गए युवक को ग्रामीणों ने कुजू पुलिस को सुपुर्द कर दिया। इधर, मामले को लेकर पुलिस जांच पडताल में जुटी है। इधर, पुलिस ने पकड़े गये युवक के बैंक के पास खड़ी पल्सर बाइक संख्या जेएच 02एएस-5773 जब्त किया है।

## सिक्किम त्रासदी में रामगढ़ का इंजीनियर लापता

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** सिक्किम त्रासदी में रामगढ़ के अभियंता शहनवाज अहमद लापता हो गये हैं। चार अक्तूबर को वहां बादल फटने के बाद से उनका कहीं अता-पता नहीं है, वह हजारीबाग के उर्दू अखबार के पत्रकार अनवर फिदवी के साले हैं, अनवर फिदवी ने बताया कि उन्हें शहनवाज से चार अक्तूबर की रात करीब 12 बजे आखिरी बात हुई थी। उस वक्त उनके साले ने कहा था कि वह तिस्का हाइड्रो प्लांट मंगन चुंगमांग में ही हैं और काफी तीव्र गड़गड़ाहट की आवाज सुनाई पड़ रही है, उसके बाद से न तो उनका मोबाइल लग रहा है और न ही उनका कहीं पता चल रहा है अनवर फिदवी अपनी टीम के साथ पिछले पांच दिनों से सिक्किम के पहाड़ी इलाकों में खाक छान रहे हैं। उन्होंने बताया कि करीब 25 हजार फीट की ऊंचाई पर वे लोग हैं। आने-जाने का मार्ग भी बाधित है, सेना के जवान सहयोग कर रहे हैं इधर हजारीबाग के समाजसेवी सह शांति समिति के सदस्य और राजद नेता संजर मलिक ने झारखंड और सिक्किम के मुख्यमंत्री से लापता अभियंता शहनवाज अहमद की तलाश का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जैसे-जैसे दिन गुजरते जा रहे हैं, मन में तरह-तरह की आशंकाएं जन्म ले रही हैं सीएम को ट्वीट करते हुए उन्होंने लिखा है कि अभियंता शहनवाज अहमद परिवार के जीवन यापन के लिए इतनी दूर नौकरी के लिए गये थे। उन्होंने मांग की है कि अभियंता शहनवाज अहमद की खोज एनडीआरएफ की टीम और अन्य आपदा रेस्क्यू एजेंसी के माध्यम से जल्द की जाये।

# सड़क निर्माण से दर्जनों गांव को मिलेगी आवागमन की बेहतर सुविधा: सांसद जयंत

**पुत्तरीड़ीह मोड़ से बयागं तक 3 करोड़ 56 लाख की लागत से किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** रामगढ़ जिला अंतर्गत दुलमी प्रखंड के सुदूरवरती पंचायत कुलही के पुतरीडीह मोड़ से बयागं तक 5.37 तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। जिसकी प्राकृतिक राशि 3 करोड़ 56 लाख से निर्माण कार्य किया जायेगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा और विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी शामिल हुए शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए सांसद ने उपस्थित को बताया कि पिछले कई वर्षों से सुदूर भारती इलाका में सड़क निर्माण कार्य के लिए ग्रामीणों की मांग आज धरातल पर उतरने का काम किया गया है जिसमें आपका स्थानीय विधायक सुनीता चौधरी का बहुत ही सहयोग रहा है सड़क निर्माण कार्य पूरा हो जाने पर दर्जनों गांव बेहतर आवागमन के लिए लाभ मिलेगा जिसमें मुख्य रूप से बमणी, उरबा, बयागं पुतरीडीह, महथा गोड़ा, और सरना टोला सहित कई गांव लाभान्वित होंगे। ग्रामीणों को मिलेगी आवागमन की बेहतर सुविधा, विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने कहा की आज ग्रामीणों का सपना पूरा हुआ, गांव में विकास की एक नई लकीर खींचने का काम किया गया है, बरसों से यह सड़क उपेक्षित था जिसे प्रतिनिधियों ने दरकिनार करके रखा था। आज एनडीए के शासनकाल में ग्रामीण सड़कों का निर्माण का कार्य किया जा रहा है जरूरत है की सड़क निर्माण में ग्रामीणों का साथ मिले और गुणवत्ता पूर्वक निर्माण कार्य किया जाये। इस मौके पर शिलान्यास समारोह का संचालन आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार ने किया इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव साव, प्रकाश मिश्रा, आजसू पार्टी कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमृतलाल मुंडा, सरिता देवी चंद्रदेव महतो, देवधारी महतो, कुलही पंचायत मुखिया चुडकी देवी, पंचायत समिति सदस्य रेणु कुमारी, अनिल तुरी, प्रकाश मिश्रा, विजय ओझा, उमेश साहू, रामकिशुन भोक्ता सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### सांसद विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास



**गोला।** गोला प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में ग्रामीण कार्य विभाग से बनाये जाने वाले सड़को का शिलान्यास सोमवार को किया गया। इसका विधिवत शिलान्यास हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा और स्थानीय विधायक सुनीता चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सबसे पहले हुप्पू दशरथ चौक होते हुए बंदा रोड का शिलान्यास किया गया। यहां ग्रामीणों ने सांसद को सभी समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने दशरथ चौक में स्थित एक प्लांट में जमकर प्रदूषण फैलाने का आरोप लगाते हुए उसे जल्द बंद करने का अनुरोध किया। इसके अलावे कुस्टेगढा से सुतरी रोड का शिलान्यास, जोभीया वाया खैराजरा, हेसपोड़ा होते हुए रजरप्पा मंदिर तक पथ कालीकरण का शिलान्यास भी किया गया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना पहली प्राथमिकता है। सड़क की मांग ग्रामीणों ने की थी। इसपर मेरे द्वारा संज्ञान लिया गया। विधायक ने कहा कि पूरे जिले में सड़कों का जाल बिछाने का काम किया जायेगा। विकास का सिलसिला रामगढ़ में नहीं थमेगा। मौके पर जीप सदस्य सरस्वती देवी, उपप्रमुख विजय ओझा, मुखिया प्यारेलाल महतो, गोबिंद मुंडा, गोबिंद मुंडा, भाजपा नेता अर्जुन प्रसाद, अशोक महतो, नित्यानन्द महतो, मुकेश महतो, बबलू साव, जितेंद्र साहू आदि थे।

**नोटिस**

नोटिस पत्र संख्या 00104 दिनांक 08.10.2023 के अनुसार बजरिये इस नोटिस के माध्यम से रंजन लाल पिता बच्चु लाल, पता- फ्लैट नं.-D-504, फेज -2, गणपति पैलेस, शुक्ला कॉलोनी, हिनू डोरंडा, जिला - रांची। आपको सूचित करता हूं कि आपके द्वारा जबरन कराया गया पॉवर ऑफ एट्रोर्नी जो 24.08.2023 Document No.- 2023 /RANU2/ 2085/ BKI/ 1957 को रजिस्टार के यहां रजिस्टर्ड किया गया था उसे 29.09.2023 को रजिस्टार हिनू के यहां से निरस्त कर दिया गया है। यह पावर अब सिर्फ हमारे मुवक्किल बच्चु लाल एडवोकेट के हाथ में है। अतः आप किसी प्रकार के लेन देन का कारोबार नहीं करेंगे। अगर आपने किसी प्रकार का एग्रीमेन्ट भी किया है तो यह रजिस्ट्री नहीं होगा क्योंकि अब इसकी सारी जिम्मेदारी हमारे मुवक्किल बच्चु लाल एडभोकेट का है। इसलिए सारे लेन-देन जो आपके द्वारा किये गये हैं रद्द समझें।

-Rani Sinha (Advocate)

**AFFIDAVIT**

As per affidavit Ref. No. 71083 dated 07.10.2023 I, **Bijendra Mehta**, S/o Birju Mahto, date of birth- 01/01/1981by faith- Hindu, by occupation-Business, by nationality-Indian, present resident of Ghutuwa Near 2nd Gate, P.O- NTS Barkakana P.S-Patratu, Distt- Ramgarh (Jharkhand) permanent resident of Vill-Kurha, P.O + P.S- Ichak, Distt-Hazaribagh (Jharkhand) do hereby solemnly, affirm and declare as follows:-

1. That my actual and correct name is **Bijendra Mehta** which has been mentioned in my Aadhar card No-9205 6902 2520, PAN card Educational Certificate and other documents.
2. That Sangita Kumari is my daughter, her Aadhaar No is **3289 2255 3550** and my name has been wrongly mentioned as **Bijendra Prasad** Mehta, who studying in Class-IXth in DAV Public School CCL NTS Barkakana.
3. That **Bijendra Mehta & Bijendra Prasad Mehta** is the both name of same and one person i.e. myself.
4. That this affidavit is required for my name **Bijendra Mehta** in place of **Bijendra Prasad Mehta** in her School Record from authority concern for doing needful.

# हमास का हमला

ऐसे समय जब दुनिया पहले ही यूक्रेन-रूस युद्ध से उपजी चुनौतियों से जूझ रही है, फलस्तीनी मिलिटेंट ग्रुप हमास की ओर से इजरायल पर किया गया हमला कई लिहाज से चिंताजनक है। एक तो यह कि जिस तरह के समन्वित प्रयासों के साथ और जितने बड़े पैमाने पर यह हमला हुआ है, वह हैरत में डालता है। दूसरे, शनिवार को हमास की ओर से हुए इस हमले के बाद रविवार को लेबनान से एक अन्य इस्लामी मिलिटेंट ग्रुप हिजबुल्ला ने भी मोर्टार हमले किये। इन हमलों की संवेदनशीलता को देखते हुए ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपनी पहली ही प्रतिक्रिया में दो बातें बिल्कुल साफ कर दीं। एक तो उन्होंने कहा कि इजरायल को अमेरिका हर तरह का मुनासिब समर्थन देने को तैयार है। दूसरे, उन्होंने चेतावनी भी दी कि इजरायल से दुश्मनी रखने वाला कोई भी पक्ष इस स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश न करे। जिस तरह के हालात से अभी दुनिया गुजर रही है, उसमें इस आशंका को दूर करना सबसे पहले जरूरी है कि ताजा आतंकी हमले से पैदा हुआ तनाव अन्य क्षेत्रों में न फैले। जहां तक भारत की बात है, तो घटना के बाद विदेश मंत्रालय ने भले ही तत्काल कोई बयान जारी नहीं किया हो, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ट्वीट सामने आ गया, जिसमें आतंकी हमले को स्तब्ध करने वाला बताते हुए इस कठिन समय में इजरायल के साथ एकजुटता दिखायी गयी। इसके पीछे जहां आतंकवाद पर किसी भी तरह का समझौता न करने की भारत की प्रतिबद्धता निहित है, वहीं हाल के वर्षों में इजरायल के साथ भारत की बढ़ी करीबी भी रेखांकित होती है। गौर करने की बात है कि न केवल इजरायल, बल्कि अरब देशों के साथ भी भारत के अच्छे रिश्ते हैं। जानकारों के मुताबिक इस हमले का एक मकसद इजरायल और अरब देशों को करीब लाने की हालिया कोशिशों पर चोट करना भी हो सकता है। ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि अरब देश फलस्तीनियों के संघर्ष के प्रति अपना पारंपरिक समर्थन जताते हुए किस सीमा तक आगे बढ़ते हैं और इजरायल के साथ सहयोग की संभावनाओं को नष्ट होने से बचाने में कितनी दिलचस्पी लेते हैं। भारत के लिहाज से खास तौर पर पिछले साल बने आइ2यू2 (यानी इजरायल, भारत, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात) समूह का भविष्य इससे जुड़ा है। इसके अलावा जी20 की नयी दिल्ली शिखर बैठक में जिस इंडिया मिडल ईस्ट इकॉनमिक कॉरिडोर का एलान हुआ था, उसमें भी इजरायल शामिल है और इस परियोजना के लिहाज से भी यह सवाल अहम है कि ताजा हमले से उपजा तनाव किन देशों को और किस हद तक अपनी चपेट में लेता है।

**जहां तक भारत की बात है, तो घटना के बाद विदेश मंत्रालय ने भले ही तत्काल कोई बयान जारी नहीं किया हो, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ट्वीट सामने आ गया, जिसमें आतंकी हमले को स्तब्ध करने वाला बताते हुए इस कठिन समय में इजरायल के साथ एकजुटता दिखायी गयी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत ने सही तर्क दिया है कि युद्ध 21वीं सदी का रास्ता नहीं है, लेकिन अगर पुतिन अपनी योजना में सफल हो जाते, तो उन्होंने प्रतिशोध के साथ विश्व राजनीति के सिद्धांत के रूप में युद्ध को प्रोत्साहित किया होता। यह महत्वपूर्ण था कि पुतिन को रोका जाये। एकमात्र सवाल यह था कि ऐसा करने का सबसे कम विनाशकारी साधन क्या था? संभावित रूप से एक तीसरा मुद्दा दाव पर था। वह था परमाणु हथियारों का संभावित उपयोग। जब तक हथियार मौजूद हैं, यह खतरा पूरी तरह से खत्म नहीं होता, लेकिन कम से कम इस घटना पर चीन जैसे पुतिन के सहयोगियों ने एक लाल रेखा खींच ली है।**

# रूस की साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाएं हैं

भानु प्रताप मेहता



**युद्ध के कई दीर्घकालिक राजनीतिक प्रभाव सामने आयेंगे। हमेशा की तरह पश्चिम और वैश्विक दक्षिण में खूब पाखंड होगा। क्या पुतिन अपनी राजनीतिक किस्मत पलटने की उम्मीद में एक साल तक संघर्षपूर्ण संघर्ष में पड़े रहेंगे? क्या क्षमताओं में कमी के बावजूद रूस विनाश के अंतिम कार्य में संलग्न है?**

पिछले कुछ हफ्तों में अमेरिका और यूरोप में राजनीतिक घटनाक्रम यूक्रेन में युद्ध की वैश्विक राजनीति पर फिर से प्रकाश डाल रहे हैं। अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी यूक्रेन को फंडिंग के मामले पर अपना संदेह सख्त करती दिख रही है, जबकि यूरोप में रूस समर्थक राजनीतिक ताकतें ताकत हासिल कर रही हैं। शेष विश्व में युद्ध लगातार अदृश्य होता जा रहा है, तो हम युद्ध में कहां खड़े हैं और इसका परिणाम कैसा हो सकता है, यह सवाल सबके दिमाग में है।

इस युद्ध में जो कुछ भी दाव पर लगा था, उसे दोहराना उचित है। खास कर भारत में जहां रूस के लिए मौन समर्थन चर्चा में हावी रहा है। यदि यूक्रेन के प्रति रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की आक्रामकता सफल हो जाती, तो इससे अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के 3 महत्वपूर्ण सिद्धांत उलट जाते। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह केवल दूसरी बार होगा कि किसी देश ने किसी अन्य देश को समग्र रूप से अपने में मिलाने की कोशिश की होगी।

भारत ने सही तर्क दिया है कि युद्ध 21वीं सदी का रास्ता नहीं है, लेकिन अगर पुतिन अपनी योजना में सफल हो जाते, तो उन्होंने प्रतिशोध के साथ विश्व राजनीति के सिद्धांत के रूप में युद्ध को प्रोत्साहित किया होता। यह महत्वपूर्ण था कि पुतिन को रोका जाये। एकमात्र सवाल यह था कि ऐसा करने का सबसे कम विनाशकारी साधन क्या था? संभावित रूप से एक तीसरा मुद्दा दाव पर था। वह था परमाणु हथियारों का संभावित उपयोग। जब तक हथियार मौजूद हैं, यह खतरा पूरी तरह से खत्म नहीं होता, लेकिन कम से कम इस घटना पर चीन जैसे पुतिन के सहयोगियों ने एक लाल रेखा खींच ली है।

**पुतिन के पास अब समय के मामले में खेलने के लिए सब कुछ है, कम से कम अमेरिका में अगले राष्ट्रपति चुनाव तक।**

सभी को आश्चर्य हुआ कि रूस यूक्रेन को अपने अधीन करने में विफल रहा है। रूस ने अपने सभी रणनीतिक उद्देश्यों को खो दिया। यदि यह उद्देश्य नाटो के विस्तार को रोकना था (जोकि वह कभी नहीं था) तो वह हार गया। यदि यह उसके साम्राज्य का पुनर्निर्माण था, तो वह हार गया। यूक्रेन को एक राष्ट्र के रूप में स्थापित किया गया था। वैश्विक व्यवस्था में अब इसे जिन राजनीतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, वे कुछ हद तक इसकी सफलता का परिणाम है।

3 मुद्दे दाव पर हैं। पहला, अब युद्ध के उद्देश्य कैसे परिभाषित होते हैं? यूक्रेन को अपने क्षेत्र की रक्षा करने का पूरा अधिकार है, लेकिन ऐसा लगता है कि शेष विश्व को यूक्रेन द्वारा अपने सभी क्षेत्र पर पुनः दावा करने की बजाय अपनी संप्रभुता को पुनःस्थापित करने के प्रति अधिक सहानुभूति थी। दुनिया ने क्रीमिया पर रूसी आक्रमण को अपेक्षाकृत बिना दंड दिये जाने दिया था। एक युद्ध में नैतिक दाव जहां एक पूरे देश को निगल लिया जा रहा है और उसकी संप्रभुता को नष्ट कर दिया जा रहा है, बनाम एक युद्ध जहां मुद्दा यह है कि क्या यूक्रेन अपने क्षेत्र के अंतिम 15 या 20 प्रतिशत को पुनः प्राप्त कर सकता है, बहुत अलग दिखता है।

दूसरा, इस युद्ध के बारे में सबसे उल्लेखनीय चीजों में से एक यह है कि जिस तरह से युद्ध के प्रभाव अर्थव्यवस्थाओं और समाज पर पड़े हैं, उससे हम लगातार आश्चर्यचकित हुए हैं। पुतिन ने शायद यह जुआ खेला होगा कि रूस पर यूरोप की ऊर्जा निर्भरता उसे इस हद तक कमजोर बना देगी कि वह रूस के सामने खड़ा नहीं हो सकेगा। लेकिन शायद समान रूप से प्रतिबंधों के कारण रूसी अर्थव्यवस्था कैसे ध्वस्त हो सकती है, इसकी भविष्यवाणी भी निराधार साबित हुई।

रूस की दीर्घकालिक विकास संभावनाएं प्रभावित हो सकती हैं लेकिन यह पतन के कगार पर एक अस्थिर अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में कहीं भी नहीं है। कुछ प्रारंभिक चिंताओं के बाद शेष विश्व ने युद्ध की लागत से अपना पल्ला झाड़ लिया है। पुतिन की प्रारंभिक गणना कि युद्ध की लागत पश्चिम में ध्रुवीकरण दरार का कारण बनेगी क्योंकि ऊर्जा की कीमतें बढ़ेंगी, लक्ष्य से बाहर हो सकती हैं। लेकिन एक धारणा यह है कि युद्ध की कीमत देर से ही सही मगर पश्चिम में एक घरेलू राजनीतिक मुद्दा बनती जा रही है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि रूस की साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षाएं हैं, लेकिन उसे पता चला है कि प्रतिशोध की स्थिति में उन महत्वाकांक्षाओं को क्रियान्वित करने के लिए उसके पास सामग्री और संगठनात्मक क्षमताएं नहीं हैं।


तीसरा सवाल यूक्रेन में जमीनी हालात का है। यह आश्चर्यजनक है कि जमीन पर मौजूद यथास्थिति को जिस हद तक गतिरोध के रूप में वर्णित किया जा रहा है, जैसे कि यूक्रेन अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में कामयाब नहीं हुआ है। यह शायद एक अनुचित वर्णन है कि यूक्रेन क्या हासिल करने में कामयाब रहा है। पुतिन के पास अब समय के मामले में खेलने के लिए सब कुछ है, कम से कम अमेरिका में अगले राष्ट्रपति चुनाव तक। युद्ध एक ऐसे स्तर पर पहुंच गया है, जहां इसका भविष्य अब पश्चिम में चुनाव परिणामों और अवसर लागत की गणना पर निर्भर हो सकता है।

युद्ध के कई दीर्घकालिक राजनीतिक प्रभाव सामने आयेंगे। हमेशा की तरह पश्चिम और वैश्विक दक्षिण में खूब पाखंड होगा। क्या पुतिन अपनी राजनीतिक किस्मत पलटने की उम्मीद में एक साल तक संघर्षपूर्ण संघर्ष में पड़े रहेंगे? क्या क्षमताओं में कमी के बावजूद रूस विनाश के अंतिम कार्य में संलग्न है? लेकिन परेशान करने वाली बात यह है कि पुतिन के लिए यूक्रेनी सफलता का कोई भी रास्ता अपने आप में अपमान के रूप में देखा जा सकता है। इस मामले में यह स्पष्ट नहीं है कि यूक्रेन के पास क्या विकल्प है। पुतिन एक समस्या बने रहेंगे, जिसे हार या जीत में प्रबंधित करने की जरूरत है।

## जमशेदपुर की खबरें

# विधानसभा में हुई अनियमित नियुक्तियों की जांच के लिए गठित आयोग की रिपोर्ट कोर्ट को समय पर मिले: राय

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने विधानसभा में हुई अनियमित नियुक्तियों की जांच के लिए गठित जस्टिस विक्रमादित्य आयोग का जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश के अनुपालन के बारे में सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो से बातचीत की। अनुरोध किया कि हर हालत में नियत तिथि पर आयोग की जांच रिपोर्ट झारखंड हाइकोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करने से सभा की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अनावश्यक कयासों पर विराम लगेगा। इस पर सभाध्यक्ष ने स्पष्ट शब्दों में बताया कि वे स्वयं यह जांच रिपोर्ट हाइकोर्ट में यथाशीघ्र प्रस्तुत कर देने के पक्षधर हैं, परंतु इसके बाद गठित जस्टिस मुखोपाध्याय समिति की मांग पर सभा कार्यालय ने जस्टिस विक्रमादित्य आयोग का मूल प्रतिवेदन कार्मिक विभाग को भेज दिया है। सभा कार्यालय ने रिपोर्ट की छायाप्रति भी नहीं रखी है, ताकि उसे प्रति हस्ताक्षरित कर हाइकोर्ट में जमा करा सकें। उन्होंने बताया कि हाइकोर्ट के निर्देश के बाद सभा कार्यालय ने कार्मिक विभाग को पत्र लिख कर प्रतिवेदन मांगा है, ताकि उसे हाइकोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके। राय ने सभाध्यक्ष से निवेदन किया कि यदि कार्मिक विभाग यह प्रतिवेदन सभा कार्यालय को नहीं सौंपता है तो वे इस जांच प्रतिवेदन की छायाप्रति सभाध्यक्ष को उपलब्ध करा सकते हैं, ताकि सभा कार्यालय इसे हाइकोर्ट में जमा करा सके। अन्यथा सभा सचिव न्यायालय की अवमानना के भागी बन सकते हैं। राय ने कहा है कि अधिवक्ता सलाह देंगे और ऐसा करना अवैधानिक नहीं होगा तो उचित माध्यम से वे कभी भी जस्टिस विक्रमादित्य आयोग का प्रतिवेदन सभाध्यक्ष अथवा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। वे बाल मेला की तैयारी के सिलसिले में दो दिनों से दिल्ली में हैं। यदि नियत तिथि को कार्मिक विभाग ने सभा कार्यालय को जांच प्रतिवेदन नहीं लौटाया तो वे दिल्ली से लौटते ही रिपोर्ट की छायाप्रति स्पीकर को सौंप सकते हैं।

# नक्सलियों का फरमान : कोल्हान वन क्षेत्र में शाम 6 से सुबह 6 बजे तक नहीं चलायें वाहन, वरना खुद होंगे जिम्मेवार

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** कोल्हान वन क्षेत्र में शाम 6 बजे के बाद और सुबह 6 बजे से पहले यात्री और निजी वाहनों के आने-जाने पर नक्सलियों ने रोक लगा दी है। इसके साथ ही नक्सलियों की ओर से वाहन चालकों से अपील की गयी है कि वे सामान ढुलाई या किसी अन्य कार्य में पुलिस या अर्धसैनिक बल को मदद नहीं करें, अन्यथा किसी प्रकार की घटना होने पर वे इसके लिए खुद जिम्मेवार होंगे। नक्सलियों की दक्षिणी जोनल कमेटी के प्रवक्ता अशोक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उक्त जानकारी दी है। प्रवक्ता अशोक के अनुसार, सीआरपीएफ के हाथीबुरू कैंप में सामान ले जा रहे ट्रैक्टर को 12 सितंबर 2023 को बारूदी सुरंग लगा कर उड़ा दिया गया था। इसमें ट्रैक्टर सवार हेल्पर लोबो गोप की मौत हो गयी थी, जबकि चालक पकलू लोहरा घायल हो गया था। प्रवक्ता के अनुसार, माओवादियों से कोल्हान को मुक्त कराने के नाम पर जनता का शोषण किया जा रहा है। 51 एमएम और 81 एमएम के गोले बरसाये जा रहे हैं। नक्सलियों के नाम पर आदिवासी जनता को बेरहमी से पीटा जा रहा है। सरजोमबुरू गांव में मुंडा के घर को कब्जा करके वहां कोबरा बटालियन का कैंप बनाया गया है। जिस स्कूल में बच्चे पढ़ते हैं, उसमें कब्जा करके कैंप बना दिया गया है। बच्चों का स्कूल जाना पिछले 10-12 महीने से बंद है। प्रवक्ता के अनुसार, नक्सलियों का उद्देश्य जनता को निशाना बनाना नहीं है। अगर ऐसा होता तो उनकी ओर से बुबीट्रेप से बचने के लिए अपील नहीं की जाती।

**इस वजह से बच्चों का स्कूल जाना और पढ़ाई- लिखाई पिछले 10-12 महीने से बंद है।**

# नये भवन में पढ़ाई की शुरुआत में विलंब सरकार की अकर्मण्यता : रघुवर दास

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** ग्यारह अक्टूबर के अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के सिदगोड़ा स्थित नये यूनिवर्सिटी कैंपस में शैक्षणिक कार्य शुभारंभ होना खुशी की बात है, लेकिन इसमें अनावश्यक देरी राज्य सरकार की अकर्मण्यता का जीता जागता उदाहरण है। अपनी शुभकामना देते हुए यह बात कही है राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने। उन्होंने इस शुभ कार्य के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद देते हुए कहा है कि बहुत देर कर दी मेहरबां आते-आते। बिष्टुपुर स्थित महिला विश्वविद्यालय परिसर से सिदगोड़ा के नये भवन में स्थानांतरण में चार साल लग जाना आश्चर्य की बात है। श्री दास ने जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की स्थापना की चर्चा करते हुए बताया कि यह विश्वविद्यालय भाजपा की डबल इंजिन सरकार की देन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके मुख्यमंत्रित्व काल में झारखंड के इस प्रथम महिला विश्वविद्यालय का शिलान्यास 3 फरवरी 2019 को किया था। इसका उद्घाटन 29 दिसंबर 2021 को तत्कालीन राज्यपाल रमेश वैस एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया था। विश्वविद्यालय भवन उद्घाटन के इतने दिनों के बाद 11 अक्टूबर को इस भवन में शैक्षणिक कार्य प्रारंभ होने जा रहा है। इस संबंध में मैंने कई बार मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया था। हाल में मुख्यमंत्री को लिखे एक पत्र में आग्रह किया था कि महिला सशक्तीकरण को ध्यान में रखते हुए इस पहले महिला विश्वविद्यालय की कमियों को दूर कर इसे बेहतर महिला विश्वविद्यालय बनाया जाय। पूर्व मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री से महिला विश्वविद्यालय के बगल में निर्मित जमशेदपुर प्रोफेशनल इंजीनियरिंग कॉलेज की दुर्दशा की भी चर्चा की थी। गौरतलब है कि जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय भवन के बगल में 2019 में 27 करोड़ की लागत से जमशेदपुर प्रोफेशनल इंजीनियरिंग कॉलेज भवन बनकर तैयार हो गया था। एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त यह कॉलेज प्रारंभ होने से पूर्व खंडहर बन चुका है। सरकार की अनदेखी के कारण इस कॉलेज भवन की खिड़की और दरवाजे तक को चोर ले गये हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने एक बार पुनः मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि कोल्हान के व्यापक हित में इस कॉलेज को खोलने के लिए सक्रिय पहल की जाये।

# सड़क पर दिखी स्वास्थ्य मंत्री की संवेदना

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की संवेदना एक बार फिर देखने को मिली। बहरगोड़ा से जमशेदपुर जानेवाले रास्ते में दुर्घटना में घायल व्यक्ति को उन्होंने खुद उठा कर स्कॉट वाहन की जिप्सी से एमजीएम अस्पताल भिजवाया।

वहीं उन्होंने एमजीएम अधीक्षक को फोन कर हरसंभव इलाज करने का निर्देश भी दिया।

## क्या है पूरा मामला

प्राप्त जानकारी के मुताबिक स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता बहरागोड़ा से जमशेदपुर आ रहे थे। इस दौरान उन्होंने सड़क के किनारे एक व्यक्ति को घायल पड़े देखा। उन्होंने मौके पर अपना काफिला रूकवाया। वह खुद घायल व्यक्ति के पास पहुंचे। वह अचेत हो गया था। उन्होंने अपने सहयोगियों के साथ उक्त घायल व्यक्ति को अपनी ही कारकेड की जिप्सी में लिटा कर एमजीएम अस्पताल भिजवाया।

## इमरजेंसी अलर्ट करवा कर भेजा

घटनास्थल से उन्होंने घायल व्यक्ति को कारकेड की जीप में इमरजेंसी अलर्ट करवा कर भेजा। इस दौरान उन्होंने अस्पताल तक जिप्सी के सुरक्षाकर्मियों को भी साथ भेजा। एमजीएम प्रशासन को भी इलाज को लेकर अलर्ट कर दिया। हालांकि उक्त व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतक की पहचान प्रवीण कुमार के रूप में हुई है। वह उड़ीसा के मयूरभंज का रहनेवाला था।

# बिरसानगर पुलिस ने मारपीट के मामले में फरार आरोपियों के घर में चिपकाया इश्तेहार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बिरसानगर पुलिस ने मारपीट के मामले में फरार आरोपियों के घर में इश्तेहार चिपकाया। सोमवार को पुलिस सबसे पहले मामले के फरार आरोपी जोन नंबर 1बी संडे मार्केट के पास रहने वाले शेष देवा उर्फ पांच भाया उर्फ बाबू उर्फ सचदेवा के घर पहुंची। जहा ढोल-नगाड़ों के साथ आरोपियों के घर व आस-पास क्षेत्र में इश्तेहार चिपकाया। उसके के बाद दूसरे आरोपी जोन नंबर 5 निवासी अभिषेक कर्मकार उर्फ पोचा के घर पर इश्तेहार चिपकाया। बताया जा रहा है आरोपियों के खिलाफ 3 अगस्त को पीड़ित प्रबजोत सिंह ने बिरसानगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी थी। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। फिलहाल दोनों फरार आरोपियों के घर में इश्तेहार चिपकाया गया।

# चैंबर के प्रतिनिधि मंडल ने एसएससी से की मुलाकात



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के एक प्रतिनिधिमंडल एसएससी से मुलाकात की। सोमवार को चैंबर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शहर की विधि-व्यवस्था, ट्राफिक व्यवस्था, बाजारों व सड़कों में अतिक्रमण को लेकर वार्ता की। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका और मानद महासचिव मानव केडिया ने बातया शहर में पर्व-त्योहार को लेकर विधि-व्यवस्था बनाये रखते हुये चोरी, छिनतई, डकैती, लूटपाट व अन्य मामले में अंकुश लगाने,सड़कों में ट्राफिक व्यवस्था सुदृढ़ करने व जाम की स्थिति से निजाद दिलाने की अपील की। साथ ही उन्होंने शहर के मुख्य बाजार साकची व बिष्टुपुर के सड़कों का अतिक्रमण से आम आदमी को होने वाली परेशानियों व अन्य मुद्दों पर चर्चा की। मौके पर एसएसपी ने आश्वासन दिया। मौके पर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, मानद महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, पुनीत कांवटिया, अभिषेक गोल्डी, सचिव भरत मकानी, अंशुल रिंगसिया, विनोद, कोषाध्यक्ष सीए अनिल कुमार रिंगसिया उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 10 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in



## सुखी संपन्न परिवार के लोग राशन कार्ड सरेंडर करें : बीएसओ

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड परिसर स्थित मीटिंग हॉल में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अजय कुमार की अध्यक्षता में जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों की बैठक हुई। इस दौरान लोहरदगा प्रखण्ड और शहरी क्षेत्र के सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदार उपस्थित हुए। जिसमें बीएसओ अजय कुमार ने कहा कि सुखी, सम्पन्न परिवार के राशन कार्ड को सरेंडर कराएं। जो सुखी संपन्न कार्डधारी कार्ड सरेंडर नहीं करता है उसपर कानूनी कार्यवाही की जायेगी। और कहा कि सुखी संपन्न परिवार के व्यक्ति के ऊपर जब से खाद्यान्न का उठाव कर रहा है तब से लेकर अभी तक का राशि जुर्माने के रूप में जमा कराया जायेगा। राशी जमा नहीं करने पर उस परिवार के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किया जायेगा।

# सात अपराधी गिरफ्तार

**गिरफ्तार युवकों के पास से एक देसी पिस्तौल, 315 बोर के कारतूस के साथ मोटरसाइकिल भी बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार सदर प्रखंड के डीही निवासी नवागढ़ स्थित एक शादी समारोह से होकर डीही ग्राम लौट रहे थे। इसी क्रम में ग्राम लूदो स्थित गैस गोदाम के पास अज्ञात अपराधियों द्वारा हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से ओवरटेक कर रोक लिया और पिस्तौल का भय दिखाकर उक्त दंपति से 15000 रुपये नगद, सोने का पायल, नाक, कान और गले का सोने का चैन साथ ही साथ अपने अकाउंट में अपराधियों द्वारा नकद 2400 रुपये भी फोनपेय करा लिया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद लातेहार एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष मिश्रा के देखरेख में एक टीम गठित की गयी। उसके बाद लातेहार सदर थाना के थाना प्रभारी आशुतोष कुमार के नेतृत्व में छापेमारी दल ने छापेमारी करना शुरू कर दिया जिसमें वैज्ञानिक अनुसंधान के सहारा लेते हुए कांड का उद्भेदन कर लिया गया। जिसमें 7 अपराधियों को लातेहार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसके साथ ही साथ सोने और चांदी के जितने भी सामान उक्त दंपति से लूट गये थे। उसको भी बरामद कर ली गयी है। लातेहार पुलिस ने बताया कि सातों अपराधीयों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। सातों अपराधी में बृज किशोर सिंह बिनाटोला बनवीरका थाना लातेहार राजू राजन सारैनी, विवेक गोसाई उर्फ छोटा गोसाई, संजय लोहार, सुमित कुमार वर्मा, अतुल कुमार उर्फ टुनटुन प्रसाद, नंदन भुईया को लातेहार पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं कांड संख्या 203/ 23 दिनांक 03/10/2023 धारा 392 भादवी धारा के तहत अनुसंधान प्रारंभ कर दिया गया है इसके साथ ही गिरफ्तार युवकों के पास से एक देशी पिस्तौल 315 बोर के कारतूस के साथ मोटरसाइकिल भी बरामद किया है। वही इस छापेमारी दल में थाना प्रभारी आशुतोष कुमार के नेतृत्व में लातेहार सदर थाना के कई जवान शामिल थे।

**जुरिया से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, मामला दर्ज**

# बालू माफियाओं के विरुद्ध अब होगी सीधी कार्रवाई: डीएमओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन करने के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए रविवार की रात्रि को पुलिस और खनन विभाग ने बालू लोडेड एक महिंद्रा ट्रैक्टर को मौके से जप्त किया। इस संदर्भ में डीएमओ राजाराम प्रसाद ने सदर थाना में ट्रैक्टर चालक और मालिक के विरुद्ध खनन अधिनियम के तहत प्राथमिक के दर्ज कराया है। डीएमओ ने बताया गया कि, एनजीटी लागू होने के बाद स्थानीय विभिन्न नदी घाट से बालू के उत्खनन और परिवहन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा है। बावजूद, बालू तस्कर ऊंचे मूल्य पर बालू की तस्करी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। रविवार की मध्य रात्रि शहरी क्षेत्र के जुरिया मोड़ में कोयल नदी घाट से बालू लोड कर जा रहा महिंद्रा ट्रैक्टर को पुलिस व खनन विभाग की गश्ती टीम ने उसे मौके से जब्त किया। इस संदर्भ में डीएमओ राजाराम प्रसाद ने कहा कि अवैध बालू उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध छापामारी अभियान को खनन विभाग तेज कर दिया है। बालू तस्कर बाज नहीं आयेंगे तो, उनके विरुद्ध सीधी कार्रवाई की होगी।

## विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक, मृत पौधों के स्थान पर नये पौधे लगवायें : बीडीओ



कैरो (लोहरदगा) (आजाद सिपाही)। प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में 09 अक्टूबर सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकरी पवन कुमार महतो के द्वारा प्रखंड में संचालित विकास योजना को लेकर समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में मनरेगा के तहत सभी 6 पंचायत के 26 गांव में संचालित कार्य का मास्टर रूल, पोटो हो खेल मैदान, निरस्त किये गये ट्रांजेक्शन को पुनः सुधार करने, पुराने कार्य टीसीबी, फील्ड बंड, डोभा आदि पूर्ण हुई कार्य योजना का अभिलेख बंद करने, दीदी बाड़ी के तहत नये लाभुको का चयन और पूर्ण हुई दीदी बड़ी कार्य का अभिलेख बंद करने का निर्देश सभी मनरेगा कर्मियों को दिया गया। वहीं बागवानी के तहत लगे पौधे का घेरान, मृत पौधे के स्थान पर नया पौधा लगाने सहित कई बिंदुओं पर विशेष चर्चा किया गया। मौके पर मुखिया सुमन उरांव, अरबिंद उरांव, चंद्रमनी उरांव, बीरेंद्र महली, बीपीओ रघुनाथ मुंडा, प्रखंड समन्वयक दिनेश कुमार अमन शिखर, आनंद सिंह आदि उपस्थित थे।

## कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो की स्मृति में अंतर जिला हॉकी टूर्नामेंट की शुरुआत




बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के मोरवाई पंचायत अंतर्गत झरना में आजाद क्लब के द्वारा कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो की स्मृति में आयोजित अंतर जिला हॉकी टूर्नामेंट की सोमवार से विधिवत शुरूआत की गयी। जिसका उद्घाटन जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर के द्वारा फीता काट कर किया गया। हॉकी टूर्नामेंट की शुरूआत के पूर्व अतिथियों के साथ, आयोजन समिति, खिलाड़ियों और स्थानीय लोगों के द्वारा कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो को याद करते हुए उनकी आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना की। हॉकी टूर्नामेंट के उद्घाटन का पहला मैच खेलने उतरी आर्मी ब्रदर्स हेटली और बहाबर लोहरदगा के खिलाड़ियों से जिला परिषद की सदस्य संतोषी के साथ-साथ कोबरा के जवान सनी कुमार, आयोजन समिति के जयप्रकाश चंपिया, प्राणित्ता गुड़िया, कलेमेनिया बागे के द्वारा परिचय प्राप्त करते हुए उन्हें बेहतर खेल खेलने की शुभकामना दी गयी। उद्घाटन मैच का निर्णय पेनल्टी शूट के माध्यम हुआ जिसमें आर्मी ब्रदर्स की टीम को बहाबर लोहरदगा की टीम ने 3 -2 से हरा कर अगले राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली। इस दौरान मौके पर पेतृस बोदरा, आलोक डोडरॉय, गब्रिएल डोड़राय, अंकित बोदरा, अमृत डोड़राय, सिरनुस चंपिया, जुस्टिन बोदरा, सिलास डोड़राय, एग्नेस बोदरा, विमल बोदरा, मसीह डोड़राय समेत काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## टीबी से मुक्त प्रखंड बनाने के लिए कार्यशाला सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बीडीओ अशोक कुमार चौपड़ा की अध्यक्षता में टीबी मुक्त गांव पंचायत और प्रखंड बनाने को लेकर मुखिया ग्रामीण, वार्ड सदस्य और मुखियाओं के साथ उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिव्या निशि ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वर्ष 2024 तक टीबी राज्य के सभी गांव, पंचायत और प्रखंड की टीबी मुक्त बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है। साथ ही कहा कि इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों, सहियाओं और ग्रामीणों को मिलकर कार्य करने की जरूरत है। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बैठक में आये सभी मुखिया, वार्ड सदस्य और पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देशित देते हुए कहा कि अपने क्षेत्र में संभावित टीबी मरीजों को चिन्हित कर बलगम जांच हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर भेजना सुनिश्चित करें। मौके पर जीप सदस्य राधा तिर्की, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, डॉ दिव्या निशि, पर्यवेक्षिका परमुनी देवी, अंगनी बेक कार्यक्रम के दौरान पीरामल स्वास्थ्य के जिला प्रतिनिधि संजय पाण्डेय सहित अन्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय की अध्यक्षता में मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा की बैठक हुई। समीक्षा बैठक में मतदाता सूची कार्यक्रम में लगे पर्यवेक्षक और सभी बीएलओ मौजूद थे। इस समीक्षा बैठक में बीडीओ ने सभी बीएलओ को 24 घण्टे के अंदर सभी घरों का डोर टू डोर सर्वे करने का कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया गया। वही बीडीओ ने बैठक में मतदाता 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नए मतदाताओं का मतदाता सूची में नाम जोड़ने को लेकर जिन बूथ में फॉर्म 6 की कम प्राप्ति हुई है। बैठक में सभी पर्यवेक्षक व बीएलओ को संक्षिप्त मतदाता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# जेएमएम के तीन दर्जन कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत के तीन दर्जन जे एम एम कार्यकर्ताओं ने बाबूराम उरांव के नेतृत्व में रविवार को रैली के दौरान घाघरा में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के समक्ष बीजेपी में शामिल हो गये। बताया गया कि कार्यकर्ताओं ने पार्टी के विरुद्ध नाराजगी जताते हुए बीजेपी का दामन थामा है। विदित हो कि प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत में जेएमएम कार्यकर्ताओं द्वारा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर काफी परेशान थे। वर्तमान विधायक की चुप्पी से पार्टी के विरुद्ध नाराजगी था। वही कार्यकर्ताओं ने बताया कि बिशुनपुर विधानसभा के विधायक चमरा लिंडा द्वारा चुनाव जितने के पश्चात क्षेत्र के विकास कार्य में सहभागिता नगण्य देखा जा रहा था। पार्टी में हमारे सम्मान को ठेस पहुंचाने का कार्य किया जा रहा था। वही बाबूराम उरांव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सिद्धांत से प्रभावित हो कर सभी कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गये। और आगामी विधानसभा तथा लोकसभा चुनाव में इस क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार को जिताने का कार्य करेंगे। और जनता की परेशानी दूर होगी। मुर्की तोड़ार पंचायत से बीजेपी का दामन थामने वालों में बाबूराम, रूपेश, संदीप, बिरेंद्र, असरफ, देवप्रताप यादव, महाबीर, मंगरा टाना भगत, कमलेश सहित जेएमएम के 33 कार्यकर्ता एक साथ भाजपा में शामिल हो गये।

# आकांक्षी किस्को प्रखंड को विकसित बनाने में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो: डीसी

**03 से 09 अक्टूबर तक संकल्प सप्ताह सम्मेलन का आयोजन किस्को प्रखंड मुख्यालय और प्रखंड के सभी नौ पंचायतों में किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** केंद्र सरकार द्वारा किस्को प्रखंड को आकांक्षी प्रखंड के रूप में चयनित किये जाने पर आकांक्षी प्रखंड किस्को में विगत 03 अक्टूबर से 09 अक्टूबर तक मनाया जाने वाला संकल्प सप्ताह समावेश सम्मेलन अंतर्गत किस्को प्रखंड मुख्यालय व प्रखंड के सभी नौ पंचायतों में समावेश समारोह का आयोजन किया गया। इधर समावेश कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण और विशिष्ट अतिथि के तौर पर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल मौजूद रहे। इस बीच मुख्य अतिथि डीसी डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण और तमाम अतिथियों का स्वागत पौधा और पुष्पगुच्छ देकर किया गया। बता दें कि आकांक्षी प्रखंड के तहत आयोजित कार्यक्रम का पिछले 06 दिनों में हुई गतिविधियों से विभिन्न क्षेत्र से सीख के साथ कृषि उत्पादों की प्रदर्शनियां, सर्वोत्तम अभ्यास और गतिविधि कियोस्क सभी क्षेत्रों के सर्वोत्तम क्षेत्र पदाधिकारियों को पुरस्कृत किये जाने और प्रखंड क्षेत्र की चहुंमुखी विकास हेतु रणनीति अपलोड किये जाने का कार्य किया गया। वहीं कार्यक्रम में बेहतर कृषि उत्पादन प्रदर्शनी, पेयजल और स्वच्छता विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग और अन्य विभागों द्वारा 06 दिनों में किये गये कार्यो का समावेश किया गया और लोंगो को योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी। मौके पर विद्यालय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इधर आत्मा की ओर से किसानों के बीच उपायुक्त के हाथों सरसो बीज वितरण और बाल विकास परियोजना द्वारा गर्भवती महिलाओं का गोदभराई और बच्चों का अन्ना परासन उपायुक्त के द्वारा किया गया। डीसी ने कहा कि प्रखंड को जनप्रतिनिधियों और आम जनता के सहयोग से चयनित सभी आकांक्षी प्रखंड में सबसे बेहतर स्थान प्राप्ति हेतु दृढ इच्छाशक्ति के साथ प्रशासन और जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के बीच आपसी तालमेल बनाकर मुकाम को हासिल किया जा सकता है। मौके पर डीसी डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, सीएस राजमोहन खलखो, जिला योजना पदाधिकारी अरूण, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू, प्रमुख सुचित्रा, जनप्रतिनिधिगण और कर्मी मौजूद रहे।

## एसीसी गोल्ड सीमेंट को लेकर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

महुआडाड (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत शिवनगर में एसीसी गोल्ड सीमेंट के प्रोपराइटर मनिष सिंह के दुकान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय शिविर में प्रखंड के दर्जनों संवेदक और राज मिस्त्री शामिल हुए। इस शिविर में उपस्थित संवेदक और राज मिस्त्रियों को एसीसी गोल्ड कंपनी के अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा सीमेंट के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए इसके फायदे का बारे में बताया गया कि यह सीमेंट अन्य कंपनियों के सीमेंट से कैसे भिन्न है, इसके स्तेमाल से ग्राहकों को किस तरह से फायदा मिलेगा, सीमेंट को कब कैसे और कितना मात्रा में स्तेमाल किया जाये समेत अन्य बातें बतायी गयी।

मौके पर मौजूद संवेदक और राज मिस्त्रियों के द्वारा भी एसीसी गोल्ड कंपनी के अधिकारी व कर्मचारियों से इस सीमेंट को लेकर और अन्य प्रकार की जानकारी भी ली गयी। जिसके बाद अपस्थित लोगों को एसीसी गोल्ड सीमेंट के प्रोपराइटर मनिष सिंह के द्वारा कुछ सामग्री भी भेंट की गयी।

# छात्रा के अपहरण के विरोध में बालूमाथ शहर रहा बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**बालूमाथ।** शनिवार को बालूमाथ मे हुऐ एक मुस्लिम नाबालिक छात्रा आलिया की अपहरण के विरोध में आज सोमवार को बालूमाथ शहर बंद रहा। सोमवार सुबह दर्जनों लोंगो ने शहर में घूम-घूमकर घटना के विरोध में व्यवसायियों से दुकाने बंद रखने की अपील की, इसके बाद बालूमाथ में चाय दुकान से लेकर व्यावसायिक वाहनों के शो रूम जैसे प्रतिष्ठान भी बंद रहे। मेडिकल स्टोर और डॉक्टरों के क्लीनिक ही सिर्फ खुले रहे। वहीं बालूमाथ थाना पुलिस अन्य दिनो की तरह एनएच 22 पर वाहनो से पैट्रोलिंग करते रहे। समर्थको ने बालूमाथ पुलिस प्रशासन से अविलंब अपहत नाबालिक छात्रा की बरादगी के मांग के साथ साथ अपहरणकर्ताओं की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।

वही दुसरी पहर 3.21 बजे सद्भावना कमेटी की बैठक में निर्णय लिया गया है कि बालूमाथ मार्केट को आप अपने हिसाब से खोले और प्रशासन और सद्भावना कमेटी को सहयोग करे बताते चले की बालूमाथ में पिछले दिनों जो एक नबालिक छात्रा का मामला चल रहा है तो उसी के लेकर आज बालूमाथ में सभी दूकान बंद किया गया था जो अभी अभी सद्भावना कमेटी बालूमाथ के द्वारा अनुरोध किया गया है कि सभी दूकान बालूमाथ बाजार को खोल दे मेहरबानी होगी।

## माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों का जिला स्तरीय तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शुरू



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के तत्वावधान में समग्र शिक्षा द्वारा सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा के तहत उन्नयन कार्यक्रम अंतर्गत माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षकों का जिला स्तरीय तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू, लोहरदगा में किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पाल चौधरी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि विभाग का मुख्य उद्देश्य सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर छात्रों को कैसे नई तकनीक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अवगत कराया जाय। उक्त कार्य में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उक्त प्रशिक्षण अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के द्वारा राज्य स्तर पर प्रशिक्षित शिक्षकों और विशेषज्ञ के देख रेख में शिक्षा विभाग के तहत कराया जा रहा है। प्रथम बैच में 40 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्रभारी अशोक पांडेय, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा प्रशिक्षण सत्र में संविधान की प्रस्तावना, वैज्ञानिक चिंतन आदि विषयक जानकारी दी गयी।

## बाल विवाह रोकथाम के लिए प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में ग्राम स्वराज्य संस्थान और कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन्स फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से संचालित न्याय तक पहुंच परियोजना के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय समन्वय बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाल विवाह, बाल दूरव्यपार, बाल यौन शोषण के विषय पर जागरूकता हेतु प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मौके पर संस्थान के जिला समन्वयक धीरेंद्र कुमार ने बताया कि लोहरदगा जिले के सभी प्रखंड के 150 परोक्ष रूप से और 216 गांव में अपरोक्ष रूप से परियोजना का संचालन किया जा रहा है। मौके पर डॉ दिव्या निशि, बाल विकास पर्यवेक्षिका परमुनी देवी, अंगनी बेक के अलावे रीता उरांव, रजनी देवी, अनवरी बेगम, मालती, पूनम, यशोदा, शांता मिंज सहित अन्य प्रखंड कर्मी व आंगनबाड़ी सेविकाएं मस्थित थे।

# चतरा लोकसभा के सभी 1641 बूथों पर कमर कस लें कार्यकर्ता: धीरज साहू

आजाद सिपाही संवाददाता





**लातेहार।** लातेहार जिला के चंदवा प्रखंड स्थित मयूर इंटरनेशनल होटल के सभागार में चतरा लोकसभा समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता लातेहार जिला के जिला अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव ने किया। वही इस बैठक में मुख्य रूप से चतरा लोक सभा समन्वय समिति के प्रभारी राज्यसभा सांसद सह चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी धीरज प्रसाद साहू झारखंड न्यास हिंदू बोर्ड के अध्यक्ष सह चतरा लोकसभा के समन्वय समिति के प्रभारी जयशंकर पाठक मौजूद थे। मुख्य रूप से समन्वय समिति की बैठक आगामी लोकसभा 2024 को लेकर चंदवा के मयूर इंटरनेशनल सभागार में आयोजित किया गया था। जिसमें झारखंड राज्यसभा सांसद सह चतरा लोक सभा के समन्वयक समिति के प्रभारी धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि आगामी लोकसभा में पूरे देश भर में कांग्रेस की लहर है विरोधी यह कहते चल रहे हैं की देशभर में कांग्रेस पार्टी कमजोर हुई है तो हम कांग्रेस के कार्यकर्ता इसको नहीं मानते हैं। और आने वाले दिन में 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी को देश के प्रधानमंत्री के रूप में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता देखना चाहते हैं। इसके लिए देश के सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता और चतरा लोकसभा के सभी बूथ के कार्यकर्ता और प्रखंड स्तर के कार्यकर्ता जिला स्तर के कार्यकर्ता आने वाले लोकसभा के लिए कमर कस लें और पूरे ताकत के साथ चुनाव में इस बार हम लोग उतरेंगे। रही बात चतरा लोक सभा में चुनाव लड़ने के लिए टिकट किसको मिलेगी यह पार्टी के नेता खड़गे साहब और सोनिया गांधी राहुल गांधी तय करेंगे। परंतु पार्टी चुनाव पूरे देश भर में लड़ने का काम करेगी। जयशंकर पाठक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के लिए रीढ़ है। बूथ स्तर तक मजबूती बनाए रखें चतरा विधानसभा में 154 पंचायत 650 बूथ लातेहार विधानसभा में 115 पंचायत जिसमें 679 बूथ पलामू जिले के पाकी विधानसभा में 65 पंचायत 312 बूथ हैं। यह सभी जगह पर कार्यकर्ता 10-10 कार्यकर्ता को कार्य करने के लिए लगाएं। जिससे आने वाले लोकसभा के समय पार्टी अपने उम्मीदवार को आसानी से जीत दिला सके। वही इस बैठक में तीनों जिला के जिला प्रभारी प्रदेश प्रभारी तीनों जिला के जिला अध्यक्ष सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष और कार्यकर्ता गण मौजूद थे। परंतु सभागार में बैठने को लेकर मनिका विधानसभा के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने कुर्सी को लेकर समन्वय समिति के प्रभारी जयशंकर पाठक से भिड़ गये, बाद में चतरा लोकसभा के कांग्रेस प्रदेश के सचिव माल्यार्पण को लेकर भीड़ते नजर आये और सभा छोड़कर जाने लगे इसी बीच सभी लोगों के मनाने के बाद कुर्सी दी गयी।

## दो दिवसीय नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का शुभारंभ

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से मुंद्रिका बैंक्वेट में दो दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवा भारती के डॉ कुमुद अग्रवाल, मंच अध्यक्ष चंदन राजगढ़िया, मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय संयोजक जय प्रकाश शर्मा, मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष दीपक सराफ, निवर्तमान सचिव अनुराग पोद्दार, शैलेष पोद्दार ने द्वीप प्रज्वलित कर किया, डॉ कुमुद अग्रवाल ने सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि मंच सदैव सभी वर्ग की, पूरी निष्ठा से सेवा करती रही है, अंग प्रत्यारोपण कर लोगों को स्वालंबी बनाना बड़ी बात है। कार्यक्रम में सचिव आशीष पोद्दार, अनुराग पोद्दार, प्रतीक पोद्दार, कन्हैया राजगढ़िया, निखिल बर्मन, चिंटू तमेड़ा, मिथलेश कुमार, शशांक बर्मन, निलेश, सुनील मेहता, ममता बंका, शकुंतला राजगढ़िया, अनिता पोद्दार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## बरवाडीह के नौ गांवों से लायी गयी मिट्टी का हुआ संग्रह



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। कोलकाता संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार और सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को बरवाडीह प्रखंड कार्यालय परिसर में 9 गांव से एकत्र किये गये 9 अमृत कलश यात्रा के मिट्टी को प्रखंड स्तर पर एक बड़े कलश में बीडीओ राकेश सहाय के उपस्थिति में समाहित किया गया। जिसमें प्रखंड के केचकी, छेंचा, खड़िया, पैरा, होसिर, मंडल, बरीदोहर, जरूहार और कल्याणपुर गांव में अमृत कलश यात्रा निकाली गयी थी।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 10 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in


## एसपी ने पुलिस लाइन में क्राइम मीटिंग और पुलिस सभा का किया आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक गुमला द्वारा मंगलवार को पुलिस लाइन में क्राइम मीटिंग और पुलिस सभा का आयोजन किया गया। जिसमें पिछले महीने हुए अपराध, यूडी,लंबित वारंट, कांडो के निष्पादन की समीक्षा की गई और कांड अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार और आगामी दुर्गा पूजा में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी के निर्देश दिए एवं अच्छा कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया एवं पुलिस कर्मियों की समस्या को सुना और समाधान करने के निर्देश दिये। क्राइम मीटिंग में सभी प्रखंड के पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा की सफलता पर भाजपा ने जताया आभार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा तीनों विधानसभा में सफलतापूर्वक संपन्न होने पर भाजपा जिला कमेटी ने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। प्रेस, पुलिस-प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ने कहा जिस तरह भाजपा ने बाबूलाल को अपनाया है, इससे यह साबित होता है कि झारखंडवासियों ने अपना नेता बाबूलाल को मान लिया है। सिसई, गुमला, बिशनपुर तीनों विधानसभा में संपन्न हुई संकल्प रैली में जन समर्थन भाजपा को मिला है। कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा आगामी चुनाव में जिले से तीनों विधानसभा लोकसभा का चुनाव, मोदी के मंत्र सबका साथ सबका विकास के दम पर जीतेंगे।

## पटेल सेवा संघ गुमला के अध्यक्ष अमलेश सिंह के निधन पर रमेश चीनी ने जताया शोक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर के व्यापारी एवं पटेल सेवा संघ गुमला के अध्यक्ष अमलेश कुमार सिंह का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। गुमला सदर अस्पताल में डॉक्टर ने मौत की पुष्टि की। इस पर चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने शोक जताया है। कहा है कि भगवान मृत आत्मा को शांति दें एवं परिवार जनों को इस दुख की घड़ी में सहनशक्ति प्रदान करें। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

## रांची में होनेवाले शहीद सम्मान कार्यक्रम में गुमला से भी कार्यकर्ता लेंगे भाग

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह के राजनीतिक जीवन का पूरे हो रहे 25 वर्ष के अवसर पर शहीद सम्मान सह संकल्प कार्यक्रम राज्य मुख्यालय रांची में आयोजित किया जा रहा है। विदित हो कि 10 अक्टूबर 1998 से ही सक्रिय राजनीति की शुरुआत करने वाले श्री सिंह लंबे संघर्ष करते हुए 10 अक्टूबर 2023 को 25 साल पूरा कर रहे हैं। 25 साल पूरा होने के अवसर पर उन तमाम वीर शहीदों को नमन और सम्मान देने के लिए ही झारखंड नवनिर्माण दल रांची द्वारा शहीद सम्मान सह संकल्प कार्यक्रम 10 अक्टूबर 2023 को रांची में आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रांची के बिरसा चौक स्थित महानायक वीर बिरसा मुंडा स्मारक के पास आयोजित किया जाएगा, जिसमें भाग लेने दर्जनों की संख्या में झारखंड नवनिर्माण दल व पार्टी के कार्यकर्ता गुमला जिला से भी रांची जाएंगे। ऐसे श्री सिंह के संघर्ष के 25 वर्ष पूरा होने के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम झारखंड नवनिर्माण दल की ओर से 7 नवंबर 2023 को रांची में ही विशाल जनपुकार सभा का आयोजन किया गया है, जहां श्री सिंह के लंबे संघर्ष की झलकियां भी पेश करने और राज्य के बड़े सवालों को प्रमुखता से उठाते हुए आगे का आंदोलन की भी घोषणा की जाएगी।

## झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत कैंप का आयोजन

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत सोमवार को घाघरा ब्लॉक परिसर के समीप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में दीनदयाल उपाध्याय केंद्र रांची में झारखंड के 18 वर्ष से लेकर 35 वर्ष तक के युवक-युवतियों के लिए निशुल्क प्रशिक्षण को लेकर आवेदन प्राप्त किया गया। मौके पर झारखंड कौशल विकास मिशन सोसाइटी मुख्यमंत्री सारथी योजना के मोबिलाइजर हेड अभिजीत मुखर्जी ने बताया कि झारखंड के रहने वाले वैसे युवा जिनका उम्र 18 से 35 वर्ष तक है उनका आवेदन लिया जा रहा है ताकि वह रांची दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। प्रशिक्षण के बाद सर्टिफिकेट एवं रोजगार के लिए अन्य विभागों में भेजा जाएगा। जहां प्राइवेट सेक्टर में लोग कार्य कर अपनी आय में वृद्धि ला सकते हैं। इस मौके पर ट्रेनर रूबी देवी, अनु मोरिया, धर्मेंद्र हेंब्रम सहित कई युवक-युवतियां उपस्थित थीं।

### प्रेस कांफ्रेंस : केओ कॉलेज गुमला में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 29-30 नवंबर को

# चीन, सउदी अरब सहित देश-विदेश के एक सौ से अधिक वैज्ञानिकों का होगा जुटान

**इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का विषय एथनोबॉटनी एनवायरमेंटल स्टेनबिलिटी एवं मल्टी डिसिप्लिनरी रिसर्चेस रखा गया है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** कार्तिक उरांव महाविद्यालय में वैज्ञानिकों के एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें देश-विदेश के 100 से ज्यादा वैज्ञानिक अपने शोध को इस पटल पर रखेंगे। यह जानकारी महाविद्यालय प्रशासन ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी।

इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का विषय एथनोबॉटनी एनवायरमेंटल स्टेनबिलिटी एवं मल्टी डिसिप्लिनरी रिसर्चेस रखा गया है। इसमें जनजातीय जनजीवन, जैव विविधता, पर्यावरण संरक्षण, पर्यावरण क्षति, ऋतु परिवर्तन, प्रदूषण, खनन एवं उसका प्रभाव, कृषि, वानिकी एवं वन उत्पाद, पारितंत्र, जनजातीय अधिकारों का संरक्षण, आदि विषयों की चर्चा होगी। इसमें भाग लेने वाले वैज्ञानिक अथवा शोधार्थी 15 नवंबर 2023 तक अपना संक्षिप्त सार mailcser@gmail.com में भेज सकते हैं। इसका आयोजन केओ कॉलेज गुमला के आईक्यूएसी एवं सोसायटी ऑफ इथनॉबॉटनिस्ट, लखनऊ के द्वारा किया गया है। जिसमें रांची की संस्था सेंटर फॉर सोशल एंड एनवायरमेंटल रिसर्च सहयोग कर रही है। इस अवसर पर एथेनॉ बॉटनी विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन भी किया गया है। जिसमें स्थानीय आयुर्वेद विधि द्वारा उपचार कर रहे वैध हिस्सा लेंगे। जनजातीय भोजन बनाने की प्रतियोगिता एवं औषधीय पौधों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

आज इस अवसर पर 'कॉन्फ्रेंस ब्रोचर' को रिलीज किया गया। मौके पर प्राचार्य एजे खलखो, डॉक्टर दिलीप प्रसाद, डॉक्टर सतीश गुप्ता, प्रोफेसर तेतरु तिर्की, डॉक्टर सीमा, डॉक्टर कंचन एवं डॉ संजय भोता उपस्थित थे। सम्मेलन के आयोजन सचिव डॉक्टर प्रसन्नजीत मुखर्जी होंगे।

## गुमला चेम्बर व नगर परिषद के पदाधिकारियों ने किया एसएस हाई स्कूल रोड का निरीक्षण

**दशहरा पूजा तक के लिए रोड को अच्छी तरह से मरम्मत कराने का लिया गया निर्णय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** नगर में बनने वाली सड़कों का निरीक्षण नगर परिषद के पदाधिकारीयों व चेंबर के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से सोमवार को किया गया जिसमें सर्वप्रथम एसएस हाई स्कूल वाली रोड जो डीएसपी रोड तक जाती है उसका निरीक्षण किया गया। रोड कहां से कहां तक बनना है नाली कहां पर मरम्मत होनी है ये निरीक्षण के उपरांत तय किया गया। नगर परिषद विभाग की तरफ से नगर परिषद प्रशासक दिलीप कुमार, सिटी मैनेजर हिमांशु मिश्रा व हेलाल अहमद थे। चेंबर की तरफ से चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा कोषाध्यक्ष मुनिलाल साहू, मीडिया प्रभारी मोहम्मद इम्तियाज आदि उपस्थित थे। मोहल्ले के कुछ गणमान्य लोग उत्तम गोयल, द्वारका मिश्रा, नीरज सोनी, संदीप कुमार, नटवर अग्रवाल, मांगीलाल, बसीर आलम, विजय गोयल, दुर्गा फोगला आदि उपस्थित थे सभी ने अपने-अपने सुझाव को रखा और यह तय हुआ के दशहरा पूजा तक के लिए रोड को अच्छी तरह से मरम्मत करा दिया जाए। दशहरा पूजा के तुरंत बाद नई तरह से रोड का निर्माण करा दिया जाएगा। बाकी सड़कों का भी सर्वे किया गया। जिसे प्राथमिकता के आधार पर टेंडर करवा दिया जाएगा। नगर परिषद के प्रशासक दिलीप कुमार ने आम व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि त्योहारों का मौसम आ रहा है। सड़कों पर काफी भीड़ रहेगी। इसलिए कोई भी दुकानदार अपना सामान नाली से बाहर न निकालें। कोई भी प्लास्टिक का शेड नाली से बाहर न निकालें, नहीं तो कभी भी विभाग द्वारा कार्रवाई की जा सकती है। दूसरी तरफ मेन रोड में जो दूषित पानी की शिकायत थी, उस पर पेयजल विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बनवाने का काम शुरू किया। मौके पर सहयोग के लिए बिजली विभाग के भी कर्मचारी पहुंचे और मिलकर काम को अंजाम दिया जा रहा है।

## ग्रामीण जनजातीय ओलंपिक में बिशुनपुर के छात्र-छात्राओं ने दिल्ली में लहराया परचम

**बिशुनपुर पहुंचने पर क्षेत्र के लोगों ने किया जोरदार हुआ स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बिशुनपुर।** प्रखंड के स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल की चयनित छात्र-छात्राओं की दिल्ली में आयोजित यूथ फुटबॉल लीग अंडर 12 मैच में बालिका टीम हरियाणा को दो जीरो से हराकर चैंपियन बनी। वहीं बालक टीम उप विजेता बनी। यहां के छात्र-छात्राओं ने झारखंड सहित अपने प्रखंड का नाम रोशन किया। इसके उपरांत रविवार शाम खिलाड़ी रांची पहुंचे जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया एवं सोमवार को बिशुनपुर पहुंचे जहां उनके स्वागत के लिए पूर्व से तैयार ग्रामीण एवं विद्यालय परिवार के द्वारा पारंपारिक तरीके से जोरदार स्वागत किया गया। सर्वप्रथम खिलाड़ी अपनी कमेटी कोच के साथ चापाटोली पहुंचे, जहां विद्यालय के बच्चों द्वारा उन्हें बुके देकर एवं ताली बजाकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत स्वागत जुलूस के रूप में खिलाड़ी एवं अतिथि के द्वारा महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लेते हुए विद्यालय परिसर पहुंचे जहां स्वागत जुलूस सभा में तब्दील हो गयी। मौके पर संबोधित करते हुए जनजातीय ग्रामीण ओलंपिक के प्रखंड अध्यक्ष जनार्दन भगत ने कहा कि हमारे गार्जियन स्वरूप सीआरपीएफ के डीआईजी रविंद्र भगत के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में छुपी प्रतिभा को सामने लाने के लिए एक पहल की गयी है, जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आज हमारी टीम को सिर्फ जीत नहीं मिली है यह सफलता पूरे झारखंड से लेकर प्रखंड की जीत है। आज हमने देखा रांची से लेकर बिशुनपुर तक ग्रामीण एवं प्रखंड वासियों के द्वारा जो स्वागत किया गया वह निश्चित रूप से ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा इससे पूर्व अष्टम उरांव ने प्रखंड का नाम रोशन किया था। आज यह बच्चे भी मैच जीतकर बिशनपुर पहुंचे हैं। निश्चित ही गांव के अन्य बच्चों को भी खेल के साथ-साथ पढ़ाई के लिए प्रेरित करेंगे।

इस मौके पर स्थानीय मुखिया रामप्रसाद बड़ाईक, सुशील मुंडा, महावीर उरांव, सुकुल उरांव, बिंदेश्वर साहू, गुरुदेव उरांव, सूर्यकांत टाना भगत, अनिल पन्ना, भूषण टाना भगत, विजय उरांव, हीरामणि मिंज, सीमी तिग्गा, झुमरानी देवी सहित प्रखंड के कई लोग शामिल थे।

### बैठक : कोयल नदी डोंगा घाट में बन रहे छलटा के ध्वस्त होने के बाद अधिकारियों के कार्य स्थल नहीं पहुंचने से ग्रामीणों ने जतायी नाराजगी

# कार्य में अनियमितता सहित खड़िया मसना का अस्तित्व मिटाने का एजेंसी पर लगाया आरोप

**बैठक के बाद जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने किया स्थल का निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** जल जीवन मिशन योजना के तहत पोढ़ा पहान टोली कोयल नदी डोंगा घाट में बन रहे छलटा के ध्वस्त हो जाने को लेकर ग्रामीणों ने जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा के नेतृत्व में सोमवार को पोढ़ा गांव में बैठक की। बैठक में ग्रामीणों ने कार्य में अनियमितता सहित खड़िया मसना (श्मशान घाट) को पूरी तरह से खोदकर अस्तित्व मिटाने का गंभीर आरोप कार्य एजेंसी पर लगाया है। वहीं छलटा के ध्वस्त होने और अखबार में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित होने के बाद भी किसी बड़े अधिकारियों के कार्य स्थल नहीं पहुंचने से लोगों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि विकास योजनाओं में अधिकारियों का कमीशन निर्धारित रहता है यह जगजाहिर है। जिसके कारण अधिकारी भी योजना की जांच व निरीक्षण करने से कतराते हैं। ग्रामीणों ने नदी और आसपास के मरे हुए पत्थर और मिट्टीयुक्त बालू चिप्स का उपयोग करने, नींव की खुदाई नहीं करने, छड़ और सीमेंट की मात्रा कम लगाने और मिक्सचर मशीन से मशाला नहीं बनाने को छलटा बहने का कारण बताया है।

बैठक के बाद किरण बाड़ा के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने स्थल का निरीक्षण किया। जिसमें कार्य स्थल पर 40% मिट्टी मिला पत्थर चिप्स देखकर किरण भड़क उठीं। वहीं पानी स्टोरेज के लिए टंकी के बगल में बनाए गए प्लेटफॉर्म की पीसीसी ढलाई मिट्टी बैठने से पूरी तरह से टूट गई है। ग्रामीणों ने बताया कि नयी मिट्टी भर कर उसमें बालू सोलिंग कर डेढ़ दो इंच ढलाई की गयी है। ढलाई टूटने को छुपाने के लिए दुबारा ढलाई के निशान भी मौजूद हैं। बावजूद इसके पानी आने से मिट्टी बैठ गयी और पीसीसी टूट गया है। वहीं मजदूरों ने बताया कि कर्मियों के रहने के लिए बनाए गए नवनिर्मित भवन पिछले दिनों की बारिश में चुने लगा था। ठेकेदार ने भवन को तिरपाल से ढकवा दिया था। निरीक्षण के दौरान भी भवन की छत तिरपाल से ढकी हुई थी।

वहीं एतवा खड़िया, जेरकु खड़िया, सोमरा खड़िया, धनेश्वर खड़िया, टुईया खड़िया, मिटकु खड़िया ने कहा कि नदी किनारे करीब डेढ़ एकड़ में पूर्वजों के द्वारा स्थापित किया गया खड़िया समाज के श्मशान घाट को ठेकेदार के द्वारा खोदाई कर अस्तित्व मिटा दिया गया है। श्मशान में सैकड़ों पूर्वजों के शव दफन थे। वहीं डेढ़ महीना पहले करमा खड़िया के शव को दफनाया गया था। दफनाने के 15 दिन बाद ही उसके कब्र को खोदकर आधा सड़े शव को मिट्टी में मिला दिया गया। किरण बाड़ा ने कहा कि श्मशान घाट को खोदकर ठेकेदार ने इंसानियत की सारी हदें पार कर दी है। करोड़ों की लागत से बनने वाली जनकल्याणकारी योजना शुरूआती दौर में ही पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है। इस योजना से 15 पंचायत के लगभग 70 से 75 गांव को पानी मुहैया कराना असंभव है। किरण ने कॉन्टेक्ट लेने के बाद मोटी रकम लेकर काम को बेचने वाले इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट ऑफ इंडिया को ब्लैक लिस्टेड करने और योजना की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। वहीं ग्रामीणों द्वारा अनियमितता को लेकर उपायुक्त और सांसद को आवेदन देने की बात कही।

मौके पर विहिप प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहू, जिला सह मंत्री मनीष बाबू, सौरभ ताम्रकार, किशन सिंह, ग्रामीण रोहित साहू, श्रवण साहू, बसंत साहू, सुनील साहू, चमरू उरांव, रामचरित साहू, लखन साहू, बलकु साहू, महतो उरांव, भोजा उरांव, अजय महली, मनोज महली, करमचंद उरांव, महावीर साहू,चमार साहू, पंचू साहू, दिलिप साहू, जगमोहन साहू, भारती देवी, रंजू देवी, सीता देवी, बिरस देवी, दीपिका कुमारी, पानपती साहू सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### अभी प्रोजेक्ट पूरा नहीं हुआ है, नदी में पानी घटते ही इसे पूरी तरह से ठीक कर दिया जायेगा : साइट इंचार्ज

**साइट इंचार्ज मनचन मिश्रा ने कहा कि बरसात को देखते हुए छलटा में पानी निकल जाए और काम में बाधा न पहुंचे इसके लिए ह्यूम पाईप लगाया गया था, पानी के तेज के बहाव के कारण ह्यूम पाईप खिसकने और पानी के दबाव से छलटा को नुकसान हुआ है, अभी प्रोजेक्ट पूरा नहीं हुआ है, नदी में पानी घटते ही इसे पूरी तरह से ठीक कर दिया जाएगा। वहीं पीएचईडी विभाग के जेई मनोज कुमार ने प्लेटफॉर्म ढलाई की जानकारी पहले ही डिविजन में दिये जाने और ढलाई तोड़कर बोल्डर व डस्ट से सोलिंग कर नये से ढालने की बात कही।**

### महत्वपूर्ण न्यूज

## सिक्किम में फंसे गुमला जिले के प्रवासी मजदूरों को सही सलामत लाया गया वापस



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सिक्किम के एक कंस्ट्रक्शन साइट पर अचानक बादल के फटने पर बाढ़ आने से जिले से गए लगभग 100 से अधिक प्रवासी मजदूरों के फंस जाने की खबर गुमला जिला प्रशासन को मिली। जिसपर प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी मजदूरों को सुरक्षित आज सोमवार को गुमला जिला वापस लाया गया। झारखंड राज्य के गुमला, सिमडेगा एवं लोहरदगा के लगभग 120 प्रवासी मजदूर सिक्किम में काम करने गए थे, जिसमें से सबसे अधिक गुमला जिले से (लगभग 100) मजदूर शामिल थे, जो सिक्किम में आए भूस्खलन में फंस गए थे। जिसकी खबर मिलते ही उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश पर जिला श्रम अधीक्षक ने सूचना प्रशासन एवं प्रवासी मजदूर केंद्र को जानकारी दी जहां से सिक्किम सरकार से सहयोग प्राप्त करते हुए सभी मजदूरों को सुरक्षित रूप से बस के माध्यम से रांची लाया गया। उपायुक्त के निर्देश पर जिला श्रम अधीक्षक ने आज स्वयं रांची खादगढ़ा बस स्टैंड जाकर वहां सभी मजदूरों का स्वागत किया एवं जिला प्रशासन द्वारा वहां से बस की सुविधा से सभी प्रवासी मजदूरों को आज सुरक्षित रूप से रांची से गुमला अपने-अपने घर भेजा गया।

## जागृति युवा क्लब रावण दहन समिति का गठन, अजीत कुमार जायसवाल बने अध्यक्ष

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में तेज नारायण सिंह की अध्यक्षता में रविवार शाम को जागृति युवा क्लब रावण दहन समिति की बैठक हुई। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से रावण दहन करने का निर्णय लिया गया। पुरानी समिति का कार्यकाल समाप्त होने के कारण सर्वसम्मति से समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अजीत कुमार जायसवाल उर्फ डब्बू, कार्यकारी अध्यक्ष गौतम ताम्रकार, सचिव तेज नारायण सिंह, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार ताम्रकार उर्फ बंटी, उपाध्यक्ष ओज कुमार जायसवाल, राजन कुमार, विजय कुमार साहू, मुकेश कुमार साहू, अमित कुमार उर्फ गोलू, शुभम किशोर सिंह, विकास साहू, दीपक कुमार सिंह, अमित कुमार दुबे, मिडिया प्रभारी विकास कुमार पंडा व मिक्की केशरी, सक्रिय सदस्य डॉ दिनेश साहू, बसंत सिंह, श्रवण सिंह, तपन राउत, अंकित साहू उर्फ नायडू, गौतम केशरी का चयन किया गया। वहीं निरंजन सिंह, रामानंद सिंह, नंदकिशोर सिंह, राजेश साहू, पुरन साहू, निरंजन भौमिक उर्फ बालो, अशोक कुमार शर्मा, बैजनाथ जायसवाल, सुजीत जायसवाल, बासुदेव जायसवाल, साहू प्रकाश लाल, दिलीप गुप्ता, कृष्णा केशरी को संरक्षक बनाया गया। मौके पर भदौली-कुदरा-सिसई के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत, एक घायल

**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई पुसो सड़क में शिवनाथपुर पुल के समीप रविवार की शाम को बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के घाघरा कापोटोली गांव निवासी जतरा उरांव के रूप में हुई। घायल लकेया गांव का संतोष उरांव है। घायल संतोष उरांव के अनुसार वह अपने दो दोस्तों के साथ बाइक नं. जेएच 07 एल 5955 से करमा पर्व मनाकर घर लौट रहा था, सभी नशे की हालत में थे। इसी क्रम में पैदल जा रहे जतरा उरांव से बाइक टकरा गई, जिससे सभी गिर गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि घटनास्थल पर ही जतरा की मौत हो गई। भय से बाइक में सवार दो लोग अपने घायल दोस्त व बाइक को छोड़कर मौके से फरार हो गए। राहगीरों की सूचना पर एसआई भवेश कुमार ने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस वाहन में घायल और मृतक के शव को अस्पताल पहुंचाया। जहां घायल का इलाज चल रहा था। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## उपायुक्त ने बेहतर कार्य के लिए बिशुनपुर अंचल अधिकारी को किया सम्मानित

**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के द्वारा जिला में बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारी का चयन कर उन्हें प्रशस्ति पत्र देने की नई पहल के दौरान सितंबर माह में गुमला जिला में बेहतर कार्य करने वाले अंचल अधिकारी के रूप में बिशुनपुर के धनंजय पाठक का चयन किया गया। इस मौके पर उपायुक्त के द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। उपायुक्त के द्वारा बताया गया कि दुर्गम क्षेत्रों में जमीन संबंधित मामलों का त्वरित गति से निपटारा करने के लिए यह प्रशस्ति पत्र बिशुनपुर के अंचलाधिकारी को दिया जा रहा है। मौके पर धनंजय पाठक ने उपायुक्त को इस कार्य के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि सितंबर माह से सभी विभाग में बेहतर कार्य करने वाले एक पदाधिकारी को चयनित कर उसे प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है। सितंबर माह में मुझे यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके लिए मैं गुमला उपायुक्त को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान मेरा नहीं बल्कि पूरे बिशुनपुर प्रखंड का है। बिशुनपुर के लोग हमें सहयोग नहीं करते तो मुझे यह सम्मान नहीं मिल सकता था।

## हत्या के अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास

**गुमला (आजाद सिपाही)।** एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में भरनो जूरा निवासी जितराम लोहरा के हत्या के आरोपी जूरा निवासी सुकरा लोहरा को धारा 302 के तहत सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनायी गयी है। वहीं आरोपी को 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ सकती है। इस मामले में सरकारी पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक मोहम्मद जावेद हुसैन ने पैरवी की। घटना चार अक्टूबर 2007 की है। घटना के दिन जितराम व सुकरा लोहरा के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इतने में सुकरा ने टांगी से वार कर जितराम की हत्या कर दी। जिसके बाद मृतक की पत्नी मुन्ना लोहराईन ने आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

## सेवा में त्रुटि पाये जाने पर विपक्षी इश्योरेंस कंपनी को 5.81 लाख भुगतान का आदेश

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के अध्यक्ष ओम प्रकाश पांडेय व सदस्य सरला गंझू के द्वारा शिकायतकर्ता अशुतोष कुमार के पक्ष में आदेश पारित किया। शिकायतकर्ता ने आइसीआईसीआई लोमबोर्ड जेनरल इंश्योरेंस रांची एवं अन्य के विरुद्ध सेवा में त्रुटि के लिए शिकायत की थी। जिसके बाद उपभोक्ता फोरम के द्वारा शिकायतकर्ता के पक्ष में वाहन बीमा दावे का कुल पांच लाख 81 हजार 690 रुपये का भुगतान व मानसिक तथा आर्थिक क्षति के लिए अलग से 20 हजार रुपए का भुगतान करने का आदेश पारित किया गया।

**हिदायत :** विद्यालय व जन वितरण प्रणाली विक्रेता के प्रति लोगों ने की ज्यादा शिकायतें

# जनता को बेवजह परेशान ना करें अन्यथा कार्रवाई के लिए सभी तैयार रहें : मुखिया

- झरगड़ा पंचायत सचिवालय में विकास योजनाओं को लेकर हुई चर्चा
- झरगड़ा में पुलिस पिकेट की स्थापना को लेकर डीसी को आवेदन देने का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



बैठक में शामिल मुखिया अशोक चौधरी व अन्य।

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के झरगड़ा पंचायत सचिवालय में मुखिया अशोक चौधरी की अध्यक्षता में सलाना समीक्षा बैठक हुई। जिसमें मनरेगा, 15वें वित आयोग, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन, जन वितरण प्रणाली, आंगनबाड़ी एवं पेयजल से संबंधित सभी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। संबंधित सभी विभाग कर्मियों को संबोधित करते हुए मुखिया अशोक चौधरी ने कहा कि आप सभी अपने कार्यों में पारदर्शिता लायें। विद्यालय एवं जन वितरण प्रणाली विक्रेता के प्रति लोगों ने ज्यादा शिकायत की। मुखिया ने सख्त लहजे में कहा कि बेवजह जनता को परेशान न करे अन्यथा विभागीय कार्रवाई के लिए तैयार रहें। वहीं, विगत 25 सितंबर की रात में मुखिया अशोक चौधरी के आवास पर हुई फायरिंग की घटना की लोगों ने घोर निंदा की एवं झरगाडा पंचायत में पुलिस शिविर की स्वीकृति के लिए पलामू डीसी के नाम एक आवेदन भेजने का निर्णय लिया गया। ग्रामीणों ने झरगाडा मोड़ से झरगाडा गांव तक सड़क मरम्मती की मांग की, जिस पर मुखिया ने यथाशीघ्र सड़क मरम्मति की बात कही। बैठक में सभी वार्ड सदस्यों, उप मुखिया अजय यादव, पंचायत समिति सदस्य मानती देवी, पंचायत सेवक उपेंद्र कुमार सिंह, रोजगार सेवक अजय कुमार, आंगनबाड़ी सेविका,एएनएम उषा देवी, स्वास्थ्य सहिया, शिक्षक आदि उपस्थित रहे।

# झारखंड में सरकार करा रही बालू की कालाबाजारी : कमलेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के मुखिया दो साल में बालू की निलामी पर कोई ठोस निर्णय नहीं ले सके। आलम यह है कि डेवलपमेंट का कोई काम नहीं हो रहा है। एक तो पलामू सहित पूरे राज्य में सुखाड़ की स्थिति है। खेती नहीं हुई। लोग जो मजदूरी कर कम से कम अपना पेट भरते, वह भी नहीं हो रहा है। बालू की वैध निलामी नहीं होने की वजह से कंस्ट्रक्शन वर्क रूका हुआ है। स्टॉक से जो बालू मिल रहा है, वह भी औने-पौने दाम पर उपलब्ध है। पलामू सहित पूरे राज्य में बालू की कालाबाजारी हो रही है। बालू पर सरकार की ओर से निर्णय नहीं लिया जाना बताता है कि सरकार के मुखिया बालू की कालाबाजारी करा अपनी जेब भर रहे हैं। ये बातें राष्ट्रवादी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक कमलेश सिंह ने कही। वह सोमवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

## पार्टी पूरे राज्य में करेगी बड़ा आंदोलन

उन्होंने बातचीत के क्रम में सरकार को चेतावनी भी दी। कहा कि पलामू में बालू घाटों की नीलामी नहीं हुई है। हर रात सैकड़ों ट्रैक्टर बालू का अवैध कारोबार चल रहा है। ऐसे में पार्टी अब आरपार के मूड में है। उन्होंने कहा कि पलामू में बालू के इस खेल में स्थानीय प्रशासन से लेकर जिले के बड़े अधिकारी तक शामिल हैं। सरकार भी बालू की कालाबाजारी में संलिप्त है, पर अब इसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अब बालू के मुद्दे को लेकर एनसीपी आर-पार की लड़ाई लड़ेगी। अगर जल्द बालू घाट की नीलामी नहीं हुई तो पार्टी राज्य में बड़ा आंदोलन करेगी।

## सरकार नहीं दे रही ध्यान

उन्होंने कहा कि राज्यव्यापी इस समस्या को विधानसभा पटल पर तीन मार्च 2020, दो मार्च 2021 और दो अगस्त 2022 को उठाया था। सीएम को पत्र भी लिख कर समाधान कराने का अनुरोध किया जा चुका है। सुनवाई नहीं होने की स्थिति में हुसैनाबाद में विशाल आंदोलन किसानों, ट्रैक्टर मालिकों और आम लोगों ने किया था। इसके बाद भी सरकार मूकदर्शक बनी है। उन्होंने कहा कि झारखंड के बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं करने के पीछे बड़ा खेल चल रहा है। बालू घाटों की बंदोबस्ती होने से सरकार को राजस्व भी मिलता और आम लोगों को बालू आसानी से सस्ते दर पर मिलता, पर सरकार के मुखिया ऐसा नहीं चाहते हैं। उन्होंने अब याचना नहीं रण होने की बात कही।

## बेरोजगारी से युवा त्रस्त

कमलेश सिंह के मुताबिक राज्य में केवल बालू ही एकमात्र समस्या नहीं है। पलामू में नये सर्वे को लागू करना भी सरकार की गलती है। ऑनलाइन सर्वे में गलत इंट्री की वजह से पलामू के आधे लोग अंचल, थाना और कोर्ट का चक्कर लगाते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में बेरोजगारी से युवा त्रस्त हैं। सिंचाई के अभाव में फसलें सूख रही हैं। गरीबों को राशन कार्ड पर मिलनेवाला अनाज कहां जाता है, किसी को पता नहीं। हर तीन माह के बाद एक माह अनाज की आपूर्ति नहीं होती है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर सुधार नहीं हुआ तो जनता जेएमएम-कांग्रेस को चुनाव में सबक सिखाने का काम करेगी।

# रामचंद्र सिंह चुने गये चेरो महासभा के राष्ट्रीय संयोजक



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** राजा मेदिनी राय तर्पण कार्यक्रम सह अखिल भारतीय चेरो जनजातीय मिलन समारोह में राजा मेदिनी राय युवा मंच पलामू प्रमंडल के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्तर पर अखिल भारतीय चेरो महासभा का गठन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से राष्ट्रीय संयोजक एवं संरक्षक के तौर पर मनिक के विधायक रामचंद्र सिंह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिराम सिंह चेरो पूर्व विधायक दूधी उत्तर प्रदेश और राष्ट्रीय सचिव रामराज को चुना गया। उक्त बातों की जानकारी मेदिनी युवा मंच के झारखंड के कोर कमेटी सदस्य अवधेश सिंह चेरो ने दी। इस मौके पर भारदुल सिंह, अर्जुन सिंह, डॉक्टर मीना सिंह, बीडीओ अरुण सिंह, मनोज सिंह, अनिल सिंह, उमेश सिंह, विश्वनाथ सिंह, गुड्डू सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, शिवनारायण सिंह, योगेश्वर सिंह, जदूनी सिंह, यमुना सिंह, कबूतरी देवी, हृदय सिंह, हरिदास सिंह, प्रमोद सिंह, विजय कुमार सिंह, विनय सिंह, कुमारी अंजना, डॉक्टर मीरा सिंह, बाशो देवी, अजीत सिंह आदि उपस्थित थे।

# सभी के सहयोग से बढ़ रहा निगम: अरुणा शंकर

## गरीब बच्चों को भी अवसर दें : नगर आयुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** गांधी उद्यान में जैरी लैंड का उद्घाटन नगर आयुक्त रवि आनंद एवं प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने किया। नगर आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि यह गेम जोन बच्चों को अपनी ओर आकर्षित करेगा, लेकिन गरीब बच्चों के लिए सप्ताह में एक दिन तीन घंटे का निःशुल्क अवसर दें ताकि वे भी इस नए-नए गेम्स का लुफ्त उठा सके। उन्होंने कहा कि निगम ने कई और भी योजनाएं बना रखी हैं जो क्षेत्र की तस्वीर को बदलेगा। वहीं, प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि हमारा शहर बदल रहा है। गांधी मैदान जहां कभी कचरे का ढेर लगा रहता था।अगल-बगल के घर वाले खिड़कियां बंद रखते थे, ताकि दुर्गंध ना आए। वहीं आज उद्यान के तरफ की खिड़कियां खोली जा रही हैं। लोग स्वास्थ्य एवं योग क्रिया कर रहे हैं। बड़े, बुजुर्ग, माताएं एवं बहने मैदाने में घूमते एवं योग करते नजर आती हैं। बच्चे खेलते नजर आते हैं और अब उसी कड़ी में बच्चों एवं युवाओं के लिए कई नई-नई तरह के गेम्स लगवाई गई है जिसे सभी लोगों ने सराहा है। अब चुनौती रखरखाव की है जो आप सबों के बिना अधूरा है। प्रथम महापौर ने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर मरीन ड्राइव का ग्रील, महात्मा गांधी मार्ग के लाइट तुड़वाने में लगे हैं। उनसे कहना चाहूंगी कि आप भी एक मार्ग को सजवाएं समाज आपकी भी तारीफ करेगा। गांधी उद्यान में खुले जैरी लैंड का विशेष आकर्षण का केंद्र 7डी थिएटर, भूत बंगला, बंपर कार, बुल फाइट एवं टॉय ट्रेन है जो बच्चों को एक नया मनोरंजन दे रहा है। इस अवसर पर लायंस फेमिना, पलामू चेंबर लेडीज विंग, रोटरी क्लब एवं शहर के काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# बबलू सिंह बने महुअरि डिहरी दुर्गापूजा कमेटी के अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** दुर्गापूजा को लेकर महुअरि डिहरी टिकर पर फुलड़िहा के ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें दुर्गापूजा धूमधाम से मनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। इसमें दुर्गापूजा के सफल संचालन को लेकर सर्व सहमति से एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें बबलू सिंह को अध्यक्ष, चंदन सिंह व विनय सिंह को सचिव, गोलू सिंह व अमित सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया। राहुल सिंह, मिथिलेश सिंह, पंकज सिंह, रिशू सिंह, चीकू सिंह, अविनाश सिंह, विक्की, उज्ज्वल, चंकी, मोनू, सोनू, रूपेश, गौरव, छोटू, दीपक गुप्ता, हरेंद्र, जितेंद्र, शक्ति, चंदन, डब्ल्यू, विकास, प्रिंस, विक्की, गुलशन, लवकुश, जितेंद्र, आनंद कुमार, मंटू कुमार, राजेश सिंह और ब्रजेश सिंह को कार्यकरणी सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया।

# अंगूठा लगवा कर राशन नहीं देने पर कार्डधारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा प्रखंड कार्यालय में सोमवार को सैकड़ों कार्ड धारियों ने अपने डीलर व स्वयं सहायता समूह पर सितंबर म्हीने के राशन का अंगूठा लगवा कर राशन नहीं देने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही उन लोगों ने प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी को आवेदन भी सौंपा। जिसमें बताया गया है कि घुटुवा ग्राम पंचायत के डीलर व स्वयं सहायता समूह द्वारा अंगूठा लगवा कर भी सितंबर माह का राशन नहीं दिया गया है। राशन मांगने पर समूह के लोगों द्वारा साफ मना कर दिया जा रहा है। कह रहे हैं कि जहां शिकायत करनी हो कर सकते हैं। उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। आगे से राशन आया ही नहीं है, तो कहां से दें। वहीं, प्रखंड खाद आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है। जिसमें 40 से 50 लोगों का नाम है जिन्हें अंगूठा लगवा कर ए स्वयं सहायता समूह द्वारा सितंबर माह का राशन नहीं दिया गया है। इसकी जांच होगी और राशन दिलाया जाएगा। एमओ के आश्वासन के बाद लोग शांत हुए। मौके पर सहोदरी देवी, ललिता देवी, नेहा कुमारी, मखोला देवी, अंजू देवी, अनीता देवी, शिमला देवी आदि थीं।

# सड़क हादसा में घायल डंडिला खुर्द के युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** सड़क हादसा में गंभीर रूप से घायल 45 वर्षीय अखिलेश कुमार शुक्ला उर्फ बल्लू की शनिवार की देर रात इलाज के दौरान रांची के मेडिका हॉस्पिटल में मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार मृतक शुक्रवार की रात 8.30 बजे रेहला थाना के डंडिला खुर्द स्थित अपने घर से ग्रासिम फैक्टरी गेट की तरफ जा रहे थे। इसी बीच उनकी टक्कर एक बल्कर से हो गयी। जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आदित्य बिड़ला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। रांची मेडिका हॉस्पिटल में इलाज के बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुई और शनिवार की देर रात मौत हो गयी। घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। गांव में भी मातम है। मृतक अखिलेश शुक्ला ट्रांसपोर्ट व्यवसाई राजेश शुक्ला के छोटे भाई थे। स्व अखिलेश शुक्ला सामाजिक और धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़कर सहयोग करते थे। इसलिए उनके निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर है। इधर, उनके निधन पर कई लोगों ने दुख व्यक्त किया है। जिसमें पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, बसपा नेता अभिमन्यु सिंह, पूर्व विस प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय सहित कई लोगों के नाम शामिल है।

# संकल्प सप्ताह के समापन समारोह में कृषि प्रदर्शनी का हुआ आयोजन






आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज प्रखंड सभागार में सोमवार को कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास, जेएसएलपिएस सहित सभी विभागों के अधिकारी-पंचायत प्रतिनिधई संकल्प सप्ताह के समापन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान अकांक्षी प्रखण्ड के रूप में चयनित हरिहरगंज के चौमुखी विकास के लिए अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने चर्चा की। वहीं प्रखण्ड परिसर में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने कृषि प्रदर्शनी लगाई, जिसमें प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आये किसानों ने ईख, ओल, भिंडी, बैगन, निनुआ, मूली, करेला, अदरख, हल्दी आदि सब्जियों का स्टॉल लगाया। मौके पर संबंधित अधिकारियों ने उन्नत खेती के लिए भूमि का चयन एवं तैयारी बुआई का उचित समय खरपतवार नियंत्रण रोग एवं उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान बेहतर उत्पाद के लिए कई किसानों को सम्मानित भी किया गया। कृषि प्रदर्शनी में अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी विवेक बिरुआ, कनीय पौध संरक्षण पदाधिकारी अविनाश कुजूर, तकनीक सहायक पलामू मनोज कुमार सिंह, बीटीएम अमित कुमार, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, जेएसएलपिएस बीपीएम मुकेश कुमार, एटीएम प्रवीण जहां, मुखिया काजल एवं नीतू कुमारी के अलावा रामजनम मेहता, अनिल कुमार यादव, पंचप कुमार मेहता, संजय कुमार सिंह, रामनंदन यादव, मोहन यादव बिरेन्द्र कुमार मेहता, रंजीत यादव, अमरेन्द्र पासवान, नंद किशोर प्रसाद, प्रवेश यादव आदि थे।

## स्पोर्ट्स



स्टार क्रिकेट खिलाड़ी शुभमन गिल 11 अक्टूबर को दिल्ली में आफगानिस्तान के खिलाफ दोने वाले वर्ल्ड कप के भारत के दूसरे मुकाबले में भी नहीं खेल पायेंगें। बीसीसीआइ ने जानकारी दी है।

टीम के साथ दिल्ली नहीं करेंगें ट्रैवल, चेन्नई में करेंगे रिकवरी : बीसीसीआइ

# अफगानिस्तान के खिलाफ नहीं खेलेंगे शुभमन गिल

भारत वर्ल्ड कप का अपना दूसरा मुकाबला 11 अक्टूबर को दिल्ली में खेलेगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**नई दिल्ली।** शुभमन गिल अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरा वर्ल्ड कप मैच मिस करेंगे। बीसीसीआइ ने बताया कि शुभमन गिल अफगानिस्तान के खिलाफ अगले मैच के लिए टीम के साथ दिल्ली ट्रैवल नहीं कर रहे हैं। वे इस समय मेडिकल टीम के साथ चेन्नई में ही रहेंगे। बतातें चलें कि वर्ल्ड कप का दूसरा मुकाबला भारत 11 अक्टूबर को अफगानिस्तान के खिलाफ दिल्ली में खेलेगा। गिल पाकिस्तान के खिलाफ अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को होने वाले मैच में खेल सकते है। चेन्नई में खेले गए अपने पहले मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराया था।

## पहला मैच भी नहीं खेले थे शुभमन

डेंगू के कारण गिल भारत का पहला मैच भी नहीं खेले थे। रिकवर नहीं हो पाने के कारण गिल की जगह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ईशान किशन ने मैच में ओपनिंग की थी और बिना खाता खोले ही आउट हो गए थे।

## चेन्नई पहुंचने के बाद से गिल को तेज बुखार

बीसीसीआइ ने तीन दिन पहले बताया था कि पहले मैच के लिए चेन्नई पहुंचने के बाद से शुभमन को तेज बुखार था। उनके स्वास्थ्य की जांच की गई तो डेंगू होने का पता चला।

## गिल 2023 में वनडे में भारत के टॉप स्कोरर

शुभमन गिल इस साल शानदार फॉर्म में हैं। गिल 2023 में वनडे में भारत के टॉप स्कोरर हैं। इस ओपनर ने 2023 में 20 वनडे मैचों में 72.35 की औसत और 105.03 की स्ट्राइक रेट से 1,230 रन बनाए हैं। उनके 6 वनडे शतकों में से 5 शतक इसी साल आए हैं।

# एसडीओ ने खो-खो खिलाड़ियों को किया रवाना

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खेलो झारखण्ड के तहत खो-खो प्रतियोगिता की जिला स्तरीय प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सोमवार को रवाना किया गया। उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक प्रवीण कुमार और अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर प्रतिभागियों को रवाना किया। उप विकास आयुक्त ने प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में खेल की भावना से खेलने और प्रतियोगिता में सफल होने की शुभकामना दी। साथ ही बच्चों के साथ प्रतियोगिता में शामिल होने जा रहे शिक्षक और कोच को बच्चों की विशेष सुरक्षा का ध्यान रखने का निर्देश दिया।

# स्पेशल ट्रेन के नाम पर किराये वृद्धि से नाराज ग्रामीणों ने डीआरएम के नाम सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**हुसैनाबाद।** डेहरीऑन सोन-गढ़वा रोड रेल खंड के सभी पैसेंजर ट्रेन को स्पेशल ट्रेन बनाकर अधिक भाड़ा वसूली को लेकर कजरात नावाडीह स्टेशन क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों ने डीडीयू रेल प्रबंधक के नाम एक आवेदन सौंपा। इसके माध्यम से स्पेशल ट्रेन का भाड़ा सामान्य पैसेंजर के भाड़ा करने की मांग की है। दिए गए आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि गढ़वा रोड रेल खंड के बीडी सेक्सन क्षेत्र में कोरोना काल से स्पेशल ट्रेन के नाम पर पैसेंजर ट्रेन संख्या के पहले शून्य लगाकर अधिक भाड़ा की वसूली की जा रही है। स्पेशल ट्रेन के पहले 10 रुपए में 10 किलोमीटर की यात्रा की जाती थी, लेकिन अब 30 रुपए कर दिया गया है, जो गरीबों का दोहन व शोषण करने के बराबर है। आवेदन में यह भी कहा गया कि स्थानीय सांसद व विधायक इस मामले को लेकर अब तक गंभीर नहीं है। ग्रामीणों ने रेल प्रबंधक को लिखे पत्र में आग्रह करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों की स्थिति को देखते हुए स्पेशल ट्रेन का भाड़ा सामान्य करें अन्यथा जनता आंदोलन को बाध्य होगी। वहीं, आवेदन देने वालों में वीरेंद्र चौधरी, शिवनारायण सिंह, कृष्णा यादव, पूर्व मुखिया राम लखन यादव, दोस्तमोहम्मद अंसारी, सत्येंद्र सिंह, सूर्य देव प्रसाद सिंह, राजकुमार, सुग्रीव ठाकुर, अशोक सिंह, शशिकांत मेहता, शिवनाथ चौधरी, विजय मेहता, श्रवण पांडे, संतोष पांडे, अजय सिंह, विक्रांत कुमार, प्रमोद मेहता, अरविंद कुमार प्रजापति, विजेंदर प्रजापति, विनय यादव, अजय यादव, सुमित सिंह, रामदेव मेहता आदि शामिल थे।

### बाघमारा प्रखंड कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए मंत्री आलमगीर आलम

# कांग्रेस में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी: आलमगीर आलम

- 20 सूत्री प्रभारी के इस्तीफे को लेकर कांग्रेस के अंदरूनी विवाद से मंत्री ने नाकारा
- कहा इस्तीफा की बात कही थी, कोई इस्तीफा नहीं मिला

आजाद सिपाही संवाददाता

## झारखंड में भी होगी जातीय जनगणना : राजेश ठाकुर




कांग्रेस के प्रखंड स्तरीय बैठक में शामिल हुए मंत्री आलमगीर आलम, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर व पार्टी के अन्य नेता-कार्यकर्ता।

**महुदा।** बाघमारा स्थित डुमरा सामुदायिक भवन में सोमवार को प्रखंड स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के पंचायती राज, नगर निकाय मंत्री आलमगीर आलम भी शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से पहले मंत्री आलमगीर आलम का भव्य स्वागत पूर्व मंत्री सह झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने अपने दर्जन कार्यकर्ताओं के साथ महुदा मोड़ स्थित स्व. बिनोद बिहारी चौक पर ढ़ोल नागाड़ो एवं फूल मला पहनाकर किया। इस दौरान मंत्री आलमगीर आलम ने बिनोद बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां उनका स्वागत प्रखंड से लेकर जिला एवं प्रदेश स्तर के पार्टी पदाधिकारियों-नेताओं ने किया। इस अवसर पर मंत्री जी से पार्टी के बीस सूत्री प्रभारी के पद से मंत्री बन्ना गुप्ता के इस्तीफा देने के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि पार्टी में किसी तरह का कोई अंदरूनी विवाद नहीं हैं। कहा कि पार्टी के किसी भी पदाधिकारी या सदस्य की अनुशासन हिनता बर्दास्त नहीं की जाएगी। कहा कि उन्होंने इस्तीफा देने की बात कही थी। पर अभी तक इस्तीफा मिला की नहीं यह पार्टी के पदाधिकारी ही सही जानकारी देंगे। उन्होंने बताया कि कांग्रेस एक बड़ी पार्टी हैं। सभी को एक साथ लेकर चलती हैं। वहीं, वहीं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी जी के भारत जोड़ों यात्रा से देश के लोग काफी प्रभावित हुए हैं। हमने एक नारा दिया था आ अब लौट चले, इसका मतलब हैं कि आप कांग्रेस में रहे हो या आपके पूर्वज कांग्रेस में रहे हो सभी लोग सदस्यता ले रहे हैं। उन्होंने जाती जनगणना पर कहा निश्चित ही झारखंड में भी जाती जनगणना होनी चाहिए। हम सभी आइएनडीआइए के साथी हैं। एक साथ सरकार में हैं। जहां भी कांग्रेस शासित राज्य हैं, वहां जाती जनगणना हुई हैं। इस लिए निश्चित ही झारखंड में भी होंगी। इस मौके पर झारखंड कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष सह अनुशासन समिति के चेयरमेन ब्रजेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री मन्नान मलिक, धनबाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, कार्यकारणी जिला अध्यक्ष राशिद रजा आदि उपस्थित थे।

## एक नये सफर की शुरुआत कार्यक्रम का आयोजन




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट से अक्टूबर 2023 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं और सेवानिवृति के उपरांत जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंधन की जानकारी देने के उद्देश्य से सोमवार को मानव संसाधन विकास केंद्र के मुख्य प्रेक्षागृह में एक नए सफर की शुरूआत नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आरंभ में वरीय प्रबंधक (कार्मिक-फाइनल सेटलमेंट) अंकिता देव ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और नए मेडिक्लेम योजना, एनपीएस योजना आदि की जानकारी देने के साथ ही कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। एसीएमओ (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ साकेत मिश्रा और योग विशेषज्ञ विनय योग ने इस्पात कर्मियों को स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य प्रबंधक मुकेश कुमार ने उपस्थित समूह को वरिष्ठ नागरिकों के लिए धन निवेश पर सुझाव और बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।



## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 27 / 2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 27.10.23 को 10:00 पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 28.10.23 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 28.10.23 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट

| क्र0 स0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कटकमदाग | कटकमदाग प्रखण्ड कार्यालय से श्मशान घाट तक पी0सी0सी0 पथ एवं गार्डवाल निर्माण। | 4987900.00 | 5000.00 | 99800.00 | चार माह |

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 308704 District (23-24)_D

## उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
## (जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग)

**– : अति अल्पकालीन निविदा :–**

कोडरमा जिला में सामाजिक सुरक्षा योजनान्तर्गत वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत् वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिये जिला में गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर कर रहे व्यक्तियों यथा– वृद्धों, दिव्यांगों, भूमिहीनों, बंधुआ मजदूरी के मुक्त कराये गये लोगों तथा शिक्षुकों को जाड़े में ठंड से बचाव हेतु मुफ्त कम्बल वितरण के तहत् ऊनी कम्बल का क्रय करने हेतु GeM Portal के माध्यम से निविदा के द्वारा क्रय किया जाना है, Tender Reference No. 238 दिनांक 07 / 10 / 2023 एवं निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि 19 / 10 / 2023 है।

| क्र० | सामग्री का नाम | साईज | वजन | प्रतीक चिन्ह् (Logo) 3" X 3" Dimension |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
| 1 | कम्बल Woollen Plain Size | शुद्ध 90"X60" (न्यूनतम) | शुद्ध 2.00 Kg (न्यूनतम) | झारखण्ड सरकार, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड, राँची। |

उपरोक्त GeM Portal से क्रय हेतु ऑनलाईन तकनीकी निविदा की शर्तें एवं विस्तृत विवरणी GeM Portal एवं कोडरमा के वेबसाईट https://gem.gov.in, www.koderma.nic.in पर दिनांक 19 / 10 / 2023 को (अपराह्न 12:00 बजे तक) प्राप्त की जा सकती है।

उपायुक्त,
कोडरमा

PR 308658 Women, Child Development & Social Security(23-24)#D

## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 28 / 2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 27.10.23 एवं 28.10.23 को 10:00 पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 30.10.23 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 30.10.23 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग एवं जिला परिषद, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– जिला योजना अनावद्ध निधि

| क्र0 स0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ईचाक | ग्राम पंचायत गोबरबन्दा में ग्राम सिजूआ में एन0एच0–33 हार्दिक पेट्रोल पम्प के बगल से आर0ई0ओ0 रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1235400.00 | 2500.00 | 24800.00 | तीन माह |
| 2 | ईचाक | ग्राम पंचायत बरियठ में एन0एच0–33 से मुरली राणा के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1259700.00 | 2500.00 | 25200.00 | तीन माह |
| 3 | चौपारण | पंचायत–मानगढ़, ग्राम–कोयली में मदीना मस्जिद से फजल करीम के घर पुलिया तक नाली निर्माण | 970200.00 | 1250.00 | 19500.00 | तीन माह |
| 4 | चौपारण | ग्राम बच्छई में सेवई प्राथमिक विद्यालय में चाहरदिवारी का निर्माण। | 1625600.00 | 5000.00 | 32600.00 | तीन माह |
| 5 | बरही | रसोईधमना पंचायत के लस्करी गाँव में उस्मान मियां के घर से अडवार तक नाली एवं स्लैब निर्माण। | 1323400.00 | 2500.00 | 26500.00 | तीन माह |
| 6 | बरही | पंचायत मलकोको ग्राम मलकोको में गोहमदवा टांड में सामुदायिक शेड निर्माण | 1087600.00 | 2500.00 | 21800.00 | तीन माह |
| 7 | चलकुशा | सेवाटांड पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भीखनाडीह–2 में चाहरदिवारी का निर्माण। | 1604000.00 | 5000.00 | 32100.00 | तीन माह |
| 8 | ईचाक | ग्राम अलौंजा कला में सुरेश तुरी के घर से लेकर नदी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 721200.00 | 1250.00 | 14500.00 | दो माह |
| 9 | पदमा | पंचायत–पिण्डारकोण, ग्राम–करर में रूपलाल महतो के घर से जगदीश महतो के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 786700.00 | 1250.00 | 15800.00 | दो माह |
| 10 | कटकमसांडी | ग्राम पंचायत रेबर में ग्राम बलिया, महेश सिंह के घर से नहर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 890600.00 | 1250.00 | 17900.00 | तीन माह |
| 11 | कटकमसांडी | कंसार पंचायत अन्तर्गत हरिजन मुहल्ला में शशिराम के घर से विजय सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 810700.00 | 1250.00 | 16300.00 | तीन माह |
| 12 | केरेडारी | पेटो पंचायत के ग्राम पेटो में बशीर मियां के घर से तीजन राम के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1048800.00 | 2500.00 | 21000.00 | तीन माह |
| 13 | बड़कागाँव | ग्राम सिरमा पंचायत में मोहम्मद संजर के घर से सिरमा मदरसा तक नाली एवं पी0सी0सी0 निर्माण। | 1595500.00 | 5000.00 | 32000.00 | तीन माह |
| 14 | विष्णुगढ़ | पंचायत कसुम्भा में गिदरगढ़वा में स्नानघाट का निर्माण। | 956500.00 | 1250.00 | 19200.00 | तीन माह |
| 15 | विष्णुगढ़ | पंचायत गैड़ा के ग्राम बोकना में खेड़ो नदी में छठ घाट एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 497600.00 | 750.00 | 10000.00 | दो माह |
| 16 | विष्णुगढ़ | पंचायत–गाल्होबार, ग्राम–गाल्होबार में मध्य विद्यालय, गाल्होबार पक्की सड़क से सिमरबेड़ा नदी पुल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1321600.00 | 2500.00 | 26500.00 | तीन माह |
| 17 | डाडी | पंचायत कनकी के होसिर ग्राम में ढक्कन सहित नाली निर्माण का कार्य आजाद मियां के घर से इमामबाड़ा होते हुए नसिम मियां के घर तक लगभग 500 फिट साथ ही पेभर ब्लॉक बिछाने का कार्य लगभग 6600 वर्गफिट | 802500.00 | 1250.00 | 16100.00 | तीन माह |
| 18 | डाडी | टोंगी पंचायत के अन्तर्गत बुण्डु में रामगढ़ रेलीगडा मुख्य मार्ग से रामदेव मांझी के घर तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण। | 998400.00 | 1250.00 | 20000.00 | तीन माह |
| 19 | कटकमदाग | वार्ड नं0–33 में कुसुम्देव नगर में पवन सिंह के घर से ठाकुर दयाल साव भाया रंजीत कुमार के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2185300.00 | 5000.00 | 43800.00 | चार माह |

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 308708 District (23-24)_D



**महत्वपूर्ण न्यूज**

### ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, झाड़ियों में बरामद हुआ शव

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पश्चिम बंगाल-झारखंड बॉर्डर के डिबूडीह चेक पोस्ट पर पार्किंग के समीप झाड़ियों से सोमवार की सुबह गंभीर रूप से घायल एक युवक को बरामद किया गया। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से उसे पहले चिरकुंडा के लाइफ लाइन नर्सिंग होम ले जाया गया। जहां स्थिति बिगड़ती देख धनबाद रेफर कर दिया गया। पर धनबाद अस्पताल ले जाने के क्रम में ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान छोटू के रूप में हुई है। वह कुमारधुबी स्थित गाड़ीखाना का रहने वाला था। वह पेशे से ट्रक चालक था। घटना की खबर जंगल में लगी आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गयी। इसकी जानकारी पुलिस को दी गयी। कुछ घंटे में पुलिस भी पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस बाबत कयास लगाये जा रहे हैं कि स्थानीय होने की वजह से छोटू घटनास्थल के समीप अपनी गाड़ी खड़ी कर उसी में सो गया। वहीं क्षेत्र में चर्चा है कि छोटू जब अपनी गाड़ी में सोया था तभी कुछ स्थानीय युवकों से उसकी नोंकझोंक भी हुई थी। जिसके बाद उक्त घटना घटित हुई।

### डीजीएमएस और डीडीएमएस ने ग्रामीणों की शिकायत पर किया कारो परियोजना का निरीक्षण

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के कारो परियोजना में डीजीएमएस अधिकारी नरेश तेजावत एवं डीडीएमएस अधिकारी एनपी देवड़ी ने ग्रामीणों की शिकायत पर निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने माइंस में ब्लास्टिंग को लेकर शिकायत की थी। इस पर अधिकारियों ने कारो परियोजना की यथा स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद करगली रेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कारो क्षेत्र के ग्रामीणों ने परियोजना से संबंधित कुछ शिकायत मिली थी, जिसके आलोक में निरीक्षण किया गया है। कहा कि ग्रामीणों के साथ मिलकर परियोजना का निरीक्षण किया और रिकॉर्ड की भी जांच की। जिसमें पाया गया कि लगभग तीन माह से ब्लास्टिंग का काम रुका हुआ है। उन्होंने कहा कि कुछ खामियां पाई गई है। उसके लिए जो कानूनी प्रावधान है उसके तहत कार्रवाई की जाएगी। शिकायतकर्ताओं ने ब्लास्टिंग के साथ नौकरी, मुआवजा पूर्णवास आदि की मांग को लेकर भी लिखित दिया था। मगर यह सब हमारे दायरे में नहीं आता है। इस मौके पर बीएंडके जीएम एमके राव, कारो पीओ सतेंद्र कुमार, करगली पीओ अरविंद शर्मा, एसओ सेफ्टी सौरभ कुमार सिंह, कारो मैनेजर जीएन सिंह आदि मौजूद थे।

## बेटे ने लाठी से पीट-पीट कर की पिता की हत्या, गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जैनामोड़/बेरमो।** जरीडीह थाना क्षेत्र के आराजू पंचायत अंतर्गत चालमुंडरी टोला में कलियुगी बेटे द्वारा नशे में धूत होकर अपने ही पिता की लाठी से पीट-पीट कर हत्या कर दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान बुधन सिंह (60) के रूप में हुई है। वहीं, पुलिस ने आरोपित बेटे को गिरफ्तार कर लिया है। उसका नाम अर्जुन सिंह है। जानकारी के मुचाबिक अर्जुन पैसों के लिए हमेशा अपने पिता बुधन सिंह को तंग किया करता था। वह कई बार पिता को जान से मारने की धमकी भई दे चुका था। कुछ दिन पहले ही अर्जुन ने दूसरे प्रदेश में काम करने की नियत से जमीन बेच कर मोटी रकम की मांग की थी। पर पिता बुधन ने उसे पैसे देने से साफ इन्कार कर दिया। इसी बात से क्रोधित अर्जुन ने रविवार की शाम को अपने चालमुंडरी घर में ही लाठी से पीट पीट कर पिता की हत्या कर दी। उधर, घटना की जानकारी मिलने पर जरीडीह पुलिस रात में ही घटनास्थल पर पहुंच गई। शव को कब्जे में लेकर थाना ले आई। सोमवार को पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए परिजन को सौंप दिया। वहीं, कांड के आरोपित अर्जुन सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जरीडीह थाना प्रभारी अमित राय ने बताया कि पूरे मामले की तहकीकात की जा रही है। इसके बाद कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों को मिला प्रशिक्षण

**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** एग्यारकुंड प्रखंड सह अंचल कार्यालय में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के निमित्त एग्यारकुंड के सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक के लिए सोमवार को बीडीओ विनोद कुमार कर्मकार की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। बीडीओ ने कहा कि मतदाता सूची का शत प्रतिशत भौतिक सत्यापन 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक किया जाना है। इस क्रम में मतदाता सूची को समावेशी एवं त्रुटि रहित बनाना निर्वाचन तंत्र का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए एक लक्षित मतदाता पहुंच पहल है। बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि इस बार प्रस्तावित लोकसभा-विधानसभा चुनाव में प्रत्येक मतदान केंद्र में 80 फीसदी से अधिक मतदान हो इसके लिए मतदाताओं में जागरूकता करने को लेकर स्वीप कार्यक्रम, चुनावी पाठशाला को सशक्त करें, ताकि मतदान की प्रतिशत में बढ़ोतरी हो। इस अवसर पर प्रभारी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी गोपाल चंद्र गोराई, निर्वाचन ऑपरेटर अमित तिवारी, छत्रधारी किस्कू, अनीता देवी, गीता देवी, ममता देवी , मो सलीम, सविता राय, माधव चंद्र सूत्रधर, शोभा कुमारी, सरस्वती तिग्गा, पुष्पा देवी, धीरेंद्र नाथ तिवारी, तुला बॉउरी, सरोज देवी, चंदन मिश्रा, कालीचरण आदि थे।

### नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण अभियान, अस्थायी दुकानों को हटाया

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नगर निगम दुर्गा पूजा को देखते हुए शहर को साफ और अतिक्रमण मुक्त बनाने में जुट गया है। सोमवार को शहर के आईआईटी आईएसएम गेट से लेकर हीरापुर तक निगम की टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची। अतिक्रमणकारियों को निगम द्वारा पहले से ही नोटिस दिया गया था। इस दिन निगम की ओर से कई अवैध दुकानों को तोड़ दिया गया। साथ ही सड़क के दूसरे साइड के दुकानदारों को तीन दिनों का समय दिया गया, ताकि दुर्गापूजा में शहर को साफ और अतिक्रमण मुक्त रखा जा सके। वहीं नगर निगम के अधिकारी ने बताया कि लगातार अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चला रहा है। कई दुकानदारों को सड़क से उनकी दुकानों को हटाने के लिए पहले ही नोटिस दिया गया था। जिन लोगों ने अपनी दुकान खुद से नहीं हटाया उसपर कार्रवाई की गई।

### कार्रवाई : बलियापुर में उत्पाद विभाग ने किया अंग्रेजी शराब की अवैध मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़

# 15 लाख रुपये की नकली शराब जब्त, बिहार भेजने की थी तैयारी

- ब्रांडेड कंपनी के रैपर और ढक्कन भी बरामद, जांच शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता





**धनबाद।** बलियापुर थाना क्षेत्र के गुलूडीह बस्ती में उत्पात विभाग ने छापामारी कर वहां संचालित अवैध नकली शराब की मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए भारी मात्रा में नकली अंग्रेजी शराब जब्त किया। इससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि संभवतः दुर्गापूजा में इसे बाजार में बेचा जाना था। बताया जा रहा है कि धनबाद उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी। जिसके बाद रविवार की देर रात छापामारी की गई है। बरामद नकली शराब की अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये है। नकली शराब को एक विरान घर से जब्त किया गया है। इस बाबत सोमवार को जानकारी देते हुए उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर बलियापुर थाना क्षेत्र के गुलूडीह बस्ती में छापामारी कर भारी मात्रा में नकली शराब जब्त किया गया है। जिसे अवैध कारोबारियों द्वारा बिहार भेजने की तैयारी थी। हालांकी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस पता लगाने में जुटी है कि शराब के अवैध कारोबार में कौन-कौन लिप्त है। पुलिस की मानें तो मौके से भारी मात्रा में मैकडॉवेल नंबर वन के ढक्कन और रैपर भी बरामद किये गए हैं। इससे अंदेशा जताया जा रहा कि उक्त अवैध शराबों को दुकानों में भी खपाया जाता होगा। हालांकि उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर ने बताया कि सभी दुकानों की जांच की जा रही है, ताकि दुर्गा पूजा में लोगों को नकली शराब का सेवन ना करना पड़े।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 10 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in



## न्यूज रील्स

### गाजा पट्टी के लोगों को अब भूख से मार रहा इजरायल

**यरूशलम।** हमास से जारी युद्ध के बीच इजरायल ने गाजा पट्टी के पास संपूर्ण नाकाबंदी के प्रयास तेज कर दिये हैं। इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा कि इसके तहत भोजन और ईंधन की पहुंच को भी रोका जा रहा है। साथ ही अधिकारियों की ओर से बिजली आपूर्ति भी ठप की जा रही है। इस तरह कह सकते हैं कि गाजा पट्टी के लोगों को इजरायल ने अब बम और भूख से मारने की तैयारी कर ली है।

### हीरो मोटोकॉर्प के चेयरमैन के खिलाफ एफआइआर दर्ज

**नयी दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सोमवार को हीरो मोटोकॉर्प के चेयरमैन पवन कांत मुंजाल के खिलाफ एफआइआर दर्ज की है। वसंत कुंज पुलिस स्टेशन में हीरो मोटोकॉर्प, पवन मुंजाल और तीन अन्य के खिलाफ जालसाजी के आरोप में यह केस दर्ज किया गया है। हीरो मोटोकॉर्प और पवन मुंजाल के खिलाफ यह एफआइआर 2010 से पहले के एक पुराने मामले में की गयी है।

# कुवी और देसिया भाषाओं पर तीन दिवसीय परिवर्तनकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन

**कार्यक्रम में ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षकों और कोरापुट के कई ब्लॉकों के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों ने भाग लिया।**



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केन्द्रीय विश्वविद्यालय ने प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के लिए कुवी और देसिया भाषाओं पर तीन दिवसीय परिवर्तनकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया है। कोरापुट जिले में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को सशक्त बनाने और कुवी और देसिया भाषा छात्रों के शैक्षिक अनुभव को बढ़ाने के लिए, ओड़िशा केन्द्रीय विश्वविद्यालय कोरापुट और क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान (आरआई) एनसीईआरटी भुवनेश्वर ने संयुक्त रूप से कुवी और देसिया भाषाओं पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। ओड़िशा केन्द्रीय विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम आज से शुरू हो गया है और यह अगले 11 तारीख तक चलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य 60 प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के लक्ष्यों के अनुरूप कुवी और देसिया भाषाओं में प्राथमिक शिक्षा में पढ़ाने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल से लैस करना है, जो स्थानीय भाषाओं के महत्व पर जोर देती है। प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी, माननीय कुलपति, ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने अपनी शुभकामनाएं दीं और एनईपी 2020 में उल्लिखित मातृभाषा के प्रचार, प्रसार और संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में एनसीईआरटी ने हिस्सा लिया था। इस अवसर पर आरआईई के अध्यक्ष प्रोफेसर पीसी अग्रवाल, ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट के भाषा स्कूल के रजिस्ट्रार प्रोफेसर एनसी पांडा और 10 भाषा विशेषज्ञ (ईआरपी) उपस्थित थे। प्रोफेसर अग्रवाल ने शिक्षा के बदलते दृष्टिकोण और समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला और सतत राष्ट्रीय विकास के लिए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संस्कृति और भाषा साथ-साथ चलते हैं और छात्रों को उनकी मातृभाषा में पढ़ाने से समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देने के साथ-साथ शिक्षा के स्तर को बढ़ाया जा सकता है। प्रोफेसर अग्रवाल ने इस संबंध में माननीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के प्रयासों की सराहना की। प्रोफेसर दिनेश प्रसाद सकलानी, एनसीईआरटी निदेशक, प्रो बीके पांडा, डॉ महेंद्र कुमार मिश्रा और अन्य के योगदान की भी सराहना की।

प्रोफेसर एनसी पांडा ने बच्चों के लिए सूचना के एक महत्वपूर्ण स्रोत के रूप में मातृभाषा के महत्व पर जोर दिया और शिक्षा के क्षेत्र में एनईपी 2020 की परिवर्तनकारी क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने मातृभाषा के माध्यम से शिक्षा में भारतीय ज्ञान प्रणाली की प्रभावशीलता पर भी प्रकाश डाला। डॉ रश्मिरेखा सेठी, एसोसिएट प्रोफेसर, आरईई, एनसीईआरटी भुवनेश्वर ने स्वागत भाषण दिया और प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। डॉ कपिला खेमुंडू, एसोसिएट प्रोफेसर, समाजशास्त्र विभाग और कार्यक्रम के विश्वविद्यालय समन्वयक ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया और एनईपी 2020 के संदर्भ में संस्कृति, परंपरा और रीति-रिवाजों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षकों और कोरापुट के कई ब्लॉकों के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों ने भाग लिया। अन्य लोगों में जनसंपर्क अधिकारी डॉ फागुनाथ भोई, कोरापुट केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कामनू, मिलानी मित्रा, अध्यक्ष, कोरापुट नवोदय विद्यालय समिति, कोरापुट सरकारी कॉलेज के डॉ पूर्णचंद्र तांती और केंद्रीय विद्यालय कोरापुट के शिक्षक तरुण कुमार भी उपस्थित थे।

### राज्य निजी बस संघ और सरकार के बीच बैठक समाप्त

# संघ ने हड़ताल स्थगित करने का लिया फैसला



**हड़ताल को 31 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** राज्य में बस हड़ताल को कुछ दिनों के लिए स्थगित रखा गया है। निजी बस मालिक संघ ने बस हड़ताल का आह्वान को स्थगित किया। बताया गया है कि हड़ताल को 31 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। हड़ताल के संबंध में राज्य निजी बस मालिक संघ की बैठक समाप्त हो गयी है। बस मालिक संघ ने कहा कि बैठक में चर्चा सकारात्मक रही। ऑल ओड़िशा बस ओनर्स एसोसिएशन के साधारण संपादक देवेंद्र साहू ने यह जानकारी दी। सरकार ने हमारी मांगों को सुना है और कहा है कि हमारी मांगें उचित हैं। बैठक में 5-टी सचिव वी के पांडियन और परिवहन आयुक्त सहित अन्य लोग उपस्थित थे। हालांकि, निजी बस मालिक संघ ने कल से यानी 10 तारिख से राज्य में बस हड़ताल का आह्वान किया था। राज्य सरकार की लक्ष्मी बस योजना के विरोध में हड़ताल का आह्वान दिया था।

# डीएसएम और टैरिफ विनियम पर जेनरेटर की चिंता पर इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भूवनेश्वर।** एनटीपीसी ईआर-दो मुख्यालय भुवनेश्वर ने 7 अक्टूबर को पुरी में नये भारतीय विद्युत ग्रिड कोड 2023, डीएसएम और टैरिफ विनियम 2024-29 पर जेनरेटर की चिंता पर एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सभी 5 क्षेत्रीय विद्युत समितियों के सदस्य संपादक ने भाग लिया। एन एस मंडल ईआरपीसी से, के बी जगताप एनईआरपीसी से, वी के सिंह एनआरपीसी से, असित सिंह एसआरपीसी से और दीपक डब्ल्यूआरपीसी से और एनटीपीसी की ओर से पार्थ मजूमदार ईआर-दो के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक, ईआर-वन के बाबजी, डब्ल्यूआर-द्वितीय, शिवकुमार, एनआर, प्रवीण सक्सैना एसआर से, डी चट्टोपाध्याय और हाइड्रो, एसएन त्रिपाठी कार्यकारी निदेशक (वाणिज्यिक) अजय दुआ महाप्रबंधक (ओएस-एसआईआईएस) श्रीनिवास ईआर-दो स्टेशनों के महाप्रबंधक (ओ एंड एम) और सीसी और ईआर-दो मुख्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए, ईआर-दो के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पार्थ मजूमदार ने लगातार बढ़ती बिजली की मांग को देखते हुए ग्रिड स्थिरता और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए और साथ ही, हमारे देश में ऊर्जा पोर्टफोलियो में नवीकरणीय ऊर्जा की ओर संरक्षण के लिए हितधारकों जैसे जनरेटर, पारेषण और वितरण कंपनियों, एस एलडीसी, आरएलडीसी, आरपीसी के बीच समन्वित प्रयास की आवश्यकता पर जोर दिया। नये आईईजीसी 2023, डीएसएम के कार्यान्वयन, इस नये ग्रिड कोड पर एक जनरेटर के रूप में एनटीपीसी की चिंताओं और तकनीकी-वाणिज्यिक चुनौतियों और आगामी टैरिफ विनियम 2024-29 पर गहन विचार-विमर्श किया गया। पहली बार एनटीपीसी में इस तरह का एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया था जिसमें सभी आरपीसी के सदस्य संपादक, एनटीपीसी के क्षेत्रों के ईआर-द्वितीय के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी वाणिज्यिक के प्रमुख, ओएस-एसआईआईएस और एनटीपीसी के ईआर-द्वितीय के ओ एंड एम के प्रमुख शामिल थे। पावर स्टेशनों ने एक साझा मंच पर भौतिक रूप से विचार-विमर्श में भाग लिया और उन चिंताओं पर ध्यान केंद्रित किया जिन्हें उचित प्राधिकारी द्वारा संबोधित करने की आवश्यकता है।

## आइआइटी में हुआ प्रथम ऑल ओड़िशा इंटर क्लब रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भुवनेश्वर में प्रथम ऑल ओड़िशा इंटर क्लब रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस खेल को बढ़ावा देने तथा राज्य भर के स्केटर्स को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, आईआईटी भुवनेश्वर ने इस चैंपियनशिप के आयोजन के लिए अपना सहयोग दिया। राज्य के कई क्लबों के 200 से अधिक स्केटर्स ने इस चैम्पियनशिप में 6 से 19 वर्ष से कम आयु वर्ग में 4 श्रेणियों अर्थात शुरूआती, फैंसी इनलाइन, प्रोफेशनल क्वाड, प्रोफेशनल इनलाइन में अपनी सहभागिता की। इस प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान कई श्रेणियों के विजेताओं को पुरस्कृत तथा प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। मौके पर आईआईटी के कुलसचिव बामदेव आचार्य ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज की और चैंपियनशिप में भाग लेने वाले स्केटर्स को प्रोत्साहित किया। खेल को बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए क्लबों और आयोजकों की सराहना भी की। आईआईटी की ओर से स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ चन्द्रशेखर भामिदिपति ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया।


# राजभाषा में काम, राष्ट्र का सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार, राजभाषा हिंदी का कार्यान्वयन प्रेरणा, प्रोत्साहन और पुरस्कार के माध्यम से किया जाना है। हमें सभी भारतीय भाषाओं का सम्मान करना चाहिए और राजभाषा हिंदी को जन-जन की भाषा बनाना चाहिए ताकि संपूर्ण भारत को एक भाषा के सूत्र में पिरोया जा सके। हिंदी ही एकमात्र ऐसी भाषा है जो कश्मीर से कन्याकुमारी तक समझी, बोली और लिखी जाती है। हम हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं के माध्यम से अपनी बातों को आसानी से पहुंचा सकते हैं। क्षेत्रीय भाषाओं की मदद से हिंदी का प्रचार-प्रसार किया



जाना चाहिए। सरकारी स्कूलों में उड़िया माध्यम से पढ़ने वाले विद्यार्थियों को हिंदी का ज्ञान प्रदान जाना चाहिए और उनके बीच हिंदी भाषा में निबंध, भाषण, समूह चर्चा, वाद-विवाद प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाना चाहिए ताकि वे भी हिंदी भाषा का ज्ञान प्राप्त करके लाभान्वित हो सकें। उक्त बातें यूको बैंक, अंचल कार्यालय, बालेश्वर के उप महाप्रबंधक और अंचल प्रमुख देबब्रत महान्ति ने कहीं। इस अवसर पर अंचल कार्यालय बालेश्वर के सहायक महाप्रबंधक और उप अंचल प्रमुख सुदीप धर ने हिंदी दिवस 2023 पर माननीय गृह और सहकारिता मंत्री ने भेजा संदेश का वचन किया तथा मुख्य प्रबंधक प्रदीप कुमार ने यूको बैंक के एमडी और सीईओ के संदेश का वचन कर सभी को अवगत कराया।































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**